दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

आयुर्वेदिक टिप्स 374 by Veddhama Foundation

वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य-सुरक्षा

वर्षाजन्य सर्दी, खाँसी, जुकाम, ज्वर आदि में अदरक व तुलसी के रस में शहद मिलाकर लेने से व उपवास रखने से आराम मिलता है। एंटीबायोटिक्स लेने की आवश्यकता नहीं पडती।

Dr. (Vaidya) Vivek Ahuja
www.drvivekahuja.in (Ayurveda & Nadi Expert)

वर्ष 37 | अंक 226 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, बुधवार, 17 अगस्त, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रमी संवत-2079

www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV

ISO Co. शक्तिशाली कीटाणुनाशक जेट फिनाईल 94162-80792

पंजाब के सीएम भगवंत मान का ऐलान

हजारों मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे, वर्ल्ड क्लास एजुकेशन देंगे; युवाओं को डिग्री के मुताबिक यहीं मिलेगी नौकरी

- सरकारी स्कूलों की स्थिति बदलने पर काम जारी
- आजादी और उसकी रक्षा में पंजाबियों का बड़ा योगदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के सीएम भगवंत मान ने कहा कि जल्द ही हजारों मोहल्ला क्लीनिक बनाए जाएंगे। जिनमें लोगों को घर के नजदीक बेहतर इलाज मिलेगा। अभी स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 मोहल्ला क्लीनिक बनाए गए हैं।

राज्य में स्कूलों की दशा भी जल्दी बदली जाएगी। यहां वर्ल्ड क्लास एजुकेशन देंगे। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोशल मीडिया के जरिए मान ने पंजाबियों से बात की। मान ने सोमवार को लुधियाना में राज्यस्तरीय समारोह के दौरान तिरंगा लहराया था।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के सरकारी स्कूलों की दशा बदलने पर काम हो रहा है। जिसमें विश्व स्तर की शिक्षा देंगे। युवाओं को डिग्री के मुताबिक पंजाब में ही रोजगार मिले, इसकी पूरी कोशिश की जा रही है। पंजाब में आम आदमी पार्टी शिक्षा और सेहत के बड़े मुद्दे पर ही सत्ता में आई है।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि देश की आजादी में सबसे ज्यादा कुर्बानी पंजाबियों ने दी। देश के बंटवारे का संताप भी पंजाब और पंजाबियों ने भोगा। सबसे ज्यादा दुख पंजाबियों ने झेले। आज भी आजादी की रक्षा के लिए सबसे ज्यादा पंजाबी बॉर्डर पर खड़े हैं। दुश्मन की गोली के आगे सबसे पहले पंजाबियों का सीना होता है। उन्होंने कहा कि राज्य की खुशहाली और तरक्की के साथ पंजाब में अमन और भाईचारा भी कायम रखेंगे।

मोहल्ला क्लीनिक में पहले दिन उमड़ी भीड़

- ब्लड और यूरिन टेस्ट के साथ-साथ 75 तरह की दवाएं मुफ्त मिलेंगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए 15 अगस्त को पंजाब में 75 मोहल्ला क्लीनिक शुरू किए। इनमें से 8 क्लीनिक अमृतसर में खोले गए हैं। मंगलवार सुबह 8 बजे से मोहल्ला क्लीनिक ने अपनी वर्किंग शुरू कर दी। एयर कंडीशन्ड क्लीनिक में मुफ्त टेस्ट और दवाएं मिलने से मरीजों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखने को मिली। लोग मोहल्ला क्लीनिक की वर्किंग से खुश नजर आए।

अमृतसर में लोग कबीर पार्क, सेवा नगर, रंजीत एवेन्यू, पिक प्लाजा, भगतांवाला, मुस्लिमगंज, जोडा फाटक और रइया में जाकर ब्लड व यूरिन के टेस्ट कराने के अलावा 72 तरह की दवाएं बिल्कुल मुफ्त ले सकते हैं। जोडा फाटक में बने मोहल्ला क्लीनिक में ओपनिंग के बाद पहले दिन दोपहर 12 बजे तक 50 के करीब मरीज इलाज करवाने पहुंचे। अन्य मोहल्ला क्लीनिक पर भी तकरीबन इतनी ही भीड़ देखने को मिली।

बाहर देने पड़ते थे पैसे

निर्मल सिंह ने बताया कि वह शूगर के मरीज हैं। उन्हें बाहर शूगर टेस्ट करवाने के लिए हर दूसरे दिन 30 रुपए खर्च करने पड़ते थे, लेकिन मोहल्ला क्लीनिक में यही टेस्ट फ्री में हो गया। 80 वर्षीय रविंदर सिंह ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक उनके घर के बिल्कुल पास है। वह अकेले ही यहां अपना इलाज भी करवाने आ गए। बीपी, शूगर टेस्ट के लिए जो पैसे बाहर देने पड़ते थे, वे अब बच जाएंगे।

टेस्ट के लिए कृष्णा लैबोरेटरी से किया टाईअप

मोहल्ला क्लीनिक में 41 तरह के टेस्ट बिल्कुल फ्री किए जा रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टर विक्रमजीत सिंह ने बताया कि यहां आने वाले मरीजों के टेस्ट सैंपल लिए जा रहे हैं। दोपहर तकरीबन 2 बजे सिविल अस्पताल में पीपीपी मोड में बनी कृष्णा लैबोरेटरी से कर्मचारी आएंगे और सैंपल इकट्ठे करके ले जाएंगे। खास बात यह है कि टेस्ट की रिपोर्ट्स जांच के बाद क्लीनिक में ऑनलाइन ही आ जाएगी।

सुबह 8 से 2 बजे तक खुले रहेंगे क्लीनिक

डॉ. विक्रमजीत ने बताया कि क्लीनिक के खुलने का समय सुबह 8 बजे का है और 2 बजे तक मरीजों को यहां देखा जाएगा। क्लीनिक का काम सही तरीके से हो, इसके लिए हर आने वाले मरीज को बाहर बैठी एएनएम टोकन दे रही है। हॉल में एसी लगे हैं, जिसके चलते मरीजों को बैठने में भी अधिक दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा। उन्हें गर्मी नहीं झेलनी पड़ रही।

पेपर लैस वर्किंग

डॉ. विक्रमजीत ने बताया कि ऑफिशियल रिकॉर्ड रखने के लिए कुछ रजिस्टर व डायरी का प्रयोग किया जा रहा है। बाकी अन्य कामों को टैब पर शिफ्ट किया गया है। मरीज की पर्ची से लेकर दवा देने तक का सारा काम टैब पर हो रहा है, जिसके चलते क्लीनिक का अधिकतर काम पेपर लैस है।

अमृतसर में इंस्पेक्टर की गाड़ी के नीचे लगाया बम

- बाइक पर आए 2 युवकों ने किया फिट, टायर के पास डेटोनेटर दिखने से चला पता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर शहर में मंगलवार को बम मिलने के बाद सनसनी फैल गई। यह बम पंजाब पुलिस के सब-इंस्पेक्टर के घर के बाहर खड़ी उसकी गाड़ी के नीचे लगा मिला। सुबह कार धोने आए युवकों ने गाड़ी के टायर के पास तार देखकर सब-इंस्पेक्टर को इसकी सूचना दी। इस घटनाक्रम की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मामला अमृतसर की सबसे पॉश कॉलोनी कहलाने वाले रणजीत एवेन्यू सी-ब्लॉक का है। यहां पंजाब पुलिस के सीआईए स्टाफ में तैनात सब-इंस्पेक्टर (एसआई) दिलबाग सिंह के घर के बाहर बम मिला। दिलबाग सिंह की गाड़ियां धोने के लिए रोज दो युवक आते हैं। मंगलवार सुबह भी मंगा और उसका साथी दिलबाग सिंह के घर के बाहर खड़ी उनकी गाड़ियां साफ कर रहे थे। इसी दौरान दोनों ने गाड़ी के पिछले पहिए के नीचे डिब्बेनुमा चीज पड़ी देखकर इसकी जानकारी दिलबाग सिंह को दी। दिलबाग सिंह जब गाड़ी के पास पहुंचे तो वहां डेटोनेटर लगा देखकर हैरान रह गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी।

दिलबाग सिंह की सूचना के बाद आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पूरी सावधानी के साथ कार के नीचे से निकालकर बम को जांच के लिए भेज दिया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि आरडीएक्स के साथ डेटोनेटर लगाकर यह बम तैयार किया गया था। पुलिस को एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मिली है जिसमें दो युवक गाड़ी के पास खड़े नजर आ रहे हैं। यह दोनों युवक बाइक पर वहां पहुंचे और बम लगाने के बाद फरार हो गए।

तरनतारन में भी मिला था ऐसा बम

सब-इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह ने कहा कि उनकी गाड़ी के नीचे लगा बम उसी तरह का है जैसा बम कुछ दिन पहले तरनतारन से मिला था। उस बम को भी आरडीएक्स के साथ तैयार किया गया था। दिलबाग सिंह ने कहा कि दोनों संदिग्ध युवक संभवत: बम को अच्छी तरह गाड़ी के नीचे फिट नहीं कर पाए और वह जमीन पर गिर गया जिसे मंगा व उसके साथी ने देख लिया। दिलबाग सिंह ने कहा कि उनकी किस्मत अच्छी थी वरना गाड़ी चलाते समय बम फट सकता था।

न्यूज़ ब्रीफ

हादसे में बच्ची समेत 4 लोगों की मौत, 6 घायल

सिरसा (अप्रस)। हरियाणा के कालांवाली और पंजाब के रमामंडी से सटे गांव नारंग में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में बठिंडा के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक बच्ची भी है। दुर्घटना में 6-7 व्यक्ति घायल भी हुए हैं, जिनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ये सभी राजस्थान के गोगा मेड़ी से बठिंडा लौट रहे थे। हादसे को लेकर कालांवाली पुलिस छानबीन में लगी है। बताया गया है कि बठिंडा में कबाड़ मजदूर का काम करने वाले कुछ परिवार पिकअप गाड़ी में राजस्थान के गोगा मेड़ी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए थे। पिकअप गाड़ी में 20 लोग सवार थे। कुछ लोगों को पिकअप गाड़ी के पिछले हिस्से में दूसरी छत बनाकर बैठाया गया था।

टेंशन ख़ल्लास

देश का जन जन बोल रहा,
तिरंगे का न हो अपमान।
इसकी आन बान शान में,
दाव पर लगे भले जान।
-अर्थ प्रकाश

हिमाचल में आज से 3 दिन का येलो अलर्ट: मानसून में अब तक 200 की मौत

- 140 सड़कें अवरूद्ध, 1001 करोड़ की संपत्ति तबाह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल में मानसून की बारिश जान और माल को भारी नुकसान पहुंचा है। राज्य में बीते 48 दिनों में 200 लोगों की जान सड़क हादसों, बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन इत्यादि से हो चुकी है। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 34 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 377 लोग घायल हुए है। वहीं सात व्यक्ति लंबे समय से लापता चल रहे हैं। मानसून की भारी बारिश से 1003 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति भी बरसात की भेंट चढ़ गई है। लोक निर्माण विभाग को सबसे ज्यादा 569 करोड़ की चपत मानसून सीजन में लग गई है। जल शक्ति विभाग को 409 करोड़ और बिजली बोर्ड को 68 लाख रुपए का नुकसान हो गया है।

प्रदेश में दो दिन से हो रही बारिश की वजह से सिरमौर में एनएच 707 समेत 128 सड़कें और 382के करीब बिजली के ट्रांसफॉर्मर बंद पड़े हैं। कुल्लू जिला में सबसे ज्यादा 184 ट्रांसफॉर्मर बंद पड़े है।

इसी तरह चंबा में सबसे ज्यादा 54 सड़कें अवरुद्ध है। सड़कें बंद होने से ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दूर दराज के कई ग्रामीण इलाकों में सड़कों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

जब कही न हो काम तो हमसे लें समाधाान, क्योंकि हमारा काम ही हमारा चैलेंज है।
मिर्ज़ा जी भारती
WORLD FAMOUS 27 सालों से इसी पते पर।
09915332233
क्या आप परेशान हैं? तो एक बार अवश्य मिलें। जैसे कि औलाद कहने में न होना, पढाई में दिल न लगना या फ़ेल हो जाना, मनचाहा प्यार, शादी में रूकावट, पती-पत्नी में अनबन, सास - बहु में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, संतानहीनता, नौकरी कारोबार, विदेश यात्रा व विज़ा में रुकावट, सभी समस्याओं के लिए आज ही मिलें और तुरन्त 101% लाभ उठाऐं।
वशीकरण, मुठकरनी व कारोबार के स्पैशलिष्ट
FRIDAY OFF
नोट:- प्यार में चोट खाए प्रेमी व प्रेमिकाएं एक बार अवश्य मिलें आपका प्यार टूटने नहीं दूँगा
IT's MY PROMISE
S.C.O. 1129, FF, केबिन नं0 19, पंतजलि के ऊपर सैक्टर 22.B चंडीगढ़। (आरोमा पट्रोल पंप के पास)

दहेज मामला: पिता गिरफ्तार, मां ने लगाई अग्रिम जमानत, बेटा आस्ट्रेलिया में नहीं उठा रहा फोन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। भले ही पढ़ लिख कर लोगों ने तरक्की कर अपने पर आधुनिक समाज का ठप्पा लगवा लिया हो लेकिन बावजूद इसके किस तरह से दहेज के मामले दर्ज हो रहे हैं, इसकी न केवल ताजातरीन मिसालें देखने को मिल रही हैं बल्कि कई लोगों के चरित्र के गिरने के प्रमाण भी सामने आ रहे हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर 40- ए के परिवार पर दहेज को लेकर चंद दिन पहले शादीशुदा लड़की को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज हुआ है। लड़के के परिजनों पर मोहाली के फेज एक थाने में आईपीसी के सेक्शन 406, 420 व 498 के तहत मामला दर्ज हुआ है। मामला दर्ज होने के बाद मोहाली पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया है। उधर लड़के की मां ने सेशन कोर्ट मोहाली में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी जिसे नामंजूर कर दिया गया और अब उसने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी लड़का फिलहाल आस्ट्रेलिया में है जो न अपनी पत्नी का व न ही उसके परिजनों का फोन उठा रहा है। लड़की के परिजनों का आरोप है कि वह जानबूझ कर ऐसा कर रहा है। उनकी बेटी व उनके साथ परिवार के साथ लड़के व उसके परिजनों ने सरेआम धोखा किया है। उनसे आस्ट्रेलिया में मकान खरीदने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की जा रही है।

भले ही समाज ने पढ़ाई लिखाई कर तरक्की कर ली हो लेकिन अभी भी दहेज के मामलों को लेकर समाज पिछड़ा ही है। मोहाली के फेज एक थाने में इसी तरह का एक मामला दर्ज हुआ है। पुलिस थाने से व लड़की के पिता एडवोकेट कृष्ण कुमार गोयल से मिली जानकारी के मुताबिक उनकी बेटी की 16 अप्रैल 2022 को मोहाली के एयरपोर्ट रोड पर स्थित दुल्लत मैरिज रिसॉर्ट में शादी हुई थी। लड़के के परिजनों ने शादी से पहले बातचीत के दौरान बताया था कि लड़के को आस्ट्रेलिया में पीआर मिली हुई है। इसी बिनाह पर लड़की के पिता कृष्ण कुमार गोयल व अन्य परिजनों ने बेटी की शादी कर दी। 10 मई 2022 को लड़का शिवम जैन आस्ट्रेलिया चला गया। पत्नी को वह यहीं अपने 40 ए के मकान नंबर 148 में छोड़ गया। जाने से पहले उसने कहा था कि आस्ट्रेलिया में नई जॉब ज्वाइन करनी है, उसके बाद ही आगे की योजना पर विचार करुंगा। कृष्ण कुमार गोयल का आरोप है कि आस्ट्रेलिया जाकर शिवम गोयल ने अपनी पत्नी व उनकी बेटी का फोन उठाना बंद कर दिया। इतना ही नहीं उसने बेटी का व उनके परिजनों का फोन भी ब्लॉक कर दिया ताकि उससे किसी प्रकार संपर्क न कर सकें। जब इस सारे प्रकरण को लेकर लड़के के मां-बाप से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बेटे को आस्ट्रेलिया में घर खरीदना है लिहाजा आप 50 लाख रुपये इसके लिए तुरंत दो। जब उन्होंने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो मां-बाप कुछ कुछ कहने लगे। लड़की के परिजनों ने पहले तो मामला सुलटाने की कोशिश की लेकिन जब लड़के के परिजनों का रवैया देखा तो थक हार कर मोहाली वूमैन सेल में शिकायत दी। वूमैन सेल के डीएसपी ने सारे प्रकरण की जांच की जिसके बाद 25 जुलाई को इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया। इसके बाद मोहाली फेज एक के थाने की पुलिस हरकत में आई और लड़के के पिता को गिरफतार कर लिया गया। लड़के की मां ने गिरफतारी से बचने को मोहाली के सेशन कोर्ट में अंतरिम जमानत अर्जी लगाई लेकिन यहां यह कैंसिल हो गई। अब यह अर्जी हाईकोर्ट में लगी है जिस पर जल्द सुनवाई है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले में लड़के की मां से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

न्यूज ब्रीफ

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाया आजादी अमृत महोत्सव

गन्नौर (सुरेन्द्र कुमार)। भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर द्वारा गीता विद्या मंदिर पुरखास में मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंग रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने माहौल को देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत कर दर्शकों का मनभावन माहौल प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण सिंघल का बुक्के देकर स्वागत किया गया सिंघल ने बच्चों को अपने कर्तव्य और देश के प्रति निष्ठावान रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती गीता व भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा की ओर से बच्चों को पुरस्कार और खाने पीने की व्यवस्था का मातृशक्ति डॉक्टर शशीकांत शर्मा, पूजा त्यागी,तुषार त्यागी, चांद रूप वर्मा, सुभाष सरोहा, पवन जिंदल, करूण देव सिंह, के सहयोग से संपन्न किया गया।

कोहिनूर माय छोटा स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

गन्नौर (सुरेन्द्र कुमार)। बेगा रोड स्थित कोहिनूर माय छोटा में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया इस मौके पर राहुल शर्मा मुख्य अतिथि का स्कूल संचालक सौरभ त्यागी ने बुक्का देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुई बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर अपनी देश को हरा भरा रखने का प्रण दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की जिस प्रकार से हमारे देश प्रेमियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हर प्रकार की कुर्बानी देकर देश को आजाद कराया था ठीक उसी प्रकार से हमे भी वक्त की नजाकत को समझकर पर्यावरण को शुद्ध स्वच्छ बनाए रखने का प्रण लेना होगा जिसके लिए चाहे हमे किसी भी तरह से अपनी निजी स्वार्थ की कुर्बानी देनी पड़े। इस मौक पर बच्चों ने रंगा रंग प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान सौरभ भारद्वाज ने बच्चों को बच्चों को उनके जीवन में 15 अगस्त का महत्व और जीवन में जीवन के पथ पर कामयाब होने वाले रास्ते को बताते हुए सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वहां पर उपस्थित अध्यापिका श्रीमती ममता कौशिक, दीक्षा शर्मा, मुकेश त्यागी, वीरेंद्र त्यागी व गौरव त्यागी, कौशल त्यागी जिन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ भारद्वाज ने बच्चों को बच्चों को उनके जीवन में स्वतंत्रता दिवस का महत्व और जीवन के पथ पर कामयाब होने वाले रास्ते को बताते हुए सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वहां पर उपस्थित अध्यापिका ममता कौशिक , दीक्षा शर्मा , मुकेश त्यागी, वीरेंद्र त्यागी व गौरव त्यागी, कौशल त्यागी ने बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न व शॉल भेंट कर किया सम्मानित

सोनीपत, 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगाँठ भारतीय जनता पार्टी ने कामनवैल्थ खेलों में कांस्य पदक जीतकर लौटी महिला हॉकी खिलाड़ियों के साथ ध्वजारोहण किया तथा खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न व शॉल भेंट कर सम्मानित करते हुए मनाया गया। ओल्ड इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित हॉकी ग्राऊंड में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की तरफ से कांस्य पदक जीतने वाले टीम की सदस्य नेहा गोयल, ज्योति, शर्मिला, निशा तथा कोच प्रीतम सिवाच को बधाई दी और आने वाले ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक लाने के लिए शुभकामनाएँ दी। दोनों नेताओं ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि हॉकी ग्राऊण्ड की सभी समस्यायें मुख्यमंत्री के सामने रखी जाएगी।

खेल मंत्री संदीप सिंह ने मिनी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स गोहाना में फहराया तिरंगा

शहीद सैनिकों की अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर की गई 50 लाख, 347 आश्रितों को दी गई नौकरी

- स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना (सोनीपत), 16 अगस्त। हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह ने गोहाना के मिनी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में आयोजित 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए वीर स्वतंत्रता सेनानियों व अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत स्वच्छंद हवा में सांस ले रहे हैं। इसलिए हमें हमेशा अपने सेनानियों व शहीदों को याद रखना चाहिए। उन्होंने आजादी के बाद राष्ट्र की एकता व अखंडता की खातिर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों को भी नमन किया।

उपमंडल स्तर पर शहीद मदनलाल धींगड़ा पार्क के निकट स्थापित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए हरियाणा के खेल एवं युवा मामलें के मंत्री संदीप सिंह ने इतिहास की चर्चा करते हुए शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को सलाम किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा की अनूठी मुहिम चलाई है। हरियाणावासियों ने उसी जोश और जज्बे के साथ अपने 60 लाख घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिस जोश व जज्बे के साथ हम अपने जवानों को सरहद पर भेजते आये हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि हम अपने शहीदों के बलिदान का कर्ज तो नहीं चुका सकते किंतु उनके परिजनों की देखभाल करके उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जता सकते हैं। प्रदेश में भूतपूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों के कल्याण के लिए सैनिक व अर्द्ध सैनिक कल्याण विभाग का गठन किया है। युद्ध के दौरान शहीद हुए सेना के जवानों व अर्द्ध सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। आईईडी ब्लास्ट के दौरान शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक की गई है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक शहीद सैन्य व अर्द्ध सैनिक बलों के 347 आश्रितों को नौकरी दी गई है। खेल मंत्री संदीप सिंह ने खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा किये गये ऐतिहासिक प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जो खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाता है। ओलंपिक व अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को सबसे अधिक ईनाम राशि हरियाणा दे रहा है। हाल ही में हुए कॉमनवैल्थ गेम्स में भारत ने 61 पदक जीते जिनमें से अकेले हरियाणा के नाम 20 पदक रहे। इनमें 17 पदक निजी तथा तीन पदक टीम इवेंट के शामिल रहे। स्वर्ण पदक विजेताओं को डेढ़ करोड़ व रजत पदक विजेता को 75 लाख और कांस्य पदक जीतने वालों को 50 लाख रुपये की राशि दी जाती है। वर्तमान सरकार ने खिलाड़ियों को 335 करोड़ रुपये से अधिक के नगद पुरस्कार दिए हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर मेयर निखिल मदान ने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों में की शिरकत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत 16 अगस्त। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत कर निगम वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी। नगर निगम कार्यालय के प्रांगण में मेयर निखिल मदान द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इस दौरान निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह सहित नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने कहा कि निगम कार्यालय में प्रथम बार ध्वजा रोहण का कार्यक्रम हुआ हैं जो बड़े ही हर्ष और गर्व का विषय हैं। साथ ही आज हम सबको देश के सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद करना चाहिए जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की अनेकों यातनाये सहने के बाद अपना बलिदान दिया। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी निगम कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा में भाग लिया और सुभाष चौक से शहीद स्मारक तक पदयात्रा कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 15 आर डब्ल्यू ए द्वारा सेक्टर 15 कम्युनिटी पार्क में, स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर में, राठधना में जागृति शिक्षा सदन स्कूल और होली चाइल्ड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में भी ध्वजा रोहण कर लोगों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने होली चाइल्ड स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और बच्चों का हौंसला बढ़ाया। मेयर निखिल मदान ने स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय युवा संगठन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में पहुंच कर सभी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया।

ग्रामीण शिक्षण स्नातकोतर महाविद्यालय में मधुर यादें कार्यक्रम

टोहाना 16 अगस्त (सुरेश) ग्रामीण शिक्षण स्नातकोतर महाविद्यालय जमालपुर शेखां में शिक्षण सत्र 2020-2022 बीएड द्वितीय वर्ष व डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम मधुर यादें आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय के चेयरमैन बलदेव सिंह ग्रोह, निदेशक श्रीराम सिंह बुडानिया व प्रशासकओम प्रकाश गोयल उपस्थित रहे व वशिष्ठ अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ उच्च माध्यमिक विद्यालय दमकौरा के प्रधानाचार्य गुरलाल सिंह व तरसेम मितल (पंजाबी प्रवक्ता) ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. देव प्रकाश व स्टाफ ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माँ के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके बाद बीएड व डीएड के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। कार्यक्रम का मंच संचालन बीएड द्वितीय वर्ष की मोनिका रानी व विक्रम ने किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका निखिल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य इन्द्रजीत सिंह व प्रवीण कुमार लांबा ने अदा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियो ने मंच पर भागड़ा, गिद्दा, हरियाणवी डांस से सबका मन मोह लिया तथा विभिन्न कलाओं के माध्यम से पंजाबी व हरियाणी संस्कृति का मंच पर सजीव चित्रण किया। निर्णायक मंडल के अनुसार मि.फैयरवेल द्वितीय वर्ष से विक्रम कुमार व मिस फैयरवेल निशा रानी, मि.पर्सनैलिटी बीएड द्वितीय वर्ष से कृष्ण कुमार व मिस पर्सनैलिटी बीएड प्रथम वर्ष से नीरू रानी तथा स्टार ऑफ दॉ डे रविदीप सिंह को चुना गया। लक्ष्मी और ग्रुप, नीलम (डीएलएड द्वितीय वर्ष) मोनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता रेनू रानी, प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, प्रवीण कुमार, राजकुमार, टेकराम, हरजिन्द्र कौर, सुनीता, पूनम, सुरेन्द्र कुमार, गुड्डी, फातिमा आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

राज्य मंत्री अनुप धानक ने नरवाना की नई अनाज मंडी मेला ग्राउण्ड में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

नरवाना, 16 अगस्त। जिला स्तरीय 76 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नरवाना की नई अनाज मण्डी मेला ग्राउण्ड के प्रांगण में मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यातिथि श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनुप धानक ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने नवदीप स्टेडियम में शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रदांजलि दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व डीएसपी जितेन्द्र सिंह खटकड ने किया। उनके नेतृत्व में हरियाणा पुलिस पुरूष एवं महिला वर्ग, होमगार्डस, केएम कॉलेज की सीनियर डिविजन लडकी एवं लडके, आईटीआई नरवाना एनसीसी विंग्ज, ज्ञान सागर आईटीआई एनसीसी विंग, हिन्दूस्तान स्काउटस एवं गाईडस एनपीएस डाहोला की टुकडियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट के वक्त जाईट कॉन्वेंट स्कूल जींद के छात्रों द्वारा बैंड की धून बजाई गई। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनुप धानक ने समारोह को सम्बोन्धित करते हुए कहा कि जो कौमें अपने सेनानियों, शहीदों एवं पूर्वजों को याद रखती हैं, उनका अस्तित्व हमेशा जिंदा रहता है। इसी उद्देश्य से सन 1857 की क्रांति के शहीदों की स्मृतियों को सहेजने के लिए अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

कैथल के विधायक लीला राम ने गन्नौर नई अनाज मण्डी में किया ध्वजारोहण

- देश को आजाद करवाने वाले वीर सपूतों को याद करने व तिरंगे के सम्मान में पूरा देश में चलाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभ्यिानः विधायक लीला राम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गन्नौर (सोनीपत), 15 अगस्त। नई अनाज मण्डी गन्नौर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैथल के विधायक लीला राम ने ध्वजारोहण करते हुए देश की आजादी के लिए लडने वाले क्रांतिकारियों एवं राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए शहीद हुए बलिदानियों को नमन किया। साथ ही उन्होंने जिला एवं प्रदेश सहित समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की बधाई दी। इसके पहले उन्होंने शहीद स्मारक में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किये गये स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों व वीरांगनाओं को मुख्यातिथि विधायक लीला राम ने चद्दर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

भाजपा नेता माईराम कौशिक ने गांव नांगल खुर्द में किया ध्वजारोहण

देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले सेनानियों-शहीदों को सदैव रखें स्मरण: माईराम कौशिक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई, 16 अगस्त। गांव नांगल खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में राई के विधायक मोहन लाल बड़ौली के छोटे भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि गुलामी की बेड़ियों से आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले शहीदों को सदैव स्मरण रखें। माईराम कौशिक ने कहा कि आज का दिन हमें उन वीर सपूतों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। पूरा देश आज उनके प्रति नतमस्तक है। इस गौरवमयी मौके पर ध्वजारोहण करना एक विशेष अनुभूति है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस, रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद सहित देश पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले हजारों बलिदानियों को देश हमेशा याद करता रहेगा। राष्ट्र के सामाजिक एवं राजनैतिक उत्थान में महात्मा गांधी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल, डा. भीमराव अंबेदकर, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित अनेक राष्ट्रभक्तों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि देश को आजाद करने वाले वीर सपूतों व आजादी के बाद देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को याद करने और उन्हें नमन करने के लिए आज पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत आयोजित कार्यक्रमों में हमारे वीर योद्धाओं के बलिदानों के बारे में आज की पीढी को बताया जा रहा है ताकि वे उनके जीवन से शिक्षा लेकर देश को आगे ले जाने में अपनी भूमिका निभा सकें।

क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

ज्योतिष

बाबा फरीद बंगाली! काले इल्म वाले महा वशीकरण, महा मुठकरनी , मनचाहा वशीकरण करवाए, मुकदमा, सौतन - दुश्मन छुटकारा, तलाक करवाए, किया - कराया , इंटर - कास्ट मैरिज . सम्पर्क करें 7618138838

F-ADVT

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
मात्र 11 घंटों में फोन पर समाधान
बाबा बंगाली
जैसे भूत प्रेत, जादू टोना, किराया कराया कारोबार में रूकावट,सौतन दुश्मन से छुटकारा वशीलकरण स्पेशलिस्ट
मेरा किया कोई पंडित, मौलवी काट दे उसे ईनाम
9536542428

AP-3487

फ्री सेवा फ्री सेवा फ्री सेवा
जिसको होगा ज्ञान वही करेगा समस्या का समाधान
गुरू शाहजी बंगाली
मनचाहा प्यार, लवमैरिज किया कराया सौतन दुश्मन से छुटकारा नौकरी कर्ज, कारोबार, ग्रह कलेश, संतान प्राप्ति, तलाक, वशीकरण व मुठकरनी स्पेशलिस्ट
रोहतक
Mb. 98121 54023

ऋण

Tata Capital Finance में पाएं 0 प्रतिशत ब्याज, 40 प्रतिशत छूट पर 24-48 घंटों में पर्सनल, होम, बिजनेस, एग्रीकल्चर, प्रॉपर्टी, मॉर्गेज लोन, टोल फ्री : 18001210478, हेल्पलाइन नं. 8102953964

F-ADVT

आदित्य फाइनेंस
(1 लाख से 50 लाख तक)
राशनकार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, मछलीपालन सभी प्रकार के लोन कम समय 2% ब्याज पर (महिलाओं हेतू विशेष छुट)
9667885501

आवश्यकता

Vacancy for One Sales Woman on Temporary Basis Golden Arrow Tarini Shop Ferozepur Cantt Application form Golden Arrow Tarini Shop Last Date 18 July 2022 Interview 20 July 2022.

F-ADVT

कुवैत और कतर हेतु सिविल फोरमैन, सैफ्टी ऑफिसर, रिंगर, कुक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कारपेंटर, स्टोर कीपर,पेंटर, जेसीबी ऑपरेटर, ड्राइवर, वेल्डर मेंशन, पाइप फिटर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन ईमेल- transasiainc92@ gmail. com संपर्क- 8850061490, 8850865072

ADVERTISING REGD कंपनी में SMS JOB करके लड़के-लड़कियां, ग्रहणी, स्टूडेंट, रिटायर्ड, घर बैठे कमाएं 21,400-31,400/-महीना मोबाइल+ सिम+ डाटा मुफ्त। Mob. 9643012536

सार्वजनिक सूचना

मैं, आर्मी नंबर-जेसी 354230ए, रैंक-सूबेदार, नाम- पंढरिनाथ बापूराव शेंद्रे, पिता श्री बापूराव शेंद्रे, पता- पोस्ट-पाचलेगाव, तहसील-जिन्तुर, जिला- परभणी, महाराष्ट्र- 431509, वर्तमान में पोस्ट - 105. Engr रेजीट सी/ओ 56 एपीओ, के-एरिया, जीरकपुर, पिनः- 140603 मेने मेरे बेटे का नाम राहुल से राहुल पंढरिनाथ शेंद्रे मे बदल दिया है। (शपथ पत्र संख्या केसी-0012653974, स्वघोषणा दिनांक- 08-08-2022

मैं, आर्मी नंबर-जेसी 354230ए, रैंक-सूबेदार., नाम- पंढरिनाथ बापूराव शेंद्रे, पिता श्री बापूराव शेंद्रे, पता- पोस्ट-पाचलेगाव, तहसील-जिन्तुर, जिला- परभणी, महाराष्ट्र- 431509, वर्तमान में पोस्ट किया गया- 105. इंग्लर रेजीट सी/ओ 56 एपीओ, के-एरिया, जीरकपुर, पिनः- 140603 मेने मेरी पत्नी की जन्मतिथि 5/6/1981 (गलत) से 5/6/1982 (सही) में बदल दी है (शपथ पत्र संख्या केसी-0012994582, स्वघोषणा दिनांक- 08-08-2022

मैं, आर्मी नंबर- जेसी 354230ए, रैंक-सूबेदार., नाम- पंढरिनाथ बापूराव शेंद्रे, पिता श्री बापूराव शेंद्रे, पता- पोस्ट-पाचलेगाव, तहसील-जिन्तुर, जिला- परभणी, महाराष्ट्र-431509, वर्तमान में पोस्ट किया गया- 105 इंग्लर रेजीट सी/ओ 56 एपीओ, के-एरिया, जीरकपुर, पिन- 140603 मैंने अपनी पत्नी का नाम पार्वती से बदलकर पार्वती पंढरिनाथ शेंद्रे कर दिया है। (शपथ पत्र संख्या केसी-0012994581, स्वघोषणा दिनांक-08-08-2022

AP-2268

मैं, अंकित पुत्र राम निवास शर्मा वासी 4708, विकास नगर, तहसील कैंप पानीपत ने अपना नाम बदलकर अंकित शर्मा रखा है, एफिडेविट नं - 09AA 301781 के तहत।

मैं, चंद्रदीप पुत्र ओम प्रकाश वासी 85/A, न्यू बहादुर चंद कोलोनी, गली नं. 1, हांसी रोड करनाल ने अपना नाम बदलकर चंद्रदीप अरोड़ा रखा है।

मैं, जय नारायण पुत्र जय भगवान गर्ग वासी मकान नं. 803 सैक्टर 7 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर जय नारायण गर्ग रखा है।

मैं, सिमनदीप कौर पत्नी गौरवदीप सिंह Khubber वासी शाहपुर, अम्बाला कैंट ने अपना नाम बदलकर सिमनदीप कौर Khubber रखा है।

मैं, कविता पत्नी राजबीर वासी गांव और डाकघर पुण्डरी करनाल, ने अपना नाम बदलकर कविता देवी रखा है।

मैं, राजबीर सिंह पुत्र लखि राम वासी गांव और डाकघर पुण्डरी करनाल, ने अपना नाम बदलकर राजबीर रखा है।

मैं, पल्लवी गुप्ता पत्नी अंकित वासी 1304, सैक्टर-13, U.E. करनाल ने अपना नाम बदलकर पल्लवी गोयल रखा है।

मैं, वेदपाल पुत्र राम कुमार वासी गांव और डाकघर बीबीपुर जट्टां करनाल ने अपना नाम बदलकर वेद पाल रखा है।

मैं, जगदीश चंद्र पुत्र अमर नाथ चोपड़ा वासी गांव और डाकघर कुंजपुरा करनाल ने अपना नाम बदलकर जगदीश लाल चोपड़ा रखा है।

मैं, नेहा मंगला पत्नी नीरज गुप्ता वासी वार्ड नं 6, नजदीक नरवाना टिंबर स्टोर, अराईपुरा रोड, घरौंडा, करनाल ने अपना नाम बदलकर नेहा गुप्ता रखा है।

मैं, Amarjit सिंह पुत्र गुरमैल सिंह वासी 1948/13, मोती नगर, अम्बाला सिटी ने अपना नाम बदलकर Amarjeet सिंह रखा है।

मैं, रंजीत सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी 163, पंजोरी, नारायणगढ़, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर रंजीत और उपनाम सिंह रखा है।

मैं, Karamjit सिंह पुत्र प्रेम सिंह वासी मकान नं .17 A, छोटी लाइन, कमला नगर, यमुना नगर (हरियाणा) ब्यान करता हूं की मैंने अपना नाम बदलकर Karamjeet सिंह से Karamjit सिंह रखा है सभी संबंधित नोट करें।

मैं, Sanjeev सोही उर्फ Sanjiv सोही पुत्र कृष्ण लाल सोही वासी मकान नं .36 सैक्टर-7, अर्बन एस्टेट करनाल एक ही व्यक्ति हूं।

मैं, रमेश कुमार पुत्र पारस राम वासी वार्ड-07, Tantia निवास, ऐलनाबाद, सिरसा ने अपना नाम बदलकर रमेश महिपाल रखा है।

मैं, सविता देवी पत्नी मनोज कुमार वासी कुंजपुरा, करनाल ने अपना नाम बदलकर सुनीता रानी रखा है।

मैं, जसबीर सिंह मुल्तानी पुत्र इंद्र जीत सिंह मुल्तानी वासी 29 डी, दयाल बाघ, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर जसबीर सिंह रखा है।

मैं, Kuldip कौर मुल्तानी पत्नी इंद्र जीत सिंह मुल्तानी वासी 145 Kambas नजदीक गुरुद्वारा, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर Kuldeep कौर रखा है।

मैं, रितिका उर्फ रमा रानी पत्नी नरेंदर कुमार वासी ओल्ड नीलोखेड़ी, करनाल ने अपना नाम बदलकर रमा रानी रखा है।

मैं, Sarabjit कौर पत्नी बूटा सिंह वासी पट्टी सोहल बाजाखाना रोड बरनाला ने अपना नाम बदलकर Sarbjit कौर रखा है।

मैं, रवीना आनंद पत्नी सुनील कुमार Mehto वासी मकान नं. 319 सैक्टर-8 करनाल ने अपना नाम बदलकर रवीना Mehto रखा है।

मैं, अतुल कुमार पुत्र इंद्र पाल अग्रवाल वासी 1563, शिव कोलोनी, नजदीक अनाज मंडी, शहजादपीर, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर अतुल अग्रवाल रखा है।

मैं, Balvinder कौर पत्नी दलजिंदर सिंह वासी 86A , आशा सिंह गार्डन, बलदेव नगर, अम्बाला सिटी ने अपना नाम बदलकर Balwinder कौर रखा है।

मैं, जोनी पुत्र तिलक राम वासी नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज जाखल मंडी फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर जोनी गोयल रखा है।

मैं, बबीता पत्नी राकेश कुमार वासी ढोलू, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर बबीता देवी रखा है।

मैं, राकेश पुत्र अमर सिंह वासी ढोलू, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर राकेश कुमार रखा है।

मैं, निशांत उर्फ निर्मल सिंह पुत्र विनोद कुमार वासी Landhri, हिसार ने अपना नाम बदलकर निशांत रखा है।

मैं, प्रेम कुमार पुत्र राम किशन वासी मंगली Surtia, हिसार ने अपना नाम बदलकर प्रेम और उपनाम कुमार रखा है।

मैं, Gurdyal सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी 35 टैगोर गार्डन नजदीक बस स्टैंड यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Gurdial सिंह रखा है।

AP-2269

मैं, बलराज सरोहा पुत्र जय भगवान निवासी मकान नं 475, सेक्टर 19 , पार्ट 1 , हुडडा , कैथल सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र नवदीप के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम नवदीप, पिता का नाम बलराज व माता का नाम सीमा दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम नवदीप सरोहा, पिता का नाम बलराज सरोहा व माता का नाम सीमा देवी है। कृपया मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम नवदीप सरोहा, पिता का नाम बलराज सरोहा व माता का नाम सीमा देवी किया जाए।

AP-2270

मैं, निखिल माडीवाला पुत्र किशोरी लाल निवासी 1314, बी- VI मॉर्डन कालोनी, यमुनानगर अपने नाबालिग पुत्र का नाम आर्यन से बदलकर आर्यन माडीवाला रखता हूं।

AP-2271

मैं, जसबीर सिंह कौर पुत्र बूटा सिंह निवासी म.नं. 2891 भगवान नगर कालोनी, पीपली जिला कुरुक्षेत्र ने अपने नाबालिक पुत्र का नाम जसप्रीत दयाल सिंह से बदलकर जसप्रीत दयाल सिंह कौर रख लिया है।

मैं, गुरजंत सिंह पुत्र करम सिंह निवासी गांव KOT KACHHWA KALAN जिला अंबाला ने अपना नाम बदलकर गुरजंत व उपनाम सिंह रख लिया है।

AP-2272

मैं, लीलो देवी पत्नी जयपाल निवासी गांव पीड़ल तहसील गुहला जिला कैथल (हरियाणा) ने अपना नाम लीलो देवी से बदलकर रामरति देवी रख लिया है।

मैं, आसमा प्रवीण पत्नी मरगूब आलम निवासी मकान नं. 1586, मौली जागरण कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ ने अपना नाम आसमा प्रवीण से बदलकर आसमा बेगम रख लिया है।

AP-2275

मैं, कमला देवी पत्नी सुरेश कुमार गाँव मूर्तजापुर ,पिहोवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर कमला रानी लिया है ,भविष्य में मुझे कमला रानी के नाम से जाना जाए।

मैं, सुरेन्द्र सिंह पुत्र महल सिंह गाँव इस्माईलाबाद , कुरुक्षेत्र ने अपना नाम ने अपना नाम सुरेन्द्र उपनाम सिंह रख लिया है ।

मैं, ज्योति मक्कड़ पत्नी प्रवीण कुमार निवासी फ्लैट नंबर 7, GH-38, सेक्टर -5, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पंचकुला, तहसील पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम बदलकर ज्योति रख लिया है ।

मैं, प्रवीण कुमार मक्कड़ पुत्र श्री देश राज निवासी फ्लैट नंबर 7, जीएच-38, सेक्टर - 5, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पंचकुला तहसील पंचकुला, हरियाणा अपना नाम बदलकर प्रवीण कुमार रख लिया है ।

बेदखली सूचना

हम सुखदर्शन सिंह पुत्र रोकी राम व सुनीता देवी पत्नी सुखदर्शन सिंह गाँव ठोल सब तहसील इस्माईलाबाद हमारा पुत्र अनील कुमार पुत्रवधू राधिका मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर होने के कारण अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते है । भविष्य में इनके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे

AP-2276

मैं, महेन्द्र गर्ग पुत्र श्री प्यारे लाल निवासी मकान नम्बर 406, दयानन्द ऋषि विहार कॉलोनी, तहसील व जिला, हिसार (हरियाणा) अपने पुत्र रोहित गर्ग को अपने कहने सुनने से बाहर होने पर अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ, उसके किसी भी लेन-देन व व्यवहार की मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नही होगी, वह स्वयं ?िम्मेवार होगा

AP-2273

मैं, जगदीश पुत्र धनसिंह निवासी गांव खिजरपुर अहीर, तह. गन्नौर (सोनीपत) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवदीप मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए इसे मैं अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। इसके किसी प्रकार के लेन-देन, उचित अनुचित कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

AP-2276

आवश्यक सूचना

गुप्त रोग, कमजोरी ठीक, पाऊडर पहले दिन से ही फायदा, मोटापा घटाए, हर नशा छुड़वाए, आयुर्वेदिक दवाईयां से सेहत बनाए।

मो. 8837701402

AP-2176

सार्वजनिक सूचना

मैं, सुदेश पुत्री श्री ईश्वर सिंह हाल पत्नी श्री विजेंद्र सिंह, मकान नं 62, सेक्टर 9, जींद, सूचित करती हूँ कि विवाह के बाद से मेरा मेरे मायके वालों से कोई संबंध नहीं है और मायके में हमारा आना जाना भी नहीं है। यदि भविष्य में मेरे मायके वालों की तरफ से कोई आर्थिक, मानसिक या शारीरिक रूप से हानि पहुंचती है। तो मेरी, मेरे पति व मेरे बच्चों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

AP-2274

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभान्वित करें

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

अमृत काल के पांच प्रण के आह्वान को पूरा करने का संकल्प लें प्रदेशवासी: मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समालखा में किया ध्वजारोहण, देश और प्रदेशवासियों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 16 अगस्त। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश और प्रदेशवासियों को 76वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। हर घर पर लहरा रहा तिरंगा पूरे देश को देशभक्ति के रंग में रंग रहा है। हरियाणावासियों ने भी अपने 60 लाख घरों पर राष्ट्र ध्वज फहराकर भारत माता की शान को वैसे ही बढ़ाया है, जैसे सरहदों पर अधिक से अधिक जवानों को भेजकर देशभक्ति का परिचय देते आए हैं। श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पावन पर्व अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ आत्म-विश्लेषण करने का भी दिन है। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर प्रदान करता है कि 75 वर्ष के इस कालखंड में हमने क्या हासिल किया है। निःसंदेह आजादी के बाद राष्ट्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आज कई क्षेत्रों में पूरा विश्व हमारा लोहा मानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जो आज 'पांच प्रण' (विकसित भारत, गुलामी की मानसिकता से शत प्रतिशत मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एक जुटता और नागरिक कर्तव्यों का पालन) लिए हैं, हम उन्हें आज से ही आत्मसात करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी आह्वान किया कि सभी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित अमृत काल के पांच प्रण के आह्वान को पूरा करने का संकल्प लें व भारत को विश्व पटल पर सबसे मजबूत राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें।

देश की सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा से

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गर्व है कि 10 मई 1857 को स्वतंत्रता आन्दोलन की पहली चिंगारी अम्बाला से फूटी थी। हमारे वीर जवानों ने आजादी के बाद भी देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज देश की सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है। हमारे जवानों ने 1962, 1965 व 1971 के विदेशी आक्रमणों और ऑपरेशन कारगिल युद्ध के दौरान वीरता की नई मिसाल पेश की है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि हम आजादी की पहली लड़ाई के शहीदों की स्मृतियों को सहेजने के लिए अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक का निर्माण कर रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की स्मृति में जिला महेंद्रगढ़ के गांव नसीबपुर में जल्द ही शहीदी स्मारक का निर्माण किया जाएगा। जिला भिवानी के शहीद गांव रोहनात में भी शहीद स्मारक बनाया जाएगा। इस गांव में 'रोहनात फ्रीडम ट्रस्ट' की स्थापना की गई है।

सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग का किया गठन

मनोहर लाल ने कहा कि हम अपने शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते, लेकिन उनके परिजनों की देखभाल करके उनके प्रति अपनी कृतज्ञता अवश्य जता सकते हैं। इस दिशा में हमने भूतपूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों के कल्याण के लिए 'सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग' का गठन किया है। युद्ध के दौरान शहीद हुए सेना व अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपये की है। आईईडी. ब्लास्ट के दौरान शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक की गई है। शहीद सैन्य व अर्धसैनिक बलों के 347 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान की गई है।

हरियाणा में सुशासन से सेवा के संकल्प को निरंतर मजबूती मिली

हरियाणा में गरीब परिवारों को 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के तहत 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता दी जा रही है। प्रदेश में सभी तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाकर 2500 रुपये मासिक की गई है। 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 27 लाख गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का वार्षिक मुफ्त इलाज करवाने की सुविधा दी गई है। एकल पंजीकरण व कॉमन पात्रता परीक्षा, कौशल रोजगार निगम, निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, नई शिक्षा नीति-2020, 'समर्पण' व संरक्षण योजना, 'विवादों से समाधान' 'हरियाणा हेल्पलाइन सेवा-112' और 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' जैसी अनुकरणीय पहलों से सुशासन से सेवा के संकल्प को निरंतर मजबूती मिली है। हमने भ्रष्टाचार पर चोट करते हुए लगभग 87 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं।

कृषि क्षेत्र में बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन का शेयर बढ़ा

मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है और केन्द्रीय खाद्यान्न पूल में हमारा लगभग 15 प्रतिशत योगदान देता है। प्रदेश में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने से कृषि क्षेत्र में बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन का शेयर बढ़ रहा है। हम बाजार की मांग के अनुसार विविधीकरण करके किसानों की अधिकतम आय सुनिश्चित करने की दिशा में पहल कर रहे हैं।

हर क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम जारी

राज्य में बहुत ही उत्तम व आधुनिक आधारभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्रदेश में 17 नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये गये हैं। इनमें से 7 का कार्य पूरा हो चुका है। इन सब राजमार्गों के बन जाने के बाद प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। पलवल से सोनीपत वाया सोहना-मानेसर-खरखौदा-कुंडली तक 6 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर पर कार्य शुरू हो चुका है। पंचग्राम विजन के तहत के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ 5 नए शहर विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। खरखौदा के निकट अत्याधुनिक औद्योगिक एवं वाणिज्यिक टाउनशिप तथा सोहना में आई.एम.टी. भी विकसित किया जा रहा है। समान विकास की दिशा में हर जिले में मेडिकल कॉलेज, हर जिले में 200 बैड का अस्पताल तथा कम से कम एक विश्वविद्यालय खोलना हमारा लक्ष्य है।

पदक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक नकद पुरस्कार राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में हमारे युवाओं की उपलब्धियों का जिक्र होते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक व अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में बर्मिंघम में सम्पन्न हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को मिले 61 पदकों में हरियाणा के खिलाड़ियों का बहुत योगदान है। इससे पहले 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021' में हमारे खिलाड़ियों ने 137 पदक जीतकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक नकद पुरस्कार राशि देता है। कॉमनवेल्थ गेम्स के खिलाड़ियों को भी 16 अगस्त को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

गूंज वेलफेयर क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)। गूंज वेलफेयर क्लब के द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता दिवस पर किसान रेस्ट हाउस में 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अध्यक्ष रजत कुमार पांचाल ने बताया की डी एस पी नायब सिंह ने रिबन काट कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और दीप प्रज्वलित कर भारत माता को पुष्पांजलि कर रक्तदाताओं को बैच लगा कर उनका उत्साह वर्धन किया। पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि,सहित सभी पार्षदो ने रक्तदाताओं को बैच लगा कर उत्साहवर्धन किया। यह संस्था का 10 वा रक्तदान शिविर है। इस वर्ष हमारी संस्था का लक्ष्य 12 रक्तदान शिविर लगवाने का है। 19 अगस्त को इशहाक में जन्माष्टमी पर्व पर भी रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर हंसपाल सिंह, उपाध्यक्ष जगतार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव हरविंद्र सिंह, सहसचिव बलजीत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

किसानों ने सौंपा ज्ञापन

पिहोवा (अप्रस)। मुस्तरका मालकान जमीन मामले को लेकर किसानों ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह के प्रांगण में प्रदर्शन किया तथा सरकार से मांग की कि तुरंत इस आदेश को वापस लेकर भूमि को किसानों काशतकारो के नाम की जाए। किसान नेता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि सरकार के इन आदेशों से किसान अपनी भूमि से बेदखल हो जाएंगे। इतना ही नहीं इस भूमि को कई बार बेचा भी जा चुका है। इस पर मकान दुकानें व फैक्ट्रियां भी बन चुकी है। इस तरह किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने खेल मंत्री के भाई को ज्ञापन भी दिया। जिसमें मांग की कि सरकार उक्त आदेश को तुरंत वापस ले तथा किसानों को बेदखल न करें। खेल मंत्री के भाई ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह ज्ञापन को मुख्यमंत्री के पास पहुंचा देंगे तथा किसानों के हक की बात भी करेंगे। इस बारे कोई ना कोई हल अवश्य निकालेंगे। किसान नेता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि यदि इस मामले में 25 तारीख तक कोई हल नहीं निकाला गया तो 25 तारीख से विधायकों के घरों के आगे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए जाएंगे।

कन्या स्कूल में फहराया तिरंगा

कैथल (अप्रस)। एलीट राउंड टेबल इंडिया-360 द्वारा मेन बाजार स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय कैथल में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन हिमांशु मेहता ने संस्था के साथियों के साथ तिरंगा फहराया और आजादी के परवानों को याद किया। संस्था की तरफ से स्कूल की कन्याओं व स्टाफ को मिठाई, पैन, शैंपू व दूध बांटा गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि आज हमारा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और सभी भारतीयों ने अपने घर पर तिरंगा फहराया है, जिसे देखकर हर भारतीय गौरवान्वित हो रहा है। संस्था के सदस्यों ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए स्कूल स्टाफ का धन्यवाद किया। इस मौके पर साहिल सचदेवा, कर्ण कालड़ा, नकुल भगत, सुमित गर्ग, साहिल खनिजो, अनुज बंसल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के आइकिया प्रोजेक्ट निर्माण का किया शुभारंभ

- लगभग ढाई हजार रोजगार अवसरों का होगा सृजन, स्वीडन की कंपनी करेगी 3500 करोड़ रुपए का निवेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़,16 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम में स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत में पहले आइकिया 'मिक्सड यूज़ कॉमर्शियल प्रोजेक्ट' का भूमि पूजन कर इसके निर्माण का शुभारंभ किया। लगभग 3500 करोड़ रुपए के निवेश से बनने वाले मिश्रित उपयोग वाले इस आइकिया प्रोजेक्ट का निर्माण गुरुग्राम के सेक्टर 47 में होगा। स्वीडन के भारत में राजदूत श्री क्लास मोलिन भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा को कर्म की भूमि, संभावनाओं और समृद्धि की भूमि बताते हुए यहां पर इंग्का सेंटर्स और आइकिया प्रोजेक्ट का हरियाणा में आने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उत्तर भारत तथा इस क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय स्टिल एवं लेजर गणतव्य होगा। इससे निवेश के साथ-साथ रोजगार और व्यापार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को संभव बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठा चुकी है और यह प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के लिए हमारी विकास योजनाओं का एक और प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में नई तकनीक और डिजिटल इंटरफेस एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं जो नए अवसरों और चुनौतियों दोनों को खोल रही है। नई प्रक्रियाएं और नए उत्पाद आर्थिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। लोग और मानवीय मूल्य हमेशा विकास और प्रगति के केंद्र में होते हैं इसलिए हमें भी आपसी जुड़ाव की सोच के साथ काम करने की जरूरत है जिसके लोगों और अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की आपसी सहभागिता का प्रभाव विश्व में दिखाई देगा। जो देश या प्रदेश इन परिस्थितियों का लाभ उठाएगा वहीं प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन, डिजाईन और मेन्युफक्चरिंग में मूलभूत परिवर्तन हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म, ऑटोमेशन और डाटा फ्लो ने दुनिया में भौगोलिक दूरियों के महत्व को घटा दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में इंजीनियरिंग ज्ञान तथा पारम्परिक उत्पादन हमारे युवा के लिए रोजगार का बड़ा स्त्रोत रहेंगे। दूसरी तरफ हमारी मानव संसाधन को भी अपने स्किल को बढ़ाकर जीवन में बदलाव लाने की जरूरत है। इसीलिए कौशल विकास और शिक्षा की नीतियों में तेजी से बदलाव लाना होगा। इसके लिए, विद्यालय और विश्व विद्यालय का पाठ्यक्रम इस प्रकार से डिजाइन किए जाएं कि वह युवाओं का भविष्य बनाने में कारगार हो। श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें ये जानकर प्रसन्नता हुई है कि भारत में आइकिया जो भी बेचता है उसका 27 प्रतिशत वह स्थानीय स्त्रोतों से लेता है, जिसे आने वाले वर्षों में 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की पहल जहां एक ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के ज्यादा अवसर उपलब्ध करवाएगी वहीं दूसरी ओर इससे हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस औद्योगिक क्रांति में पूंजी से ज्यादा प्रतिभा का महत्व होगा।

मुख्यमंत्री ने ई-गवर्नेंस के तहत पटवारियों व कानूनगो को वितरित किए 67 टैबलेट

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज गुरुग्राम में पटवारियों व कानूनगो को ई-गवर्नेंस के तहत 67 टैबलेट वितरित किए। यह कार्यक्रम गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित किया गया था। इस दौरान उन्होंने पटवारियों को सावधानी व ठीक तरीके से काम करने की सलाह दी और कहा कि यदि ठीक से काम नहीं करोगे तो कंप्यूटर का जो जाल बिछा है उसमें गलतियां पकड़ी जाएंगी। अगर आप से ठीक काम करते हुए अनजाने में गलती हो जाती है तो उसयुक्त आपके पीछे खड़े हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि समय के साथ साथ तकनीक में भी क्रान्तिकारी बदलाव हुए हैं, ऐसे में पटवारियों को टैबलेट मिलने से काम पहले की अपेक्षा समय पर होने के साथ साथ गलतियों की संभावना भी कम होगी और रिकॉर्ड का रख-रखाव भी ठीक प्रकार से हो सकेगा। अब पटवारी कोई भी गलती करेगा तो उसकी गलती टैबलेट के सॉफ्टवेयर के माध्यम से पकड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पटवारी का काम बहुत जिम्मेदारी का होता है और यदि एक बार कोई भी डेटा रिकॉर्ड में गलत चढ़ जाए तो उससे लिटिगेशन शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि पटवारी पढ़े-लिखे हैं और इन टैबलेट का इस्तेमाल आसानी से सीख सकते हैं।

कैथल में 207 फुट ऊंचे तिरंगे को फहराकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

कैथल (अप्रस)। कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिंदल की कैथल को एक महत्वपूर्ण सौगात हनुमान वाटिका स्थित 207 फुट ऊंचे तिरंगे को फहराकर यहां 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। यह झंडा देश का पहला और सबसे ऊंचा झंडा है, जिसे जिन्दल ने 2009 में स्थापित कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले पूरे देश में विशालकाय ध्वज स्थापित करने के साथ-साथ हर घर तिरंगा हर दिन तिरंगा अभियान की शुरुआत की थी। आज फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने देश के कोने-कोने में करीब 100 विशालकाय ध्वज स्थापित कर दिये हैं, जिनमें 13 झंडे 207 फुट ऊंचे हैं। झंडा फहराने के बाद भूषण गोयल ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के त्याग और बलिदान की याद हमें दिलाता है और प्रेरित करता है कि हम जो कुछ करें, वो देश के लिए करें। हमारी युवा पीढ़ी को इस तिरंगे से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए कटिबद्ध होना चाहिए। तिरंगे की प्रेरणा से प्रत्येक व्यक्ति अपना-अपना काम ईमानदारी से करे तो हमारे देश को संपन्न राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि जिन्दल ने इसी उद्देश्य से झंडे की लड़ाई लड़ी, जिसे हम साकार करके रहेंगे।

बिजली मंत्री ने पिहोवा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में किया ध्वजारोहण

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

पिहोवा, 16 अगस्त। बिजली व जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमें देश के लिए, जीने व मर-मिटने की प्रेरणा देता है। इसी तिरंगे की खातिर अनेक देशभक्तों ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इसी तिरंगे की खातिर देश की सरहदों पर डटे जवान अपनी जान से खेल जाते हैं, परन्तु इसकी शान को जरा भी आंच नहीं आने देते। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 से 15 अगस्त तक देशभर में हर घर में तिरंगा की अनूठी मुहिम चलाई है। हर घर की मुंडेर पर फहराता तिरंगा हर देशवासियों को हमारे शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के अनुपम बलिदानों का स्मरण करवाता है। बिजली मंत्री रणजीत चौटाला सोमवार को पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरियां एसडीएम सोनूराम पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणी ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंट कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली विद्यार्थियों को 1 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दुनिया की इस प्राचीनतम सांस्कृतिक भूमि भारत की आजादी का आज हम अमृत महोत्सव मना रहे है।

फ्रांसवाला गांव में सीएम फ्लाइंग ने दूध की डेरी पर की छापेमारी

600 किलो दूध, 15 किलो घी और सूखे दूध के 12 पैकेट बरामद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 16 अगस्त। गांव फांसवाला में मंगलवार सुबह सीएम फ्लाइंग ने एक दूध की डेरी पर छापेमारी की। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि गांव फांसवाला में धूप सिंह अपने घर में ही मिलावटी दूध तैयार करता है। वह घर में ही अवैध तरीके से एक डेयरी चला रहा है। उन्हें गुप्त सूचनाएं मिल रही थी कि वह वहां पर मिलावटी दूध और घी तैयार कर रहा है। सीएम फ्लाइंग डेरी में पहुंची तो उन्हें मौके से 600 किलो दूध, 15 किलो घी और 12 पैकेट सूखे दूध के बरामद हुए। सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ फूड सेफ्टी अधिकारी डॉ राजीव कुमार, सीआईडी इंस्पेक्टर संदीप कुमार आदि अधिकारियों की टीम मौजूद थी। उन्होंने वहां फूड सेफ्टी अधिकारी की मौजूदगी में डेरी से 4 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। टीम ने एक दूध, एक घी व दो मिक्स दूध पाउडर के सैंपल लिए हैं। इन सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। करीब दस दिनों में रिपोर्ट आने के संभावना है। बताया जा रहा है कि वहां केमिकल व पाउडर के द्वारा दूध तैयार किया जा रहा था। टीम द्वारा यह भी बताया गया कि वहां बिजली के घरेलू कनैक्शन को कर्मिशल में यूज किया जा रहा था। इस प्रकार डेरी संचालक बिजली विभाग को भी लाखों रुपए महीने का चूना लगा रहा था। धूप सिंह पाउडर डाल कर तैयार किए गए दूध को कैथल शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था। टीम ने सुबह छह बजे रेड की तो डेरी संचालक घर पर ही मिला। बताया जा रहा है डेरी संचालक रात को दूध तैयार करता था और सुबह पांच बजे से ही सप्लाई शुरू करता था। यह डेरी संचालक लंबे समय से यह धंधा कर रहा है। उधर इस बारे में जिला खाद्य निरीक्षक डा. राजीव शर्मा ने बताया कि गांव फांसवाला में एक व्यक्ति घर पर ही डेरी चला रहा था। जो पाउडर मिला कर दूध तैयार करता है। छापेमार टीम ने मौके से 600 किलो दूध, 15 किलो घी व 12 पैकेट सूखा दूध बरामद किए हैं। वहां से चार सैंपल लिए गए हैं, जो जांच के लिए लैब में भेजे जाएंगे। सैंपलों की जांच के बाद गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलेगी।

शिक्षा क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन

- जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया
- अरविंद केजरीवाल के विजन से दिल्ली में आई शिक्षा क्रांतिः डॉ. सुशील गुप्ता

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 16 अगस्त। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन शिक्षा क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें जिले के 12 वीं कक्षा में टॉप आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक सुनील बिंदल रहे।

कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं में 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता और नॉर्थ जोन अध्यक्ष चित्रा सरवारा रहीं। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बीके कौशिक रहे। इसमें बच्चों को गिफ्ट देकर और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आम आदमी पार्टी प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति के चर्चे विदेशों तक हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जब भारत में आते हैं तो वे सबसे पहले दिल्ली के स्कूलों को देखने जाते हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 4 लाख बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। वहां गरीब का बच्चा भी फराटेदार अंग्रेजी बोलता है और आईआईटी और आईआईएम में शिक्षा ग्रहण करता है। उन्होंने बताया कि ये सब अरविंद केजरीवाल के विजन की बदौलत संभव हो पाया है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष महेंद्र राठी, महर्षि वेदव्यास स्कूल के प्राचार्य कुलदीप सिंह, जयपाल शर्मा, प्रदीप कंबोज, बलविंदर सिंह, एडवोकेट निर्मल सिंह, हरदीप संधु, बिंदर मान,राजेंद्र कल्याण, गौतम जैन, संजीव मेहता, रणदीप राणा, अजीत सिंह, गुरविंदर कौर, महक शर्मा, नरेंद्र सिंह और सुरेंद्र कौर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

चर्चा

केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

लम्पी स्किन बीमारी से पीड़ित पशुओं वाले जिलों में पहले लगाई जाएगी वैक्सीन: पुरुषोत्तम रूपाला

- लम्पी स्किन बीमारी से प्रभावित जिलों के पशुपालकों को लगातार जागरूक कर रही हरियाणा सरकार: जेपी दलाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि जिन जिलों में लम्पी स्किन बीमारी से पीड़ित पशु हैं, उन जिलों में सबसे पहले वैक्सीनेशन करवाया जाए, ताकि दूसरे जिलों में इस बीमारी का फैलाव रोका जा सके। इस बीमारी से पीड़ित पशुओं को आइसोलेट करके जमीनी स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है। तभी अन्य पशुओं को भी इस बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने यह बात मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के

अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। इस बैठक में हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जे.पी. दलाल भी मौजूद रहे।

श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि अभी हरियाणा के 8 जिले इस गंभीर बीमारी से बचे हुए हैं, जहां अभी तक कोई भी केस दर्ज नहीं किया गया है। इसके अलावा जिन जिलों में इस बीमारी का प्रभाव है, उन जिलों के पशुओं को केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार लम्पी स्किन वैक्सीनेशन किया जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार इस बीमारी से निपटने के प्रति बेहद गंभीर है। खुद हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री जेपी दलाल बीमारी से प्रभावित जिलों की समीक्षा का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस बीमारी को लेकर केंद्र सरकार के साथ तालमेल बैठाते हुए सतर्कता पूर्वक कार्य कर रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि वैक्सीनेशन के लगने से इस बीमारी पर जल्द काबू पा लिया जाएगा और बीमारी अन्य जिलों में भी नहीं बढ़ेगी। श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि राज्य सरकार को इस बीमारी की रोकथाम के लिए कुछ और जरूरी कदम उठाने चाहिए। इसमें सबसे पहले एक जिले से दूसरे जिले में पशुओं की आवाजाही को रोकना चाहिए। विशेषकर जिन जिलों में फिलहाल इस बीमारी का ज्यादा प्रकोप है, वहां इस तरह की एहतियात बरतनी चाहिए। इस बीमारी के संबंध में ज्यादा से ज्यादा पशुपालकों को जागरूक करना चाहिए। इसके अतिरिक्त दुग्ध उपभोक्ताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि पशु का दूध उबालकर पीएं। हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जे.पी.दलाल ने केंद्रीय मंत्री को आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार लम्पी स्किन बीमारी को लेकर बेहद संजीदा तरीके से कार्य कर रही है। प्रभावित जिलों के पशुपालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस बीमारी से जुड़ी वैक्सीन को जल्द ही सभी जिलों में पहुंचा दिया जाएगा।

21650 हैक्टेयर पर मछलीपालन का रखा गया है लक्ष्य

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि हरियाणा में वर्ष 1966-67 में 58 हैक्टेयर पर मछलीपालन शुरू किया था। जो वर्ष 2021-22 में 19100 हैक्टेयर पहुंच गया है। इस वर्ष हरियाणा ने 2 लाख 9 हजार 33 मीट्रिक टन मछली उत्पादन किया है। हरियाणा सरकार ने इस बार उत्पादन के लक्ष्य को बढ़ाते हुए 2022-23 में 21650 हैक्टेयर रखा है। वहीं इसके अतिरिक्त उत्पादन के लक्ष्य में भी बढ़ोतरी की गई है। इसे 2 लाख 10 हजार 500 मीट्रिक टन रखा है। सरकार इस निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगातार मछलीपालकों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्हें निरंतर नई-नई तकनीक से अवगत करवाया जा रहा है। श्री दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछलीपालकों को लाभ दिया जा रहा है। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने भी मछलीपालन में हरियाणा के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में ओर ज्यादा तरक्की करने की शुभकामनाएं दी।

40 किलोमीटर लंबी रिंग रोड बनने से अम्बाला 'नगर से महानगर' बनेगा: विज

गृहमंत्री ने छह गांवों के किसानों को 107.33 करोड़ की राशि वितरित की, किसानों के खातों में राशि होगी ट्रांसफर्र, रस्मी तौर पर चेक वितरित किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अम्बाला, 16 अगस्त। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला की तरक्की में इजाफा हो रहा है और 40 किलोमीटर लंबा रिंग रोड बनने से भविष्य में अम्बाला 'नगर से महानगर' बन जाएगा। श्री विज ने यह बात अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मंगलवार उन किसानों को चैक वितरित करते हुए कही जिनकी जमीन रिंग रोड परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई है।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों के खातों में आरटीजीएस के माध्यम सीधा पैसा आएगा, चैक केवल रस्मी तौर पर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को गांव बाड़ा, बुहावा, धुराली, दुखेड़ी, कोटकछुआ खुर्द एवं मोहड़ा के 253 किसानों को लगभग

107.33 करोड़ रुपए की राशि वितरित की। उन्होंने बताया कि रिंग रोड परियोजना के तहत लगभग 600 करोड़ रुपए की राशि उन किसानों को दी जाएगी जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई है। गौरतलब है कि इस रिंग रोड बाईपास का काम करेगा और वाहन चालक शहर के भीड़-भाड वाले इलाके में आए बिना बाहर से ही आगे निकल सकेंगे।

गृह मंत्री अनिल विज ने इस अवसर पर रिंग रोड परियोजना को मंजूरी करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी से ही मिलकर उन्होंने अम्बाला में रिंग रोड परियोजना को मंजूर करवाया था। जिस दिन साहा रोड का शिलान्यास नितिन गडकरी ने रखा था तभी उन्होंने अम्बाला में रिंग रोड की मंजूरी भी दी थी।

रिंग रोड के आसपास एचएसवीपी सेक्टर या इंडस्ट्री के लिए सरकार को लिखा

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि रिंग रोड के आसपास भविष्य में पूरा विकास हो इसके लिए उन्होंने सरकार को सर्वे के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि रोड के एक तरफ एचएसवीपी सेक्टर या एचएसआईआईडीसी को डिवेल्प कर इंडस्ट्री लगाई जा सकती है।

मुख्य बिंदु रिंग रोड परियोजना में

40 किलोमीटर लंबा रिंग रोड फोरलेन रोड होगी
रोड पर 2 बड़े पुल टांगरी नदी पर दो स्थानों पर बनेंगे
रोड पर 5 छोटे पुल बनेंगे
2 रेलवे ओवर ब्रिज रोड बन बनेंगे
रोड पर तीन फ्लाईओवर बनेंगे
कुल 30 गांव की 657 एकड़ जमीन रोड निर्माण के लिए अधिग्रहित होगी जिसमें 3 गांव पंजाब के हैं
रिंग रोड 5 नेशनल हाइवे को आपस में लिंक करेगी
इन गांवों के किसानों को इतनी राशि वितरित की

जमीन की आधी राशि केंद्र व आधी राज्य सरकार दे रही

गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि परियोजना में जमीन की कीमत का आधा पैसा केंद्र सरकार दे रही है और आधा प्रदेश सरकार दे रही है। केंद्र सरकार ने जो पैसा देना है उसमें से लगभग 100 करोड़ रुपया हमारे पास अब तक आ चुका है जोकि वितरित किया जा रहा है और शेष राशि भी जल्द लाने का प्रयास है।

अम्बाला में बाईपास का काम करेगी रिंग रोड

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि रिंग रोड अम्बाला में बाईपास का काम करेगी। अम्बाला के चारों तरफ रिंग रोड होगी। जगाधरी से आने वाले वाहन शहर में आए बिना सद्दोपुर निकल जाएगा, यदि उसे अमृतसर जाना है तो बाहर से वह रिंग रोड से जीटी रोड निकल जाएगा। अगर उसे हिसार जाना है तो रिंग रोड से वह हिसार रोड को निकल जाएगा। शहर में जो भी हैवी ट्रैफिक है उससे रोड बनने से काफी लाभ होगा और शहर के विस्तार में लाभ होगा। उन्होंने बताया कि अभी रिंग रोड फोरलेन बनेगी मगर जमीन हमने सिक्स लेन जितनी ली है ताकि यदि भविष्य में रोड का विस्तार करना है तो दिक्कत न आए।

इस फार्मूले से किसानों को प्रदान की जा रही राशि

रिंग रोड परियोजना के तहत किसानों को कलेक्टर रेट का गुणा सवा प्रतिशत तथा उस राशि का जमा सौ प्रतिशत मुआवजा जमा जमीन अधिग्रहित दिन से राशि मिलने तक के दिन का 12 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा है।

आज पेमेंट की गई है अब 'चट मंगनी पट ब्याह'

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि बाहर से आने वाले लोग अब कहते हैं कि अम्बाला अब पहले वाला अम्बाला नहीं रहा, मगर अभी भी बहुत काम हमने और भी करने है। रिंग रोड के बनने से ही इससे बहुत फायदा होगा और बड़ी इंडस्ट्री आएगी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि आज पेमेंट हो रही है अब 'चट मंगनी पट ब्याह', अब थोड़ा काम रह गया है और जल्द आगे के कार्यों को पूरा किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

पिता म्यूजिक टीचर और बेटा निर्णायक मेम्बर

कालका (अप्रस/जग्गी)। पिताश्री के द्वारा स्कूल में बच्चों को म्यूज़िक की शिक्षा दी जा रही है और बेटा निर्णायक मण्डल में जजमेंट के सदस्य बने। कालका स्टोन ब्रूक स्कूल में म्यूजिक के छात्र रहे चन्द्रकांत जो अब शिमला विश्वविद्यालय में म्यूजिक की एम.ए. कर रहे हैं, को स्कूल में बच्चों की प्रतियोगिताओं के निर्णय (जजमेंट) के लिये तीन सदस्यीय निर्णायनक मण्डल टीम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्टोन ब्रूक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर म्यूजिक से सम्बधित देश भक्ति के गीतों की प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया था। गौरतलब बात ये भी है कि चन्द्रकांत के पिता श्री किशन जी इसी स्कूल में म्यूजिक के अध्यापक है। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती आशा गोड ने इससे पूर्व राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। उन्होंने देश के शहीदों को नमन किया।

स्वतंत्रता दिवस पर हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन

यमुनानगर (अप्रस/आरके जैन)। आर्य समाज बुड़िया एवं श्री सुमेर चन्द जैन गीता विद्या मन्दिर बुड़िया एवं भारतीय जनता पार्टी बुड़िया ब्रांच द्वारा सिम्मलित रूप से तिरंगा यात्रा व ध्वजा रोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा की बुड़िया ब्रांच से गौरव भाटिया, संजय शर्मा, हरेंद्र आदि सभी ने तिरंगा यात्रा में पूरे जोश के साथ भाग लिया, तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा और नगर निगम मेयर मदन चौहान द्वारा किया गया। आर्य समाज की ओर से जगदीश मदान, शशिकांत सैनी, अशोक जोली, शिवम, शुभम ग्रोवर, संदीप, मनीष ग्रोवर, नीलम, प्रियंका, लवीना, श्रुति ग्रोवर, पूनम, पूर्विका आदि ने भी जोश पूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान बाजार में जनक भाटिया एवं अन्य दुकानदार भाइयों द्वारा मीठे जल का वितरण करके स्वागत किया गया। इसके उपरांत आर्य समाज एवम गीता विद्या मंदिर द्वारा ध्वजारोहण और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य विनोद कुमार, अध्यापक वर्ग एवम् विद्यार्थियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों, के. डी. बक्शी एडवोकेट, शशिकांत सैनी, विजय छाबड़ा, अनिल ग्रोवर, महेंद्र सखूजा, मनीष, सुमित, शिवम, शुभम ग्रोवर और आर्य मोहल्ला निवासियों द्वारा हर्षोल्लास से भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी ने मिलकर जोरदार स्वर में भारत माता की जय, वन्दे मातरम और घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा के जय घोष के नारे लगाए।

ब्राह्मण विकास मंच ने फूंका मनोहर सरकार का पुतला

रादौर (अप्रस)। ब्राह्मण विकास मंच के युवा प्रदेश अध्यक्ष रविकांत शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने शिवपुरी स्थित भगवान परशुराम चौक पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी व हरियाणा प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री की पंडित भगवत दयाल शर्मा की जीवनी स्कूल के पाठ्यक्रम से हटाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल का पुतला फूंका व उनकी जीवनी को दोबारा पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग की। रविकांत शर्मा ने कहा कि यह स्वतंत्रता सेनानी का अपमान है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार एक ओर तो सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को सम्मान देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर इस प्रकार के कार्य कर उनका अपमान किया जा रहा है। ब्राह्मण समाज इसे किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगा और पूरे प्रदेश में इसको लेकर आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर राघव त्यागी, शुभम धौलरा, नितिन टापू, रजत जोगी, सुमित, मनोज, इमरान खान, गौरी शंकर, पवन, संजय इत्यादि मौजूद रहे।

विधायक के माध्यम से सरकार को सौंपा ज्ञापन

बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड़)। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट ने आज हल्का प्रधान गुलाब सिंह पूनिया के नेतृत्व में विधायक मुलाना वरुण चौधरी को एक ज्ञापन देकर गत दिनों वित्त आयुक्त हरियाणा सरकार द्वारा जारी मुस्तरका मालकान भूमि को पंचायत देह घोषित करने संबंधी आदेश को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। किसान संघ का कहना है कि तत संबंधी आदेश से सभी मुश्तरका मलकान भूमि खंडों को पंचायती देह में परिवर्तित कर इसे संबंधित पंचायत व नगर पालिका के नाम कर दिया जाए जो सरासर अन्याय तथा किसानों के हितों पर कुठाराघात है। इस प्रकार की शामलात भूमि खंडों पर किसान व उनके पूर्वज दशकों से न केवल काशत कर रहे हैं, बल्कि बंजर, सेम, लवणीय तथा क्षारीय भूमि को कड़ी मेहनत से कृषि योग्य बनाने में भी उनको ने केवल खून पसीना बहाना पड़ा बल्कि भारी वित्तीय राशि भी खर्च करनी पड़ी है। अन्याय पूर्ण आदेश को तत्काल वापस लिया जाए तथा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर इस आदेश को निरस्त करते हुए शामलात भूमि खंडों को कब्जा धारी काश्तकारों के नाम करके सरकार अपने किसान हितैषी रवैए का परिचय दें। वरुण चौधरी विधायक ने ज्ञापन प्राप्त कर कृषकों को यथासंभव इसे आगामी तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित कार्यालय को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान संघ के सुरजीत सिंह, राम सिंह, अवतार सिंह, करनैल सिंह, मान सिंह, रामपाल, भीम सिंह, बलदेव सिंह, रणधीर सिंह, शक्ति सिंह सहित भारी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

बच्चों से बुजुर्गों तक ने लिया पैदल तिरंगा यात्रा में भाग

अर्थ प्रकाश/आर.के. जैन

यमुनानगर, 16 अगस्त। जैन चैरिटेबिल रूप व जैन समाज के सौजन्य से आजादी के 75 वे अमृतमहोत्सव के अवसर पर एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर प्रधान अजय जैन व संरक्षक गिरिराज जैन ने की तथा संचालन उपप्रधान मुकेश जैन व महामंत्री पुनीत गोल्डी जैन ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान सुभाष जैन ने भाग लिया। गिरिराज जैन ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा स्टेशन चौक से नगरनिगम कार्यालय तक तथा वापसी में महावीर चौंक होते हुये स्टेशन चौक तक बड़े ही उत्साह के साथ निकाली गई, जिसमें पुरुष, महिलाएं तथा बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा पकड़ कर भारत माता की जय के नारे लगाते हुये भाग लिया बच्चों तथा युवाओं ने नृत्य के

साथ अपनी देश भक्ति प्रस्तुत की। तिरंगा यात्रा के उपरांत स्टेशन चौंक पर ध्वजा रोहण किया गया। राजेन्द्र जैन ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जैन क्रांतिकारियों का भी विशेष योगदान रहा है, और आज़ादी की लड़ाई में शहीद हुये वीरों में लगभग 20 जैन क्रांतिकारी भी थे, और इसके अतिरिक्त लगभग 5 हजार जैन क्रांतिकारियों ने जेलों की कठोर यातनाएं सही जिसमें 50 जैन क्रांतिकारी महिलाएं भी शामिल रही। इसके अतिरिक्त आज़ादी की लड़ाई के लिये आर्थिक सहायता देने वालों की संख्या कई हजार थी। उन्होंने आगे कहा कि हमें भी अपने क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा तथा सम्मान के लिये कार्य करना चाहिये और अपने बच्चों को भी देश के अमर शहीदों की बलिदान तथा देश प्रेम की गाथाएं सुनानी चाहिये जिससे उनके दिल में भी देश व तिरंका के प्रति सम्मान व प्रेम बढ़ सके। तिरंगा यात्रा में आठ साल से लेकर 80 साल तक की आयु के लोगों में भाग लिया।

ब्ल्यू बैल स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतन्त्रता दिवस

अर्थ प्रकाश/सुशील

नारायणगढ़, 16 अगस्त। ब्ल्यू बैल्स सी.सै. स्कूल नारायणगढ़ के प्रांगण में 76वां स्वतन्त्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव मेहता के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें एलकेजी, यूकेजी, प्रथम से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अनेक देशभक्ति गीतों को नृत्य शैली में बेहद ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा पुलवामा आक्रमण पर आधारित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई जिसने सबको भावुक कर दिया। सभी के मन में देश के शहीदों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना स्पष्ट दिखाई दे रही थी। बच्चों में जोश देखते ही बनता था।

माउंट कार्मेल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया स्वतन्त्रता दिवस समारोह

माउंट कार्मेल इंटरनेशनल स्कूल, काटेमाजरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। निधि सैनी , श्री वंशुल चानना जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर , निधि सैनी , वंशुल चानना ने 'भारत माता के जयगान ' के बीच राष्ट्रीय झंडा फहराया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। सभी विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण किया। निधि सैनी ने सभी बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ने सभी बच्चों स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बताया कि हर वर्ष 15 अगस्त को क्यों मनाया जाता है। सन् 1947 में इसी दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह भारत का राष्ट्रीय त्यौहार है। प्रतिवर्ष इस दिन भारत के प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को सम्बोधित करते हैं। इस दिन को झंडा फहराने के समारोह, परेड और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ पूरे भारत में मनाया जाता है। इस दिन को सफल बनाने में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग दिया। बच्चों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर भारत का चित्र दर्शाया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया स्वतंत्रता दिवस।

मुलाना (अप्रस/मलिक)। कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी फूल चंद मुलाना ने ध्वजारोहण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का दिन भारतीय लोकतंत्र और हर भारतीय के लिए काफी खास दिन है। यही वह दिन है जब भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। इसी वजह से हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। आज के समय में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमें जो आजादी मिली, वह आसानी से नहीं मिल गई। इसके लिए हमें बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी है और लंबा संघर्ष करना पड़ा है।महात्मा गांधी, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्र शेखर आजाद जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया। तब जाकर हम आजाद फिजा में सांस लेने के काबिल हो पाए।

कालका में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न

सराहनीय सेवाओं के लिए 22 लोगों को किया गया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 16 अगस्त। अंबाला के सांसद श्री रतन लाल कटारिया ने कहा कि सुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' और 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' के मूलमंत्र पर चलते हुए सबकी तरक्की और उत्थान के लिए काम किया है।

श्री कटारिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कालका अनाज मंडी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व श्री कटारिया ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली।

उन्होंने इस पावन अवसर पर स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उन वीर सैनिकों को

नतमस्तक हुये। उन्होंने कहा कि गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 13 से 15 अगस्त तक देशभर में 'हर घर में तिरंगा'की अनूठी मुहिम चलाई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शहीदों के परिवारों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाएं हैं। प्रदेश में 'सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग' का गठन किया गया है। अब तक शहीद सैन्य व अर्ध-सैनिक बलों के 347 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी गई है।

श्री कटारिया ने कहा कि प्रदेश में समान विकास की दृष्टि से सरकार का लक्ष्य हर जिले में मेडिकल कॉलेज व 200 बैड का अस्पताल खोलना है। कलस्टर अप्रोच के तहत सभी क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में स्कूल और 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा को कौशल के साथ जोड़ा गया है। प्रदेश में के.जी. से लेकर पी.जी. तक की शिक्षा एक ही परिसर में देने की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 5 लाख टेबलेट दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में 'अग्निपथ' योजना शुरू की है। इसका सबसे अधिक लाभ हरियाणा के युवाओं को ही मिलेगा क्योंकि सेना में हमारे युवा ज्यादा भर्ती होते हैं।

उन्होंने कहा कि खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने ओलम्पिक व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश में गत जून माह में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021' का सफल आयोजन किया गया। हमारे खिलाड़ियों ने इन खेलों में 137 पदक जीतकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाल ही में बर्मिंघम में हुए कॉमनवैल्थ गेम्स में भारत को मिले 61 पदकों में से 20 पदक हमारे खिलाड़ियों ने जीते हैं। इनमें 17 पदक व्यक्तिगत स्पर्धा के और 3 टीम स्पर्धा के शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक नकद पुरस्कार राशि देता है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करते हुए खेल विभाग में 550 नए पद सृजित किए गए हैं। इससे खिलाड़ियों को अब अपने कैरियर की चिंता नहीं रहेगी।

खेल

जिम्बाब्वे दौरे पर शाहबाज ने ली सुंदर की जगह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मुंबई, 16 अगस्त। युवा ऑल-राउंडर शाहबाज़ अहमद को जिम्बाब्वे दौरे के लिये वाशिंगटन सुंदर के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने मंगलवार को यह सूचना दी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि सुंदर इंग्लैंड में एक काउंटी मैच के दौरान चोटिल हो गये थे, जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है।

भारत को जिम्बाब्वे में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है, जिसकी शुरुआत 18 अगस्त से होगी।

गौरतलब है कि सुंदर रॉयल लंदन कप में लंकाशायर और वॉर्सेस्टरशर के एक मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए चोटिल हो गये

थे। वह पिछले एक साल में चोट और कोविड-19 के कारण ज्यादातर समय टीम से बाहर रहे हैं।

सुंदर की जगह टीम में आये शाहबाज़ डोमेस्टिक क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेलते हैं, जबकि आईपीएल में वह रॉयल चैलेंजर बैंगलोर का हिस्सा हैं। शाहबाज़ जिम्बाब्वे दौरे पर भारत की ओर से पदार्पण कर सकते हैं।

तीन एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय टीम: केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज़ अहमद।

बीसीसीआई के पूर्व अधिकारी अमिताभ चौधरी का निधन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची, 16 अगस्त। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अधिकारी अमिताभ चौधरी का मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

सूत्रों ने बताया कि 62 वर्षीय श्री चौधरी सुबह अपने निवास में टहल रहे थे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद श्री चौधरी को रांची के एक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी श्री चौधरी 2002 में बीसीसीआई के सदस्य बने थे। उन्होंने 2005 में तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री सुदेश महतो को हराकर झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष का चुनाव भी जीता था।

भारतीय टीम के प्रबंधक (2005-09) और बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारियां निभाने के बाद उन्होंने 2013 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली और राजनीति में शामिल हो गये। राजनीति में हालांकि सफलता उनके हाथ नहीं लगी और उन्हें जेवीएम के टिकट पर रांची से चुनाव लड़ते हुए हार का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा श्री चौधरी ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के चेयरमैन की भूमिका भी निभाई और हाल ही में अपनी जिम्मेदारियों से बरी हुए थे।

फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित किया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

ज्यूरिख, 16 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को इस आरोप के साथ मंगलवार को निलंबित कर दिया कि वह तीसरे पक्ष के 'अनुचित प्रभाव'में काम कर रहा है।

फीफा ने यहां जारी बयान में कहा कि फीफा परिषद के ब्यूरो ने सर्वसम्मति एआईएफएफ को तीसरे पक्ष के अनुचित दबाव के तहत काम करने के आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। एआईएफएफ का यह कदम फीफा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

फीफा ने बयान में कहा है कि प्रशासनिक समिति गठित करने के आदेश के निरस्त होने और एआईएफएफ के दैनिक मामले एआईएफएफ प्रशासन के नियंत्रण में आने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने मई 2022 में एआईएफएफ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को हटाकर एक प्रशासनिक समिति का गठन करते हुए जल्द से जल्द महासंघ के चुनाव कराने का आदेश दिया था।

इस निलंबन का अर्थ है कि अक्टूबर 2022 में भारत में होने वाला फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 फिलहाल भारत में आयोजित नहीं होगा। फीफा फिलहाल टूर्नामेंट के संबंध में अगला कदम उठाने पर विचार कर रहा है और आवश्यकता पड़ने पर परिषद के ब्यूरो से परामर्श करेगा।

फीफा ने यह भी कहा कि वह भारत के युवा मामले और खेल मंत्रालय से लगातार संपर्क में है और उसे उम्मीद है कि मामले का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकता है।

प्रशासक ने किया शहर के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन

- कैंबवाला में एमसीसी ने निर्मित किया सरोवर
- जल संरक्षण के अलावा पर्यावरण को भी मिलेगा बढ़ावा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 16 अगस्त। शहर में जल संरक्षण एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए नगर प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने गांव कैंबवाला में चंडीगढ़ के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। ध्यान देने योग्य बात है कि यह सरोवर नगर निगम चंडीगढ़ की तरफ से तैयार किया गया है। इस अवसर पर शहर की मेयर सरबजीत कौर ढिल्लों, प्रशासक के सलाहकार धर्मपाल और निगमायुक्त श्रीमती अनिन्दिता मित्रा भी उपस्थित रहीं।

अमृत सरोवर का उद्घाटन करने से पहले प्रशासक ने अमृत सरोवर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने 'वरुण देवता' की पूजा करने के बाद कैंबवाला के स्थानीय निवासियों को सरोवर समर्पित किया।

सभा को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ की मेयर सरबजीत कौर ढिल्लों ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भविष्य के लिए जल संरक्षण के लिए एक मिशन शुरू किया जिसे 'अमृत सरोवर मिशन' के नाम से जाना जाता है जो 15 अगस्त, 2023 तक पूरा हो जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए, 'अमृत सरोवर' का उद्देश्य 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है। भारत के प्रत्येक जिले में। इस मिशन के तहत एक एकड़ से अधिक आकार के 50,000 जलाशय बनाए जाएंगे और इस मिशन के तहत चंडीगढ़ नगर निगम ने गांव कैंबवाला में इस खूबसूरत सरोवर का कायाकल्प किया है। कैंबवाला में अमृत सरोवर के बारे में जानकारी साझा करते हुए, निगमायुक्त अनिंदिता मित्रा ने कहा कि प्रत्येक अमृत सरोवर 10,000 क्यूबिक मीटर जल धारण क्षमता के साथ लगभग एक एकड़ का होगा। मिशन का केंद्र बिंदु लोगों की भागीदारी है।

खुड्डा अलीशेर में 2 तालाबों के कायाकल्प का कार्य शुरू

उन्होंने कहा कि नगर निगम ने 'अमृत सरोवर मिशन' के तहत गांव सारंगपुर, गांव खुड्डा अली शेर और सुंदर सरोवर सहित 2 अन्य तालाबों के कायाकल्प का काम शुरू किया है और जल्द ही इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सरोवर के लिए अलग से रिचार्ज मैकेनिज्म भी विकसित किया गया है, जो तालाब को एक निश्चित स्तर तक भरेगा. उन्होंने कहा कि ये सरोवर भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेंगे और गांवों में बाढ़ से भी बचेंगे।

ये रहे मौके पर मौजूद

कार्यक्रम के दौरान गृह सचिव नितिन कुमार यादव, वित्त सचिव विजय नामदेवराव जेड, निगमायुक्त अनिंदिता मित्रा, दलीप शर्मा वरिष्ठ उप महापौर, अनूप गुप्ता उप महापौर, पार्षद जसविंदर कौर, एमसीसी के अन्य पार्षद और स्थानीय निवासी भी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ

कमानीदार चाकू रखने के साथ आरोपी काबू

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। थाना-11 पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सेक्टर 15 के रहने वाले 28 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस 15 अगस्त को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 15 पार्क के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को रोककर पूछताछ के दौरान तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

चंडीगढ़ (अप्रस)। पुलिस ने देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस रखने के मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन सेल पुलिस ने देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस समेत आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मौली जागरा के रहने वाले 22 वर्षीय सरवन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पुलिस 15 अगस्त को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सब्जी मंडी सेक्टर 26 के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर एक आरोपी युवक को रोककर पूछताछ के दौरान तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

ट्रक व कार की भिड़ंत, ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस)। थाना इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस ने ट्रक और कार की भिड़ंत के चलते आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपी ट्रक चालक की पहचान बिहार के रहने वाले मुन्ना पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता दिल्ली के रहने वाले कर्मवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। वह 13 अगस्त को चंडीगढ़ में किसी काम से आया था। जैसे ही वह इंडस्ट्रीएल एरिया स्थित फेज एक सेंट्रल मॉल लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा तो एक आरोपी ट्रक चालक ने उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दी थी। जिसकीं सूचना तुरत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

172 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर काबू

चंडीगढ़ (अप्रस)। यूटी पुलिस के ऑपरेशन सेल ने हेरोइन की तस्करी करने वाले आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नाइजीरिया के रहने वाले 34 वर्षीय चुकवूडी सेमसन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि 15 अगस्त को मध्य नजर रखते हुए पुलिस 14 अगस्त को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस आईएसबीटी सेक्टर 17 बैकसाइड टी पॉइंट के पास पहुंची तो सामने से आ रहा एक शख्स पुलिस पार्टी को देख कर पीछे की तरफ मुड़ गया। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से 172 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को नया रास्ता दिखाएगी भ्रष्टाचार पर जीरो टारलेंस होगा: बनवारी लाल पुरोहित

- प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने परेड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 16 अगस्त। नगर प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने सोमवार को परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने चंडीगढ़ व पंजाब के निवासियों को देश की 75वीं स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि शहर में शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर बनाने के लिए कई स्कूलों की इमारतें व स्मार्ट क्लास रुम की सुविधा के साथ उच्च क्वालिफाइड टीचर्स की भर्ती की जा रही है। शहर में राजकीय स्कूलों में अब छात्रों को स्किल प्रशिक्षण कोर्स करवाने पर फोकस किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 के तहत अब आने वाले समय में युवाओं को नया रास्ता दिखाएगी जिसमें कई ऐसे प्रावधान किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन शहर को सोलर सिटी बनाने में आगे बढ़ रहा है और आने वाले सालों में शहर में 75 मैगावाट बिजली सोलर से पैदा होगी। उन्होंने शहरवासियों से ज्यादा से ज्यादा सोलर एनर्जी के प्रयोग करने पर बल दिया जिससे देश में प्राकृतिक संसाधनों पर बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शहर में अब तक 24 हजार पारंपरिक बिजली के मीटरों को स्मार्ट मीटरों में परिवर्तित कर दिया गया है। शहर में प्रदूषण को कम करने के लिए प्रशासन ने 80 इलैक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतार दिया है। शहर में भ्रष्टाचार पर जीरो टारलेंस को लागू किया गया है जो इसमें संलिप्त मिलेगा उसके खिलाफ कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है जिसमें शहर के 34 हैल्थ एवं वैलनेस सेंटरों को अपग्रेड कर टेलीमेडिसिन व ई संजीवनी से जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि शहर में खेलों को और बेहतर बनाने के लिए बेहतर स्पोर्ट्स कांप्लैक्स व स्टेडियम बनाए गए हैं वहीं खेलो इंडिया गेम्स-21 में शहर के 16 खिलाड़ियों की ओर से पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी वह भविष्य में अन्य सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिया। वहीं नगर प्रशासक पुरोहित ने कहा कि खेलो इंडिया एथलीटों के लिए सैक्टर 18 में महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पुलिस को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ पुलिस कमांड कंट्रोल कक्ष भी शहर में आपराधिक गतिविधियों व यातायात नियमों का सख्ती से पालन कर रहा है। उन्होंने निगम की ओर से शहर को कचरा मुक्त करने के लिए शुरू किये अभियान की भी प्रशंसा की, वहीं लोगों से भी इसमें पूरा सहयोग करने की अपील की।

कपड़े के थैलों का उपयोग कर पर्यावरण को बचाने का संदेश

- नेकी का द्वार नाभा ने अनोखे तरीके से मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 16 अगस्त। नाभा में एनजीओ नेकी का द्वार की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जनता को कपड़े से बने 400 थैले वितरित किए गए। सब लोगों से नो सिंगल यूज प्लास्टिक आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया गया।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिता गर्ग ये एनजीओ चलाती हैं। उनकी टीम में 17 सदस्य हैं जो उनकी मदद करते हैं। डॉ. सुनिता गर्ग व उनकी एनजीओ सामाजिक गतिविधियों के लिए इस क्षेत्र में एक जानामाना चेहरा बन चुकी हैं। संस्था नाभा और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से पुराने कपड़े, खिलौने, चादरें, पर्दे, जूते, बर्तन और सभी घरेलू सामान एकत्र करती है, जिन्हें जीवन नर्सिंग होम में संग्रहित किया जाता है। अस्पताल के सामने एक दुकान में इन्हें प्रदर्शित कर , मात्र 30 रुपये की मामूली कीमत पर जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाया जाता है। इस संस्था के द्वारा एकत्र किए गए धन से, एनजीओ वंचित लड़कियों की शादियों के लिए मदद करता है। इतना ही नहीं गरीब मरीजों की मदद भी करता है और पेशेवर कॉलेजों और स्कूलों में जरूरतमंद 40 छात्रों की शिक्षा प्रायोजित करता है।

नो सिंगल यूज प्लास्टिक मूवमेंट के साथ जुड़ते हुए एनजीओ ने कपड़ों, चादरों और पुराने पर्दों से कपड़े के थैले तैयार किए हैं। अब तक नेकी का द्वार ने कुल मिलाकर लगभग 1200 कपड़े के थैले वितरित किए हैं। 75 वें स्वतंत्रता दिवस जो कि आजादी की अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है के मौके पर नेकी का द्वार ने नागरिकों को 400 कपड़े से बने बैग वितरित किए जिससे वह नो सिंगल यूज प्लास्टिक आंदोलन का समर्थन कर सकें। डॉ. सुनीता गर्ग ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल क्षेत्र में बल्कि पूरे राज्य में बायोडिग्रेडेबल कपड़े के थैलों का उपयोग करने और हानिकारक सिंगल उपयोग वाले प्लास्टिक बैग से बचने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने नाभा के सभी लोगों को अपने एनजीओ को पुराने कपड़े दान करने के लिए धन्यवाद दिया क्योंकि ये न केवल बैग के लिए बुनियादी सामग्री के रूप में काम करते हैं बल्कि गरीब महिलाओं को इन बैगों की सिलाई से रोजगार भी मिलता है। उन्होंने बताया कि छात्रों की शिक्षा के लिए एनजीओ से 35 प्रायोजक जुड़े हुए हैं जो हमारे प्रोजेक्ट एक उम्मीद नेकी का द्वार को उदारतापूर्वक दान दे रहे हैं।

रंगदारी मामले में 4 नकली पुलिस अधिकारी काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 16 अगस्त। थाना-आईटी पार्क पुलिस ने फेक क्राइम ब्रांच पुलिस के अधिकारी बनकर जबरन वसूली/धोखाधड़ी करने के मामले में 4 शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के नयागांव जिला मोहाली के रहने वाले 38 वर्षीय संदीप, 33 बर्षीय विशाल, फेज चार मोहाली के रहने वाले 38 बर्षीय सुखविंदर सिंह,और आईटी पार्क चंडीगढ़ के रहने वाले 32 बर्षीय मोहाली के रहने वाले कुलजिन्दरसिह के रूप में हुई है। थाना आईटी पार्क पुलिस को सीक्रेट इंफॉर्मेशन मिली थी कि फेक क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर जबरन वसूली/धोखाधड़ी करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना आईटी पार्क पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर रोहताश यादव की सुपरविजन में एक टीम गठित की गई। टीम ने सूचना के आधार पर चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मामले का खुलासा किया। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 365, 384, 419, 120बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

क्या था पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक पीड़ित शिकायतकर्ता एनआईसी मनीमाजरा के रहने वाले अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पंचकूला में प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का काम करता है। 12 अगस्त को दोपहर करीब 2.30 बजे पीड़ित के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर फोन आया। वह पीड़ित को मिलना चाहते हैं। कहां मिलेगा। पीड़ित ने कहा कि वह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर आईटी पार्क से एनआईसी मनीमाजरा की तरफ जा रहा। आरोपियों ने कहा कि वह आईटी पार्क क्षेत्र में है। और वह उन्हें डीएलएफ लाइटों पर मिलने के लिए कहा। पीड़ित एक्टिवा खड़ी कर डीएलएफ लाइटों के पास खड़ा हो गया। इसी दौरान एक इनोवा कार आई। कार की पिछली सीट पर बैठे दो आरोपी युवकों ने पीड़ित को खींचकर कार में बिठा लिया। आरोपियों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। और कहा कि वह चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच से हैं। उन्होंने कहा कि उसकी कई दिनों से तलाश थी। और उसके वारंट निकले हुए हैं। गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे एक युवक ने जबरदस्ती पीड़ित शिकायतकर्ता की पेंट की पिछली जेब से पर्स निकाल लिया। जिसमें करीब 15 हजार रूपए थे। और पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। और आरोपी पीड़ित के साथ मारपीट करते रहें। और कार में ही इधर-उधर घुमाते रहे। और बाद में आरोपी पीड़ित को किशनगढ़ चौक के पास उतारकर और उसका मोबाइल फोन देकर चले गए। पीड़ित शिकायतकर्ता इतना सहम गया कि उसने इस घटना के बारे किसी को जिक्र नहीं किया। अगले दिन 13 अगस्त को सुबह करीब 10:00 बजे पीड़ित को उसी नंबर से फिर कॉल आया। और उन्होंने कहा कि वह उन्हें कोई मोटी पार्टी या फिर कोई गलत काम करता है। उसका कांटेक्ट नंबर दे। वह उसके 15 हज़ार रूपए वापिस कर दे गए। लेकिन पीड़ित ने उन्हें कुछ समय देने के लिए कहा। लेकिन आरोपी पीड़ित को बार बार फोन किए जा रहे थे। और पीड़ित को किशनगढ़ चौक के पास मिलने के लिए बोल रहे थे। पीड़ित ने जिसकी सूचना तुरंत थाना आईटी पार्क पुलिस को दी। थाना आईटी पार्क पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम गठित की गई। पीड़ित को आरोपियों से मिलने के लिए कहा और पुलिस की टीम कुछ दूरी पर खड़ी हो गई। जैसे ही पीड़ित आरोपियों से शाम करीब 7 बजे मिलने गया। इसी दौरान ट्रैप लगाकर खड़ी थाना आईटी पार्क पुलिस ने आरोपियों को धर दबोच लिया था। पुलिस के मुताबिक पता चला है कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी इसी तरह पहले भी नयागांव और एक चंडीगढ़ में वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

JOIN INDIAN NAVY

Indian Navy invites online applications from unmarried male candidates, to join as Permanent Commission Officers under 10+2 (B. Tech) Cadet Entry.

Branch/Cadre	Vacancies	Educational Qualification	Born Between (Both Dates Inclusive)
Education Branch	05	Passed Senior Secondary Examination (10+2 Pattern) or its equivalent examination from any Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or XII)	02 Jul 2003 & 01 Jan 2006
Executive and Technical Branch	31		

Entry is open from 18 Aug 22.
The last date for submission of online application is 28 Aug 22.

For eligibility criteria and details, visit www.joinindiannavy.gov.in and Employment News dated 13 Aug 22.

Scan this QR Code to apply online

CBC 10701/13/0009/2223

लाल किले से पंच प्रण

आजादी के 75 वर्ष पूरे के अवसर पर इस बार का स्वतंत्रता दिवस समारोह देश के लिए यादगार रहा, लेकिन इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लाल किले की प्राचीर से दिया गया भाषण विचारों का संप्रेषण नहीं, अपितु संकल्प का ऐसा ज्योतिपुंज रहा जोकि देश के अगले 25 वर्षों बाद जब स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन होगा, के लिए एक प्रेरक राह तैयार करेगा। यह भाषण इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने सामान्य बातों का इसमें जिक्र नहीं किया, अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाने के अतिरिक्त उन्होंने इस बार देश की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार पर वार किया है। इसके अलावा उन्होंने राजनीति में परिवारवाद पर भी सबसे बड़ा आघात किया है। बीते कुछ समय के दौरान परिवारवाद की राजनीति ने न केवल खुद को कमजोर किया है, अपितु देश के संसाधनों पर भी उसकी छाया नजर आती है। इससे जनता का हित बहुत पीछे छूट जाता है और कुछ लोगों का स्वार्थ ही सामने खड़ा दिखता है। मोदी ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को विकृति नाम देते हुए इनसे नफरत करने और अगले 25 वर्षों में विकसित भारत का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए पंच प्रण लेने का आह्वान देश से किया है।

मोदी का अपने भाषण में यह कहना सर्वथा उचित है कि आजादी के इस 'अमृत काल' में लोगों की आकांक्षाएं उफान पर हैं और वे नए भारत की तेज गति और प्रगति देखने को लालायित हैं। यह बीते कुछ वर्षों के दौरान हुआ है, जब देश के अंदर गजब का उत्साह और आत्मविश्वास आया है। जब पूरी दुनिया कोरोना संक्रमण से जूझ रही थी और अनेक देशों में इसकी स्थिति बेकाबू हो चुकी थी, तब भारत में काफी कुछ नियंत्रित था और उसे अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से नियोजित किया जा रहा था। तब देश के लोगों का आत्मविश्वास चरम पर था और इसी बात ने आज उसे विश्व के दूसरे देशों के समक्ष खुद को सबसे आगे खड़ा कर दिया है। जाहिर है, 130 करोड़ लोगों के इस व्यापक समूह को लोकतंत्र की ताकत संयोजित कर रही है, और प्रधानमंत्री ने लाल किले से इसी ताकत का सम्मान करते हुए इसका महिमा वर्णन यह कहकर किया कि हमारे देश ने साबित कर दिखाया है कि हमारे पास हमारी विविधता से अंतर्निहित ताकत है और राष्ट्रभक्ति का धागा भारत को अटूट बनाता है।

30 करोड़ लोगों के इस व्यापक समूह को लोकतंत्र की ताकत संयोजित कर रही है, और प्रधानमंत्री ने लाल किले से इसी ताकत का सम्मान करते हुए इसका महिमा वर्णन यह कहकर किया कि हमारे देश ने साबित कर दिखाया है कि हमारे पास हमारी विविधता से अंतर्निहित ताकत है और राष्ट्रभक्ति का धागा भारत को अटूट बनाता है

यह सवाल प्रत्येक नागरिक कर रहा है कि आखिर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री ने यह उद्घोष क्यों किया है। उन्होंने किसी तरफ कोई इशारा नहीं किया है, लेकिन दशकों से चले आ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अब अगर लाल किले की प्राचीर से कोई बात हो रही है तो इसका कोई तो अभिप्राय होगा। बेशक, इसका राजनीतिक मकसद निकाला जाए, क्योंकि शब्दों के धनी मोदी राजनीति की नब्ज पकड़े हुए हैं, वे आज की भारतीय राजनीति के ऐसे मास्टर हैं, जिनके ईद-गिर्द घटनाएं घूम रही हैं, वे लोकतंत्र की ताकत के माध्यम से देश को जैसी प्रयोगशाला बना चुके हैं, उसमें देश नित नई योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठा रहा है। यह मोदी ही थे, जब उन्होंने प्रत्येक घर में शौचालयों के निर्माण का मुद्दा उठाया था और उसके बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। इसके बाद उन्होंने प्लास्टिक के खिलाफ ऐलान किया। उनके आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान जारी है, जिसका व्यापक असर हो रहा है। उन्होंने जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवाज बुलंद की है, जिसका असर भी दिख रहा है। ऐसे में अब भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ जंग का उनका आह्वान एक ऐसी स्व निर्मित लड़ाई का आगाज है, जिसका असर वर्ष 2024 के आम चुनाव में देखने को मिल सकता है। इस समय सत्ता में बैठे और उससे बाहर चल रहे अनेक राजनीतिक दलों के नेताओं के खिलाफ जांच चल रही हैं, उनके आवासों से नोटों के जखीरे निकल रहे हैं। वहीं भ्रष्टाचार में सजा काटने के बावजूद अनेक राजनीतिक दल सत्ता में आकर लोकतंत्र का उपहास उड़ाने में लगे हैं। यह बड़ा प्रश्न हो जाता है कि जिसके मुंह भ्रष्टाचार का पैसा लग चुका है, वह आगे ऐसा कोई प्रण लेगा कि अब ऐसा नहीं करेगा।

मोदी ने कहा कि भारत जैसे लोकतंत्र में जहां लोग गरीबी से जूझ रहे हैं, तब यह दृश्य देखने को मिलते हैं कि एक तरफ वह लोग हैं जिनके पास रहने के लिए जगह नहीं है... दूसरी तरफ वह लोग हैं, जिनके पास अपना चोरी किया हुआ माल रखने के लिए जगह नहीं है... यह स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिए हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ना है। उन्होंने भाषण में यह बात भी कही कि जो लोग पिछली सरकारों में बैंकों को लूट-लूट करके भाग गए, उनकी संपत्तियां जब्त करके वापस लाने की कोशिश जारी है। उनका इशारा विदेश में बैठे उन कारोबारियों की तरफ था, जिन पर सरकार की ओर से मदद किए जाने के आरोप भी लगते हैं। मोदी ने एक निश्चय के साथ कहा कि अब वे बच नहीं पाएंगे...इस मिजाज के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में हिंदुस्तान कदम रख रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के भारत के प्रति बदले नजरिए का भी जिक्र किया है। उनका यह कहना सही है कि अब समस्याओं का समाधान भारत की धरती पर खोजा जाने लगा है। भारत अब एक पारंपरिक और सांप-सपेरों का देश नहीं रहा। यह भ्रम टूट चुका है और विश्व अब उसे एक शक्तिशाली और ज्ञानवान एवं दूरदर्शी देश के रूप में देख रहा है, जिसके हाथों में बेहतर विश्व का नियोजन है। भारत की मौजूदगी विश्व को यह अहसास दिलाती है कि कुछ भी गलत नहीं होगा और अगर हुआ तो भारत की वजह से वह सही हो जाएगा। मोदी का यह कहना कि दुनिया समस्याओं का समाधान भारत की धरती पर खोजने लगी है, उचित है। वास्तव में इस स्वतंत्रता दिवस पर देश ने जो संकल्प धारण किए हैं, अगले वर्षों के दौरान उन्हें पूरा किया जाना अवश्यंभावी होगा। गति ही जीवन है, भारत को अपने संकल्पों की सिद्धि के लिए कठोर निर्णय लेने होंगे वहीं उन व्यवधानों का परित्याग करना ही होगा, जोकि इस देश की प्रगति में रोड़ा बने हुए हैं।

भारतीय लोकतंत्र के दो दीमक

दैनिक अर्थ प्रकाश

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

75 साल में भी इस खजूर के पेड़ को हम आम का पेड़ नहीं बना सके तो हम अपना सीना कैसे फुला सकते हैं? इस कमजोरी के लिए हमारे सारे नेता और जनता भी जिम्मेदार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लाल किले के भाषण में देशवासियों को प्रेरित करने के लिए कई मुद्दे उठाए लेकिन दिन भर टीवी चैनलों पर पार्टी-प्रवक्ता लोग सिर्फ दो मुद्दों को लेकर एक-दूसरे पर जमकर प्रहार करते रहे। उनमें पहला मुद्दा परिवारवाद और दूसरा मुद्दा भ्रष्टाचार का रहा। यद्यपि मोदी ने किसी परिवारवादी पार्टी का नाम नहीं लिया और न ही किसी नेता का नाम लिया लेकिन उनका इशारा दो-टूक था। वह था कांग्रेस की तरफ। यदि कांग्रेस मां-बेटा या भाई-बहन पार्टी बन गई है तो, जो दुर्गुण उसके इस स्वरुप से पैदा हुआ है, वह किस पार्टी में पैदा नहीं हुआ है? यह ठीक है कि कोई भी अखिल भारतीय पार्टी कांग्रेस की तरह किसी खास परिवार की जेब में नहीं पड़ी है लेकिन क्या आप देश में किसी ऐसी पार्टी को जानते हैं, जो आज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम नहीं कर रही है? सभी पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र लकवाग्रस्त हो चुका है। एक नेता या मुट्ठीभर नेताओं ने लाखों-करोड़ों पार्टी- कार्यकर्त्ताओं के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। भारत की प्रांतीय पार्टियां तो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मुखौटा भी नहीं लगाती हैं। वे बाप-बेटा, भाई-भाई, बुआ-भतीजा, पति-पत्नी, प्रेमी-प्रेमिका, चाचा-भतीजा, ससुर-दामाद पार्टी की तरह काम कर रही हैं। ये सब पार्टियां परिवारवादी ही हैं। इन परिवारवादी पार्टियों का मूलाधार जातिवाद है, जो परिवारवाद का ही बड़ा रूप है। ये पार्टियां थोक वोट के दम पर जिंदा हैं। थोक वोट आप चाहे जाति के आधार पर हथियाएं, चाहे हिंदू-मुसलमान के नाम पर कब्जाएँ या भाषावाद के नाम पर गटकाएँ, ऐसी राजनीति लोकतंत्र का दीमक है। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जरुर है लेकिन बड़ा हुआ तो क्या हुआ? जैसे पेड़ खजूर! पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर !! यदि 75 साल में भी इस खजूर के पेड़ को हम आम का पेड़ नहीं बना सके तो हम अपना सीना कैसे फुला सकते हैं? इस कमजोरी के लिए हमारे सारे नेता और जनता भी जिम्मेदार है। इस साल यदि इस बीमारी का संसद कोई इलाज निकाल सके तो 2047 में भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र बन सकता है। जहां तक भ्रष्टाचार का सवाल है, यह दृष्टव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज तक उसका एक छींटा भी नहीं लगा है लेकिन यह भी तथ्य है कि प्रशासन और जन-जीवन में आज भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

सिर्फ विरोधी नेताओं को जेल में डालने से आपको प्रचार तो अच्छा मिल जाता है लेकिन उससे भ्रष्टाचार-निरोध रत्ती भर भी नहीं होता। सारे भ्रष्टाचारी भरसक प्रयत्न करते हैं कि वे सरकार के शरणागत होकर बच जाएं और जो पहले से सरकार के साथ हैं, उन्हें भ्रष्टाचार करते समय ड़रा भी भय नहीं लगता। यदि भ्रष्टाचार जड़मूल से नष्ट करना है तो इसमें अपने-पराए का भेद एकदम खत्म होना चाहिए और सजाएं इतनी कठोर होनी चाहिए कि भावी भ्रष्टाचारियों के रोम-रोम को कंपा डालें।

सृजन पाल सिंह

देश भर में छाए तिरंगे देखकर दिल अभिभूत हो रहा है।यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार पहल है।इस अवसर पर हमें नवीन जिंदल का भी धन्यवाद करना चाहिए, जिन्होंने नागरिकों को तिरंगा फहराने के लिए अधिकारी की आदलती लड़ाई लड़ी।

राजीव मंत्री

हर घर तिरंगा अभियान के रूप में हक एक अद्‌भुत अनुभव के साक्षी बन रहे है। याद नहीं आता है कि पूरे देश ने देशभक्ति का इतना बड़ा सेलाब पहले कब देखा था। यह आश्चर्यचकित करने वाला है।

हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक विकास के जन्मदाता थे अटल बिहारी वाजपेयी

दैनिक अर्थ प्रकाश

राजेंद्र चौधरी

आज विकास पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की चौथी पुण्य तिथि पर जहां पूरा देश उनको नमन कर रहा है वहीं वह ऐसे श स थे जो अपने पीएम के कार्यकाल में हिमाचल को बहुत कुछ देकर गए। हिमाचल को अटल जी अपना दूसरा घर मानते थे तो प्रीणी कुल्लू में उनका आना जाना लगा रहता था। पीएम रहते भी पूर्व पीएम के नाते भी वो कई दफा हमारे हिमाचल में जरुर आए जिससे उनका पहाडी लोगों से प्यार स्वतः ही बन गया और वो हमारी दिक्कतों से बखूबी वाकिफ थे। वो ऐसा दौर था जब प्रेमकुमार धूमल ने पहली बार सी.एम. की कमान 1998 सभांली थी और हमारे अटल जी ने पी.एम की। एक बार उनसे वार्ता के दौरान धूमल जी से अटल से कहा कि मैं पहाडी लोगों को क्या दूं जिससे उनको फायदा हो सके और उनका स्तर उपर उठ सके आर्थिकी मजबूत हो। धूमल जी ने कहा कि अटल जी कोई ऐसी चीज दो जो लंबे समय तक याद रहे जिसका फायदा पूरे प्रदेश को मिले। बातें चलती-चलाती रही तो धूमल जी ने कहा कि अटल जी अगर आप हमें कोई योजना, संस्थान, परियोजना देते हो तो वो वहीं तक सीमीत हो जाएगा। या आर्थिक पैकेज देते हो तो वो भी चंद समय बाद समाप्त हो जाएगा। अटल जी ने कहा प्रेमकुमार तू ही बता फिर क्या दूं ? तु हे अपने प्रांत बारे ज्यादा पता है और आज मैं पीएम हूं और यह मेरा दूसरा घर है और यहां के लोगों से प्यार है। लोग ईमानदार व भोले भाले हैं। इसके बाद प्रेम ने प्रेम से कहा कि आप हमारी पहाडी स्टेट को विशेष औद्योगिक पैकेज दे दो ताकि यहां की बेरोजगारी दूर हो सके और पूरे प्रदेश में उद्योग लगेंगे तो विकास तो होगा ही साथ में बेरोजगारों की फौज को भी राहत मिलेगी। धूमल ने का कि यहां का शांत वातावरण व सस्ती बिजली व अच्छी कानून व्यवस्था के कारण यहां बडे घराने निवेश करने से गुरेज नहीं करेंगे। इस पर अटल जी ने कहा कि अगर पैकेज देना है तो मुझे पीएम होने के नाते तीनों पहाडी स्टेटों देना पडेगा बेशक जिसमें उतरांचल व जेके में दूसरी पार्टियों की सरकारें हैं। अगर हमने अकेले एचपी को दिया तो यह उनके साथ नाईसांफी होगी और लोग मुझपर सवाल उठाएंगे कि हिमाचल को इसलिए दिया कि यहां पर बीजेपी है। प्रेम कुमार धूमल जी ने कहा कि मुझे कोई एतराज नहीं है। उस समय पैकेज के गवाह रहे फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज के प्रदेश संगठन मंत्री रणेश राणा ने यादों को ताजा करते हुए बताया कि इसके बाद औद्योगिक पैकेज की फाईल को सिर चढ़ाने के लिए प्रो धूमल की अहम भूमिका रही। जब फाईल पर अंतिम साईन होने थे तो प्रो धूमल दिल्ली में थे और ताबडतोड बारिश हो रही थी लेकिन वह स्वयं अपने साथ फाईल लेकर मंत्री शौरी के घर रात 12 बजे पहुंच गए क्योंकि उनको डर था कि कोई चीज रह गई तो रह गई। अटल जी ने सोलन रैली में पैकेज की घोषणा की थी और उसके बाद के चुनावों में बीजेपी हार गई। उसके बाद हिमाचल के सीमांत एरिया में खूब उद्योग लगे और खूब औद्योगिक विकास हुआ। प्लानिंग न होने के कारण जहां तहां उद्योग लग गए। सबसे ज्यादा निवेश हमारे एरिया बददी बरोटीवाला नालागढ़ में हुआ क्योंकि यही दिल्ली के सबसे ज्यादा नजदीक था और उद्यमियों को यह खूब भाया। मध्य व उपरी हिमाचल को पैकेज का खास लाभ नहीं मिला। 2009 को बददी को अलग पुलिस जिला बनाया गया और 13वां एसपी यहां बैठा। रणेश राणा ने आगे बताया कि कुल मिलाकर अटल जी की जो दूरदर्शी सोच थी और प्रो धूमल की पैकेज को लेकर जो कर्मठता थी उसके बाद औद्योगिक विकास की बयान यहां खूब बही। सबसे ज्यादा फायदा बीबीएन के लोगों को हुआ। चाहे उनके ट्रक-टैंपो या वाहन उद्योगों में चले या चाहे उनके कमरे /शैड किराए पर चढे या बाजार का विस्तार हुआ। सारा फायदा बीबीएन के लोगो को हुआ और उनके आर्थित स्तर में बहुत बडा जंप मिला। प्रापर्टी डीलींग में लोगों ने खूब पैसे कमाए और उनका योगदान भी विकास में खूब रहा। तब अटल ने यह कभी नहीं कहा था कि यहां सिर्फ हिमाचली को ही रोजगार मिले बल्कि कहा था हिमाचल व मेरे देश का खूब विकास हो और हिमाचलियों का घर द्वार ही रोजगार मिले यह मेरा मानना है क्योंकि यहां पर पर्यटन के अलावा कुछ नहीं है और पर्यटन भी 12 मास नहीं चलता।

देश प्रेम को कुछ विशेष दिनों तक ही सीमित करके नहीं रखें

दैनिक अर्थ प्रकाश

यह खुशनुमा अहसास है कि हमारा देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी यानी जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

यजन्म स्थान या अपने देश को मातृभूमि कहा जाता है। भारत और नेपाल में भूमि को मां के रूप में माना जाता है। यूरोपीय देशों में मातृभूमि को पितृ भूमि कहते हैं। दुनिया के कई देशों में मातृ भूमि को गृह भूमि भी कहा जाता है। इंसान ही नहीं, पशु-पक्षियों और पशुओं को भी अपनी जगह से प्यार होता है, फिर इंसान की तो बात ही क्या है। हम ख़ुशनसीब हैं कि आज हम आज़ाद देश में रह रहे हैं। देश को ग़ुलामी की ज़ंजीरों से आज़ाद कराने के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत क़ुर्बानियां दी हैं। उस वक़्त देश प्रेम के गीतों ने लोगों में जोश भरने का काम किया। बच्चों से लेकर नौजवानों, महिलाओं और बुज़ुर्गों तक की ज़ुबान पर देश प्रेम के जज़्बे से सराबोर गीत किसी मंत्र की तरह रहते थे। क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल की नज़्म ने तो अवाम में फ़िरंगियों की बंदूक़ों और तोपों का सामने करने की हिम्मत पैदा कर दी थी।

सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है
देखना है ज़ोर कितना बाज़ु-ए-क़ातिल में है
वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां
हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है...

देश प्रेम के गीतों का ज़िक्र मोहम्मद अल्लामा इक़बाल के बिना अधूरा है। उनके गीत सारे जहां से अच्छा के बग़ैर हमारा कोई भी राष्ट्रीय पर्व पूरा नहीं होता। हर मौक़े पर यह गीत गाया और बजाया जाता है। देश प्रेम के जज़्बे से सराबोर यह गीत दिलों में जोश भर देता है।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिस्तां हमारा
यूनान, मिस्त्र, रोमा, सब मिट गए जहां से
अब तक मगर है बाक़ी, नामो-निशां हमारा...

जयशंकर प्रसाद का गीत यह अरुण देश हमारा, भारत के नैसर्गिक सौंदर्य का बहुत ही मनोहरी तरीक़े से चित्रण करता है।

अरुण यह मधुमय देश हमारा
जा पहुंच अनजान क्षितिज को
मिलता एक सहारा...

हिन्दी फ़िल्मों में भी देश प्रेम के गीतों ने लोगों में राष्ट्र प्रेम की गंगा प्रवाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज़ादी से पहले इन गीतों ने हिन्दुस्तानियों में ग़ुलामी की जंज़ीरों को तोड़कर मुल्क को आज़ाद कराने का जज़्बा पैदा किया और आज़ादी के बाद देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार करने में अहम किरदार अदा किया है। फ़िल्मों का ज़िक्र किया जाए तो देश प्रेम के गीत रचने में कवि प्रदीप आगे रहे। उन्होंने 1962 की भारत-चीन जंग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 'ऐ मेरे वतन के लोगों ज़रा आंख में भर लो पानी' गीत लिखा। लता मंगेशकर द्वारा गाये इस गीत का तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मौजूदगी में 26 जनवरी, 1963 को दिल्ली के रामलीला मैदान में सीधा प्रसारण किया गया था। गीत सुनकर जवाहरलाल नेहरू की आंखें भर आई थीं। साल 1943 बनी फिल्म क़िस्मत के गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है' ने उन्हें अमर कर दिया।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** का दिन

मुख्यमंत्री ने की रिक्शा सवारी

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री हाथ में एक छाता लिए हुए अपने निवास से निकलते हैं, अगवानी के लिए खड़ी हुई अपनी कार पर उपेक्षा को नज़र डालते हुए वह रिक्शा वाले को बुलाते हैं और दफ्तर के लिए रवाना हो जाते हैं।

आजकल भुवनेश्वर शहर की जनता को शनिवार और वीरवार के दिन यह नज़ारा देखने को मिलता है। एक जमाना था जब मुख्यमंत्री के रुतबे के लोग कारों के लम्बे काफिले के साथ प्रस्थान करते थे। मगर जब से उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने पेट्रोल की बचत को दिशा में खुद पहल करने का फैसला किया। तब से राज्य के अनेक मन्त्री और उच्च अधिकारी साईलिक से, रिक्शा से या पैदल अपने दफ्तर की ओर दौड़ते दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री ने पेट्रोलियम उत्पादों के इस्तेमाल में किफायत के उद्देश्य के इस्तेमाल में किफायत के उद्देश्य से तहांत के दौरान इस तरह सफर करने का निर्णय लिया है। उनके सहयोगी उनका अनुकरण करते हैं। मगर आम आदमी के लिए यह आसामान्य की चीजे है। यह तो इसे आंखें मल मलकर देखते हैं।

सरकारी सूत्रों का दावा है इन कदमों की वजह में राज्य में पेट्रोल की खपत घटी है।

शान्ता कुमार हस्पताल में

चंडीगढ़। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जी कल हस्पताल में दाखिल कराया गया जब वह कल सायं 7 बजे हिमाचल खादी बोर्ड में बोल रहे तो अचानक उनके सिने में दर्द हुआ जिस करके उन्हें हस्पताल में दाखिल कराया गया है।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

चेतावनी के बावजूद खोल दी 2000 पुरानी रहस्यमयी कब्र, अंदर का नजारा देख खड़े हो गए रोंगटे

आपने ममी के बारे में तो सुना ही होगा। मृत शरीर पर लेप लगाकर उसे सालों तक सुरक्षित रखने की प्रक्रिया को ममी कहते हैं। प्राचीन मिस्त्र में तो अपने प्रियजनों की मौत के बाद उनकी ममी बनवाकर उन्हें सालों तक संभाल कर रखते थे। हाल ही में 2000 साल पुरानी ममी से जु?ी भयानक खबर सामने आयी है, जो आपके भी रोंगटे ख? कर देगी।

मिस्त्र के एलेक्जेंन्ड्रिया शहर में नौ फीट गहरी रहस्यमयी पत्थर की कब्र को कड़ी चेतावनी के बावजूद खोल दिया गया। इस कब्र को लेकर चेतावनी ये थी कि यह एक शापित कब्र है, जिसे खोलने से काफी समस्याएं आ सकती हैं।

लेकिन इसके बावजूद इसे खोल दिया गया। 2000 साल पुराने इस कब्र में खोजकर्ताओं को पूरी तरह से सड़ चुके तीन ममी मिले हैं। तीनों ममी काले ग्रेनाइट से बनी कब्र के अंदर बेहद बदबूदार सीवर के पानी पर तैरती हुई मिलीं। हालांकि, इसे एलेक्जेंन्ड्रिया शहर की सबसे बड़ी खोज बताया जा रहा है।

इस कब्र को लेकर काफी लोगों में डर था कि यह एक शापित कब्र है। जब साल 1922 में राजा तुतनखामून की कब्र खोली गई थी। कुछ समय बाद इससे जुड़े कई लोगों की मौत हो गई थी, तभी से ये अफवाह फैली कि यह एक शापित कब्र है।

मिस्त्र की सुप्रीम काउंसिल ऑफ एंटीक्विटीज के महासचिव मुस्तफा वजीरी के अनुसार, कब्र को खोल दिया है और अभी तक किसी भी प्रकार के शाप ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। कब्र के अंदर मिले तीनों ममी रोमन शाही परिवार के सदस्यों के नहीं हैं क्योंकि किसी भी प्रकार की चांदी या सोने से बने मास्क नहीं मिले। बताया जा रहा है कि, तीनों ममी सेना के जवानों की हो सकती हैं क्योंकि तीन में से एक ममी के सिर पर तीर के घाव मिले हैं।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1717- फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
1858- हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया।
1909- वायली और लालकाका की हत्या के मामले में मदन लाल ढींगरा कोपेंटोनविली कैदखाने में फांसी दी गई।
1915- चक्रवाती तूफान से गेलवेस्टोन और टेक्सास में 275 लोगों की मौत।
1917- इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1941- पूर्वी जर्मनी सरकार ने बर्लिन की दीवार का काम पूरा किया।
1947- भारत की आज़ादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकड़ी स्वदेश रवाना।
1978- तीन अमरीकियों ने हॉट एयर बैलून से अटलांटिक महासागर को पार किया।
1982- जर्मनी में पहली सीडी (कंपेक्ट डिस्क) लोगों के लिये उपलब्ध की गई।
1987- जर्मन तानाशाह अडॉल्फ हिटलर के करीबी रूडोल्फ़ हेस जेल में मृत पाए गए।
1988- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत अर्नाल्ड राफेल की एक विमान दुर्घटना में मौत।

'ऐसा क्यों?'

आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

हम रात्रि भोजन क्यों नहीं करते?

रात्रि भोजन तमो गुण प्रधानी है। तम का अर्थ अंधकार है। रात्रि में ऑक्सीजन का अभाव हो जाता है और कार्बन डाई ऑक्साइड जहरीली गैस का प्रभाव पड़ जाता है। इस कारण सात्विक भोजन भी तामसिक विषादयुक्त हो जाता है। इस कारण क्रूरता, अज्ञानी, आलस्य रूपी राक्षसी परिणाम हो जाते हैं। इसके अलावा रात्रिकाल में असंख्यात सूक्ष्म जीवों की भी उत्पति हो जाती है जो तुम्हारे भोजन में मिलकर भोजन को मांस मिश्रित कर देते हैं। ऐसे मांस मिले भोजन करने से मानव पर्याय का नाश हो जाता है।

प्रसिद्ध विद्वानों का कहना है कि भोजन के साथ कीड़े-मकौड़े आ जाने से बुद्धि और बल का नाश हो जाता है। मकड़ी खाने से कोढ़ (कुष्ठ) रोग हो जाता है। जूं आ जाने से जलोदर हो जाता है, बाल आ जाने से स्वर भंग हो जाता है, मक्खी, विसर्प और बिच्छू आ जाने से तालू में छेद हो जाता है। अर्थात रात्रि भोजन हर जीव के लिए प्राणघातक है। इसलिए तिर्यंच जीव भी अपने जीवन की सुरक्षा के लिए रात्रि भोजन का त्याग कर देते हैं। ग्रंथकारों ने रात्रि भोजन का सर्वथा निषेध किया है। उन्होंने रात्रि भोजन को मांस ग्रहण करने के बराबर पाप

कहा है और रात्रि में पानी पीने को खून पीने की संज्ञा दी है। रात्रि भोजन करने से व्रत, उपवास, तीर्थयात्रा का फल निरर्थक हो जाता है।

कार्तिकेय अनुप्रेक्षा, मूलाचार 363 में रात्रि भोजन त्याग का महत्व लिखा है।

जो मणि भुतिं बज्जदि सो उपवासं करेदि छम्मासं।

संवच्छरस्स मज्झे आरभं मुयदि रयणीय।।383।।

जो पुरुष रात्रि भोजन को छोड़ता है वह एक वर्ष में छः महीने का उपवास करता है। रात्रि भोजन के त्याग करने के कारण वह भोजन व व्यापार आदि संबंधी संपूर्ण आरंभ भी रात्रि में नहीं करता। मोटापा, उदर रोग, जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए डॉक्टर की सलाह से छुटकारा पाने के लिए धर्म शास्त्रों पर श्रद्धा करके रात्रि भोजन का त्याग कर निरोगी और स्वस्थ रहे। सूर्योदय से दो घंटे बाद भोजन करना सात्विक आहार है। शाम सूर्यास्त के पूर्व भोजन राजसिक आहार है और सूर्यास्त के पश्चात भोजन करना तामसिक हानिकारक आहार है।

भोजन के तुरंत बाद पानी क्यों नहीं पीना चाहिए?

'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम'- धर्म साधना के लिए शरीर एक माध्यम है। शरीर में पहले से ही अधिक मात्रा में पानी समाहित रहता है। भोजन को शरीर का पानी अपने आप मिल जाता है। अगर भोजन के साथ पानी पिया जाता है तो यह जहर का काम करता है क्योंकि भोजन के पश्चात शरीर में एक प्रकार की उष्णाता पैदा होती है जो पेट में भोजन के माध्यम से पहुंचती है जिसे जठराग्नि कहते है। जठराग्नि भोजन को पचाने का काम करती है। इस कारण अग्नि की गर्मी से उत्पन्न गैस अपने मार्ग से बाहर निकलती है। यदि भोजन के तुरंत बाद पानी पी लिया तो अपने मार्ग से निकलने वाली गैस पानी से शीतल होकर दब जाती है जो बाद में अनेक बीमारियों को जन्म देने का कारण बनती है। इसलिए हर ग्रास को 32 बार चबाकर ग्रहण कर आधा घंटे बाद या आधा घंटा पहले पानी पी लेना चाहिए।

जन्म होते ही बच्चों को क्यों रुलाया जाता है?

रोने से मस्तिष्क की संकुचित कोशिकाएं विकसित हो जाती हैं। धर्मानुसार मनुष्य पर्याय में आते ही बालक रोते हुए पूर्व में किए गए पापों का रोते हुए प्रायचित करता है और मुस्कराते हुए जिंदगी की शुरुआत करना चाहता है, इसी कारण बचपन में बच्चों को रुलाया जाता है। इस कारण और शरीर में ऑक्सीजन प्राप्त हो जाता है।

आज सिंह संक्रांतिः इस एक चीज का सेवन करने से बढ़ेगा मान-सम्मान व यश

दक्षिण भारत में सिंह संक्रांति का पर्व का अधिक महत्व है। संक्रांति के दिन नदी में स्नान करने के साथ सूर्य देवता की पूजा करने से वैभव- धन की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि सिंह संक्रांति पर भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान की पूजा करने से हर तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर माह सूर्य राशि परिवर्तन करते हैं। सूर्य के गोचर का 12 राशि के जातकों के जीवन पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। ऐसे ही सूर्य 17 अगस्त को सुबह 7 बजकर 37 मिनट में कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश कर जाएंगे। जहां पर पूरे एक माह 17 सितंबर तक रहेंगे।

जब सूर्य राशि परिवर्तन करता है, तो उसे संक्रांति के नाम से जाना जाता है। ऐसे ही सिंह राशि में प्रवेश करने से सिंह संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस दिन स्नान-दान का बहुत अधिक महत्व है। इसके साथ ही सूर्य का ये गोचर भाद्रपद मास में होगा। जो चातुर्मास का दूसरा माह कहलाता है। इसलिए इसे घी संक्रांति भी कहा जाता है। क्योंकि इस संक्रांति में घी का अधिक महत्व है।

गाय को माता के रूप में पूजा जाता है। इसी कारण गाय का घी सबसे पवित्र माना जाता है। वहीं सूर्य संक्रांति के दिन स्नान, दान के साथ घी का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। घी संक्रांति उत्तराखंड का एक प्रमुख लोक पर्व है। इस दिन दूध, दही, फल, सब्जियां आदि एक-दूसरे को बांटना शुभ माना जाता है।

सिंह संक्रांति के दिन घी खाना शुभ

चरक संहिता के अनुसार गाय का शुद्ध घी व्यक्ति की एकाग्रता, स्मरण शक्ति तेज, ऊर्जा बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही शरीर से वात-पित्त और दोष के साथ-साथ विषैले पदार्थों को बाहर निकाल देता है। इसके साथ ही कुंडली से राहु-केतु का दोष भी कम हो जाता है।

माना जाता है कि भादो मास की सूर्य संक्रांति के दिन गाय के घी का सेवन जरूर करना चाहिए, वरना अगले जन्म में उसे घोंघे रूप में जन्म लेना पड़ता है। क्योंकि घोंघे को आलस्य के रूप में जाना जाता है।

यहा तक की ऊर्जाओं पर मनुष्य के अधिकार पर ही प्रश्न लग जाता है।

आत्मनिर्भरता के मूल में ही है आध्यात्मिकता, आभासी प्रक्षेपण पर बुनियादी विश्वास करना भारतीय संस्कृति के मूल में नहीं

मेष राशि वालों के लिए हीरा पहनना रहेगा भाग्यशाली, धन लाभ के लिए बेहद शुभ

रत्न हमेशा राशि के अनुसार पहनने चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप बिना किसी विद्वान की सलाह के रत्न पहनते हैं, तो ये हमें फायदे की जगह नुकसान देते हैं। इसी तरह का एक रत्न है हीरा। हीरा हमें हमेशा किसी ज्योतिषी को कुंडली दिखाकर ही पहनना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि मेष राशि वालों के लिए हीरा बहुत शुभ होता है। इस राशि के लोग अगर हीरा धारण करते हैं तो इन्हें धनलाभ होता है।

मेष राशि वालों के भाग्यशाली रत्न की बात करें तो हीरा उनके लिए बहुत ही भाग्यशाली है। इससे व्यक्ति को धन लाभ होता है। हीरा पहनते ही इस राशि के लोगों के स्वामी मंगल इन्हें लाभ देते हैं। इसके अलावा बैरुज, ब्लडस्टोन, पुखराज, नीलम और सूर्यकांत मणि भी पहनना फायदेमंद हो सकता है।

इसके अलावा मेष राशि के किसी व्यक्ति को रक्त से संबंधित दिक्कत होने पर मूंगा रत्न धारण करने से लाभ मिलता है। मूंगा रत्न को मेष, वृश्चिक, सिंह, धनु व मीन राशि के लोग धारण कर सकते हैं।

मन के प्रेम से ही आनन्द मिलता है

सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

एक इन्सान कहने लगा कि मैं एअरकंडीशन (वातानुकूलित) दीवार के साथ लगा हुआ था, फिर भी मुझे बहुत गर्मी लग रही थी। दूसरा बोला कि क्या ए.सी. बन्द था, खराब था? तो कहने लगा, नहीं जी, मैं तो कमरेके बाहर की तरफ दीवार के साथलगा हुआ था, कमरे के अन्दर की तरफ नहीं। उसका शरीर अवश्य बाहर की दीवार को छू रहा है, लेकिन ए.सी.तो कमरे के अन्दर लगा हुआ है। इसलिए सूरज की गर्मी तोउसे सताएगी ही। इसी तरह (दिखावे की) भक्ति से नहीं, बल्कि अन्दर के प्रेम, मन के प्रेम से ही आनन्द मिलता है।

आज संसार में इस प्रियतम का नाम तो लिया जाता है, सुबह-शाम इस नाम का उच्चारण भी किया जाता है, लेकिन जब तक मन में इसका निवास नहीं होता, मन की तार इसके साथ नहीं जुड़ती, तब तक भक्ति का आनन्द प्राप्त नहीं हो सकता। जो भी इन्सान इस प्रभु का नाम लेता है, अगर वह नाम लेना केवल जुबान तक ही सीमित है, तो उसके जीवन में महानता नहीं आ सकती, क्योंकि जुबान से तो कई बार कोई भयानक दृश्य सामने आ जायें अथवा हालात ऐसे बन जायें, तो प्रभु-नाम निकल ही पड़ता है। इसी प्रकार कई बार कुछ लालसाओं की पूर्ति के लिए भी प्रभु का नाम लिया जाता है। इस प्रकार के कर्मों को भक्ति के अंग मानने वाले लोगों के लिए कहा गया है कि-

बाहरि गिआन धिआन इसनान।
अंतरि बिआपै लोभु सुआनु।

भाव, हे इन्सान! यह तो तू लोकाचार की बातें कर रहा है, यह वास्तविकता में सच्ची भक्ति नहीं है। यह जो तूने अपने देश में, व्याख्यानों से, लोगों को मोहित किया हुआ है, वश में किया हुआ है, इससे तू हरि की दरगाह में ऊंचा नहीं हो सकता। अगर हरि की दरगाह में तूने ऊँचा होना है, तो रोम-राम में इसके साथ नाता जोड़ना होगा। हृदय की तार अगर प्रभु के साथ जुड़ी रहे, तो जीवन में उजाला बना रहता है। संसार में भी हमें देखते हैं कि कोई तार लगी होती है, बल्ब लगा होता है उसका कनैक्शन अगर विद्युत के साथ न जुड़ा हो, तो वह उजाला नहीं देता। इसी तरह जब तक इस हरि दातार के साथ मन की तार नहीं जुड़ी होती है, तब तक कुछ बनने वाला नहीं। जैसे एक मां की प्रीति अपने बच्चे के साथ जुड़ी होती है, वह बच्चा भले ही स्कूल में, कहीं बाहर बोर्डिंग में अथवा विदेशों में गया हो, लेकिन मां की ममता जानती है कि किस तरह से वह बच्चा उसके रोम-राम में बसा हुआ है। इसी प्रकार यह मालिक, यह हरि परमात्मा भक्त के रोम-रोम में बसा होता है। भक्त आठों प्रहरइसका ध्यान करता है। कहा भी है-

उठत बैठत हरि भजहु साधु संगि प्रिति।
नानक दुरमति छुटि गई पारब्रह्म बसे चिति।

गुरसिख भले ही कहीं पर रहता है, उसके मन में गुरु का ध्यान रहता है। जिस तरह कमल का शरीर तो जल में ही रहता है लेकिन उसका मन, उसका प्रेम सूर्य से ही होता है।

पंचांग

बुधवार, 17 अगस्त, 2022, सूर्योदयः 05:50 ए एम, सूर्यास्तः 07:03 पी एम, चन्द्रोदयः 10:29 पी एम, चन्द्रास्तः 11:07 ए एम, शक सम्वतः 1944 शुभकृत, विक्रम सम्वतः 2079 राक्षस, गुजराती सम्वतः 2078 प्रमादी, अमान्त महीनाः श्रावण, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः बुधवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः षष्ठी - 08:24 पी एम तक, नक्षत्रः अश्विनी - 09:57 पी एम तक, योगः गण्ड - 08:57 पी एम तक, करणः गर - 08:14 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 08:24 पी एम तक, सूर्य राशिः कर्क - 07:37 ए एम तक, चन्द्र राशिः मेष, राहुकालः 12:27 पी एम से 02:06 पी एम, गुलिक कालः 10:48 ए एम से 12:27 पी एम, यमगण्डः 07:29 ए एम से 09:08 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:53 पी एम, अमृत कालः 02:30 पी एम से 04:09 पी एम, वर्ज्यः 05:49 पी एम से 07:28 पी एम

भविष्य फल

मेषः आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा।

वृषः आज खुद की इच्छाएं पूरी करने की कोशिशें कारगर होंगी। परिवार में उलझा हुआ मामला आसानी से सुलझ जायेगा।

मिथुनः आज ज्यादा तनाव से मानसिक और शारीरिक क्षति भी पहुंच सकती है। पूर्व में की गई मेहनत का फल मिल सकता है।

कर्कः सेहत की तरफ जरा ज्यादा गौर करने की जरूरत है। अगर आप सूझ-बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

सिंहः खुश रहें क्योंकि अच्छा समय आ गया है। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा।

कन्याः आज भागदौड़ रहेगी। आज आप परिवार के लिए समय निकाल सकते हैं, बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा।

तुलाः किसी पुराने दोस्त से मुलाकात आपका मन खुश कर देगी। अचानक आए अप्रत्याशित खर्चे आपके ऊपर आर्थिक तौर पर बोझ डाल सकते हैं।

वृश्चिकः कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने की कोशिश करें। काम धीरे-धीरे ही सही लेकिन पूरा जरुर हो जायेगा।

धनुः आज आप मांगलिक आयोजनों में भाग लेंगे। कुछ सकारात्मक बदलाव करने पड़ेंगे। सामूहिक कार्यों में सब की सलाह लेकर आगे बढ़ेंगे।

मकरः दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। हालात को काबू में रखने के लिए अपने भाई की मदद लें।

कुंभः आज किसी खास काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होने के योग बन रहे है।

मीनः आज आपके आमदनी बढ़ने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें।

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।

मुद्दा

क्या भगवंत मान सरकार के इस फैसले से देश के दूसरे राज्यों पर दबाव बढ़ेगा?

पंजाब की भगवंत मान सरकार का यह फैसला देश के लिए नजीर बन सकता है। धीरे-धीरे देश के दूसरे राज्यों पर भी 'एक विधायक, एक पेंशन' नीति लागू करने के लिए दबाव बढ़ेगा। यह ऐसा फैसला है, जिसका आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जिस भी राज्य में जिक्र करेंगे, उनकी तारीफ ही होगी।

मान सरकार ने इसके साथ ही यह भी व्यवस्था लागू कर दी है कि राज्य के सभी 117 विधायकों को अब अपना आयकर भी खुद ही भरना होगा। 'एक विधायक, एक पेंशन' नीति लागू करके मान सरकार जहां अपने कार्यकाल में 100 करोड़ रुपए बचाएगी, वहीं विधायकों के आयकर भरने पर रोक लगा कर पांच साल में साढ़े तीन करोड़ रुपए बचा लेगी. सरकारी खजाने से खर्च हो रही इस राशि को मान सरकार अब लोगों के कल्याण के लिए खर्च कर सकेगी।

एक विधायक, एक पेंशन' नीति लागू

पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने भगवंत मान सरकार की 'एक विधायक, एक पेंशन' योजना को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद पंजाब में कोई चाहे कितनी ही बार विधायक क्यों न रहा हो, अब उसे सिर्फ एक ही पेंशन मिलेगी. पहले जितनी बार भी विधायक बनता था, उन सभी के कार्यकाल के हिसाब से पेंशन जुड़ती जाती थी। नई नीति के लागू होने के बाद पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले विधायक को 60 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी।

इस योजना के लागू होने से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यकाल में सरकारी खजाने में करीब 100 करोड़ रुपए की बचत होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान यह रकम लोगों के कल्याण पर खर्च करेंगे। होता यह था कि पंजाब में लोगों से सेवा के नाम पर वोट मांगने वाले राजनीतिक लोग लाखों रुपए महीना पेंशन के तौर पर लेते थे, जबकि युवा वर्ग डिग्रियां लेकर नौकरियों के लिए भटकता रहा है।कुछ पूर्व विधायक साढ़े पांच-पौने छह लाख रुपए महीना पेंशन लेते रहे हैं।

पंजाब में इस समय 100 से ज्यादा पूर्व विधायक एक से ज्यादा पेंशन ले रहे थे। कुछ पूर्व विधायकों की तरफ से 'आप' सरकार के इस फैसले के विरोध पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का कहना है कि जब भी कोई नया कानून बनता है, उसका विरोध होना स्वाभाविक है। चीमा के मुताबिक एक विधायक को महीने में 25 हजार रुपए वेतन मिलता है। सभी बैठकों और भत्तों को मिला कर एक विधायक महीने में करीब 80 हजार रुपए तक हासिल कर लेता है।

राज्यपाल ने पहले लौटा दिया था अध्यादेश

पंजाब में 'आप' की सरकार अपने इस वादे को फौरन पूरा करना चाहती थी। ऐसे में कुर्सी संभालते ही मुख्यमंत्री मान ने अपने इस वादे को पूरा करने के लिए 'एक विधायक, एक पेंशन' के संबंध में अध्यादेश जारी किया था, लेकिन राज्यपाल पुरोहित ने इस मामले में विधानसभा में बिल पारित करने के लिए कह दिया। इसके बाद बजट सत्र के दौरान 'आप' सरकार ने इस सिलसिले में विधानसभा में बिल पारित कर राज्यपाल को भेज दिया, जिसे उन्होंने अब मंजूरी दे दी है।

'एक विधायक-एक पेंशन' के अध्यादेश के बारे में मान सरकार से राज्यपाल दफ्तर की तरफ से कहा गया था कि जल्दी ही विधानसभा का सत्र होना है, इसलिए इस मामले में अध्यादेश लाने की जरूरत नहीं है। जबकि मान ने इस घोषणा पर अमल के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला ले लिया था. बैठक में तब पंजाब स्टेट लेजिस्लेटर मेंबर्स (पेंशन एंड मेडिकल फेसिलिटीज) एक्ट, 1977 में संशोधन का फैसला किया गया था. इसके बाद ही यह अध्यादेश मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया था, लेकिन उन्होंने इसे मंजूरी देने से साफ इनकार कर दिया था।

इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया में 'आप' के प्रवक्ता मलविंदर कंग ने कहा था कि राज्यपाल ने विधानसभा में बिल पारित करने के लिए कहा है। हमारी सरकार बिल पारित करवा कर फिर से इसे राज्यपाल को भिजवा देगी और इसे मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार के खाते में हर साल 20 करोड़ रुपए की बचत होने लगेगी।

यह फैसला कई दिग्गजों के लिए झटका

देखा जाए तो राज्य के कई दिग्गज नेताओं के लिए यह फैसला किसी झटके से कम नहीं है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन और अमरिंदर सिंह, राजिंदर कौर भट्ठल सहित अकाली दल और कांग्रेस के उन दिग्गज नेताओं को झटका लगा है, जो इस समय लाखों रुपए महीना पेंशन ले रहे थे। बहुत से विधायक चुनाव हारने के बावजूद पांच लाख रुपए तक पेंशन ले रहे थे। कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें पूर्व विधायक के साथ पूर्व सांसद के रूप में भी पेंशन मिल रही है।

बादल ने पहले ही कर दिया था ऐलान

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने पूर्व विधायक के रूप में कई दफा मिलने वाली पेंशन छोड़ने का पहले ही ऐलान कर दिया था। पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे बादल को महीने में करीब पांच लाख रुपए पेंशन मिल सकती थी। लोगों ने उन्हें दस बार विधायक बनने का मौका दिया, लेकिन इस बार बादल लंबी क्षेत्र से चुनाव हार गए। 'आप' को बहुमत मिलने और सत्ता संभालने के दौरान ही शिरोमणि अकाली दल ने एक ट्वीट के जरिए बादल के पेंशन छोड़ने की घोषणा की जानकारी दे दी थी। पंजाब सरकार और विधानसभा अध्यक्ष से बादल का आग्रह था कि पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें मिलने वाली पेंशन और भत्ते बंद कर दिए जाएं। इस बारे में बादल ने एक औपचारिक पत्र लिख कर भी यही गुजारिश की थी कि भविष्य में उनकी पेंशन और भत्तों का पंजाब के लोगों के हित में इस्तेमाल किया जाए।

बादल ने यह भी कहा था कि पंजाब की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और राज्य पर करीब तीन लाख करोड़ रुपए का कर्ज है. कर्ज की किस्तें देने के लिए भी पंजाब को कर्ज लेना पड़ रहा है। ऐसे में वे अपनी पेंशन और भत्ते छोड़ रहे हैं।

पंजाब में कई पूर्व विधायक एक से ज्यादा बार चुने जाने पर न केवल एक से ज्यादा पेंशन लेते रहे हैं। बल्कि उनके आयकर की राशि भी पंजाब सरकार ही अदा करती रही है. एक आरटीआई के जरिए यह खुलासा हुआ था कि बादल के अलावा नवजोत सिंह सिद्धू सहित 93 विधायकों का आयकर पंजाब सरकार भर रही थी। कांग्रेस सरकार के दौरान भी यह मुद्दा विधानसभा में उठा था। विधानसभा में 'आप' के विपक्ष के नेता के तौर पर हरपाल सिंह चीमा तब इस मुद्दे को लेकर विधानसभा अध्यक्ष राणा केपी से मिले थे और आग्रह किया था कि एक विधायक चाहे कितनी ही बार चुना जाए, उसे एक ही पेंशन मिलनी चाहिए। पंजाब में जब 'आप' की सरकार बन गई और भगवंत मान सरकार इस मुद्दे पर कोई फैसला करे, इससे पहले ही बादल ने अपनी पेंशन और भत्ते छोड़ने का ऐलान कर दिया था।

खुद भरेंगे विधायक अपना आयकर

मान सरकार का यह भी एक बड़ा फैसला रहा है कि पंजाब के सभी 117 विधायक अब अपना आयकर खुद भरेंगे. इससे हर साल सरकारी खजाने पर 70 लाख रुपए का बोझ कम होगा। विधायकों का आयकर अब तक राज्य सरकार भरती रही है. सत्ता संभालने के बाद मान ने साफ कर दिया था कि विधायकों के आयकर का भुगतान सरकार नहीं करेगी. विपक्ष में रहते हुए भी 'आप' सरकारी खजाने से विधायकों के आयकर भरने का विरोध करती रही है। विधानसभा चुनावों के दौरान 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि सत्ता में आने के बाद पंजाब में सरकारी खजाने से विधायकों के आयकर भरने पर पर रोक लगाई जाएगी।हालांकि, मुख्यमंत्री रहते कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी विधायकों से आग्रह किया था कि वे खुद अपने आयकर का भुगतान करें, लेकिन कुलजीत सिंह नागरा और सुखपाल सिंह खैहरा के अलावा किसी अन्य विधायक ने उनके इस आग्रह को गंभीरता से नहीं लिया था। ऐसे में सरकारी खजाने से आयकर के भुगतान का सिलसिला पहले की तरह ही बदस्तूर जारी रहा। कैप्टन के कार्यकाल में विधायकों के आयकर भरने पर 2 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए गए थे. सत्ता में आते ही मान सरकार ने विधायकों के आयकर के सरकारी खजाने से भुगतान पर रोक लगा दी।

प्रस्तुति : सुमित्रा

न्यूज ब्रीफ

पौधे लगाकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

चंडीगढ़ (अप्रस)। सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन (एनजीओ) के सहयोग से फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएआई) चंडीगढ़ चैप्टर ने पौधे लगाकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। 75वें स्वतंत्रता दिवस (आजादी का अमृत महोत्सव) के उपलक्ष्य में दोनों संगठनों के स्वयंसेवकों द्वारा 75 पौधे लगाए गए। एफएसएआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट सुरिंदर बहगा ने कहा कि पेड़ वास्तव में इंसानों की सेवा करने में एक लंबा सफर तय करते हैं और समाज की सेवा के लिए सभी की भागीदारी की आवश्यकता है। सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मेडिटेशन की सचिव महक सिंह ने इस उद्देश्य के लिए आगे आने के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए मुहीम को जारी रखने का आश्वासन दिया।

चंडीगढ के गार्बेज प्लांट में मनाया स्वतन्त्रता दिवस

चंडीगढ़ (अप्रस)। चंडीगढ़ के ग्रीन टेक गार्बेज प्रोसेसिंग प्लांट में स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । ध्वजारोहण के बाद प्लांट के कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए प्लांट के निदेशक आरडी शर्मा ने कहा कि ए.एस. टेक्नो ग्रीन प्राईवेट लिमिटिड ने हाल ही में प्लांट का प्रबंधन चंडीगढ़ नगर निगम से लिया है। उनका कहना था कि लम्बे समय से बंद पड़े प्लांट की मशीनों की मरम्मत के बाद आगामी दो माह में प्लांट को पूरी तरह से कारगर कर दिया जायेगा। इस अवसर पर प्लांट के प्रबंधक निदेशक हरिओम शर्मा व एसएस ग्रेवाल भी उपस्थित थे।

इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट एंड फायर साइंस ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट एंड फायर साइंस चंडीगढ़ ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मलोया में मनाया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के माता-पिता और आमंत्रित अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी.एम. महाजन पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर शिक्षा विभाग चंडीगढ़ और इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पंजाब सरकार के अग्नि सुरक्षा सलाहकार बीएस संधू शामिल थे।कार्यक्रम के दौरान यश पाल चौहान ने बताया कि आईडीएमएफएस की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान का मुख्य लक्ष्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है। युवाओं को आपदा प्रबंधन अग्नि सुरक्षा और औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करके उनके उत्साह को बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के दौरान आईडीएमएफएस से कौशल आधारित प्रमाणित कार्यक्रम प्राप्त करने के बाद बड़ी संख्या में छात्रों को रोजगार मिला। दो छात्रों ने ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होकर सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी सफलता की जानकारी दी। डॉ. सी.एम. महाजन ने बताया कि जीवन में शब्दों की उपलब्धि के लिए अपने प्रयास तब तक जारी रखें। जब तक कि सफलता न मिल जाए। बीएस संधू ने अपने भाषण में छात्रों का मार्गदर्शन किया और अपनी जीवन यात्रा और अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में काम करते हुए अब तक के जीवन के अनुभव को साझा किया। इस कार्यक्रम के दौरान आईडीएमएफ ने श्री बी एस संधू को सर्वश्रेष्ठ लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया। आईडीएमएफएस ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि सभी अग्निशमन कर्मियों और अधिकारियों को सुविधाओं और स्थिति के मामले में रक्षा कर्मियों के साथ समान दर्जा दिया जाए। क्योंकि अग्नि और आपातकालीन कर्मचारी भी पूरे भारत में राज्य सरकार के साथ मानव को बचाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। वही अंकुर चौहान, प्रबंध निदेशक, आईडीएमएफएस ने कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी प्रेस सदस्यों, मीडिया और छात्रो के माता-पिता और मेहमानों को धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाई।

अज्ञात वाहन की चपेट में आई महिला की मौत

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। थाना मौली जागरण क्षेत्र एरिया के अंतर्गत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से जख्मी है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मौली कांपलेक्स के रहने वाले शिकायतकर्ता भोलानाथ ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। और सब्जी बेचने का काम करता है। 11 अगस्त समय करीब 8.00 बजे का होगा। रेडीमेड कपड़े की दुकान के पास मौली जागरा कंपलेक्स खड़ा था। मौली कंपलेक्स कॉस्मेटिक शॉप के पास से दो महिलाएं पैदल जा रही थी। इसी दौरान एक गाड़ी आई दोनों महिला को जोरदार टक्कर मार दी। महिलाएं दोनों सड़क पर गिर गई। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगाल रही है।

स्वतंत्रता दिवस : कांग्रेस ने किया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

■ आजादी की गौरवयात्रा भी निकाली, कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 16 अगस्त। सेक्टर 35 स्थित कांग्रेस भवन में चंडीगढ़ चंडीगढ़ कांग्रेस ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। सर्वप्रथम सुबह राष्ट्रीयध्वज फहराने के बाद कांग्रेसाध्यक्ष एच.एस. लक्की ने सभी कार्यकर्ताओं को देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

इसके बाद, लक्की ने सेक्टर 44 के लेबर चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जहां मजदूरों ने कांग्रेस नेताओं को भी सम्मानित किया, जो नगरपालिका अधिकारियों के साथ उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं।

आजादी की गौरव यात्रा का अंतिम और सबसे विशाल चरण विकास नगर मौली जागरण में आयोजित किया गया, जहां लगभग हर स्थानीय निवासी यात्रा में कांग्रेस की यात्रा में भाग लेने के लिए बड़े जोश और जज़्बे के साथ निकला। हजारों स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए, चंडीगढ़ कांग्रेस के कॉलोनी सेल के अध्यक्ष मुकेश राय ने उनसे निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके ही अपनी छतों पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराने का आग्रह किया, ताकि तिरंगे की गरिमा और सम्मान बना रहे।

कांग्रेस की आजादी की गौरव यात्रा की इस विशाल समापन रैली में भाग लेने वाले प्रमुख स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता ममता राय, जगदीश चौधरी, सुनीता चौधरी, प्रेम शीला, उषा देवी, मिठू प्रसाद, कौशल यादव, संजय सिंह, ध्रुव चौधरी, अनवर, उदय नारायण यादव, विकास गुप्ता, विशाल मांझी, मनीष राय, हिमांशु राय, सोनू पाल, मनोहर कुमार, विनोद यादव, प्रीति यादव, सुचिंद्र, दीपक राणा, प्रिंस गुप्ता, शांतू सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप सांडी, लेखपाल, हरिंदर प्रसाद, कृष्णा चौधरी, अरुण कुमार, श्री पाल वर्मा, पारस नाथ, उमा शंकर, बबलू, देव मुनि चौधरी, अमित तिवारी, शुभम चौधरी, मिंटू यादव, रोहित चौधरी, विनय यादव, चोखा चौधरी शामिल रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एच.एस लकी ने लोगों से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया। शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य का सफलतापूर्वक मुकाबला करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि एक बहु-धार्मिक और बहुलवादी भारत का विचार, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उभरा, हम सभी के लिए हमेशा एक मार्गदर्शक शक्ति बना रहेगा।

मलोया में पार्षद निर्मला देवी ने निकाला फ्लैग मार्च

स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मलोया में स्थानीय पार्षद निर्मला देवी, पार्टी के महासचिव विनोद शर्मा और वरिष्ठ नेता दिलावर सिंह और ऋषि कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मलोया के मुख्य बाजार में एकत्रित हुए और मलोया कॉलोनी की आंतरिक सड़कों से हो कर मार्च किया। मार्च करने वाले अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए थे और वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। मार्च का मुख्य आकर्षण सैकड़ों उत्साही स्थानीय निवासियों की भागीदारी रही, जिन्होंने बारिश के बावजूद भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में एक विशाल यात्रा करने का अपना निश्चय बनाए रखा। स्थानीय पार्षद निर्मला देवी ने देशवासियों को स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और कहा कि 1947 में हमारी आज़ादी विभिन्न संस्कृतियों, क्षेत्रों और जातीयता के लोगों के सभी वर्गों के बीच एकता और सभी के भारतीय तिरंगे के बैनर तले आने के कारण ही हासिल हुई।

नगर निगम ने स्वतंत्रता दिवस पर 109 लोगों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 16 अगस्त। नगर निगम की मेयर श्रीमती सरबजीत कौर ढिल्लों ने उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए निम्न विभागों के कर्मचारियों एनजीओ एवं सामाजिक संगठनों के 109 लोगों को 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। उनके साथ निगमायुक्त एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती अनिंदिता मित्रा भी मौजूद रहीं।

इनमें नगर निगम चंडीगढ़ के तीन कर्मचारी, सोशल वर्क/एनजीओ के 40 एवं शहर के 19 गणमान्य लोग शामिल हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 109 लोगों को देश की 76वीं स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया। निगमायुक्त ने सभी सम्मानित लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मार्बल ट्रेडर्ज वेलफेयर एसोसिएशन ने मार्किट परिसर में फहराया तिरंगा

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़ 16 अगस्त। ब्रिटिश शासन से अपनी आजादी के 75 साल के गौरवशाली साल का जश्न मनाते हुए मार्बल ट्रेडर्ज वैल्फेयर एसोसिएशन के प्रधान आनंद गुप्ता व उपप्रधान श्रीराम जयसवाल ने अन्य पदाधिकारियों के साथ 15 अगस्त को मार्किट परिसर में तिरंगा फहराते हुए सभी उपस्थित लोगों व शहरवासियों को मुबारकबाद दी। लोगों को संबोधित करते हुए आनंद गुप्ता ने कहा कि भारत को 1947 में ब्रिटिश साम्राज्य के दमनकारी शासन से आजादी मिली थी। यह दिन हमारे बहादुर नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने अपने देशवासियों की खातिर अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।

भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि सहित भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए प्रधान ने बताया कि इन्होंने किसी न किसी तरह से 90 साल बाद गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने में मदद की । स्वतंत्रता का श्रेय अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों को देते हुए उपप्रधान ने कहा कि इन बहादुरों ने एक बार भी अपनी जान देने में संकोच नहीं किया, ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां भारत की खुली हवा में सांस ले सकें। उन्होने इस शुभ अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्र निर्माण, देश के विकास व रक्षा का संकल्प लेने का आहवान किया। आनंद गुप्ता ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां की संस्कृति और स यता को हमें नमन करना चाहिए।

इस अवसर का जश्न मनाते हुए मार्बल ट्रेडर्ज वैल्फेयर एसोसियशन द्वारा लडडुओं के साथ अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया।

मंदिर में नवनिर्मित देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा

शिवपुराण के समापन के बाद खीर-केले का प्रसाद वितरित हुआ

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 16 अगस्त। श्री शिवमंदिर में स्वतंत्रता दिवस यानि सोमवार को श्रावण मास में आरंभ भगवान शिव पर आधारित शिवपुराण की कथा का समापन हुआ। इससे पूर्व मंदिर में मुख्य द्वार के ऊपर और नीचे निर्मित देवी देवताओं की निर्मित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

मंदिर के प्रमुख पुजारी श्री रामकृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में अन्य ज्ञानी व वेदपाठी पंडितों द्वारा सभी मूर्तियों को की विशेष मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करने के उपरांत इनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई।

कृष्णा एनक्लेव, ढकोली, जीरकपुर के शिव मंदिर में कमेटी प्रमुख थान सिंह विष्ट के दिशा निर्देश में सभी कार्यों को बखूबी अंजाम दिया गया। उनके साथ कमेटी के अन्य सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा। देवी देवताओं की नवनिर्मित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत महिला कीर्तनी मंडली ने भगवान शिव पार्वती के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दियाञ। इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर और केले के प्रसाद का वितरण किया गया।

मंदिर में भगवान भोलेनाथ का संपूर्ण परिवार जिनमें माता पार्वती, पुत्र गणेश और कार्तिकेय के अलावा नंदी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके अतिरिक्त वाणी और विद्या की देवी मां सरस्वती और गणेश के अलावा शीतला माता की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई।

इस कार्य में कृष्णा एनक्लेव निवासी एवं शिवभक्त संदीप सैनी ने 51 हजार का विशेष योगदान भी किया। मूर्ति के कारीगरों ने लगभग दो-तीन माह के भीतर मूर्तियों का निर्माण किया।

शहर के साइकिलिस्टों ने अटल टनल पर फहराया तिरंगा

■ 75 किलोमीटर की राइड पूरी कर बीआरओ के साथ मनाया जश्न-ए-आजादी

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 16 अगस्त। शहर के युवाओं ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस अनोखे अंदाज में मनाया। साईकलवॉकस कल्ब के राईडर्स ने कुल्लू से रोहतांग के निकट लगभग दस हजार फीट की उचाई पर बनी अटल टनल तक लगभग 75 किलोमीटर की 'जश्न-ए-आजादी' राईड आयोजित की जिसे उन्होनें अपने इस जज्बें को बॉर्डर रोड आर्गिनाईजेशन (बीआरओ) को समर्पित किया। विक्रांत शर्मा की अगुवाई में इस राईड में दिल्ली पब्लिक स्कूल के 12 वर्षीय तन्मय रावत के साथ साथ अश्विनी शर्मा, बीडी मीणा, जयंत प्रजापति और सुदीप रावत ने भाग लिया। कुल्लू जिला के प्रशासनिक अधिकारियों सहित डीपीआरओ प्रेम ठाकुर और प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के पदाधिकारियों सहित अध्यक्ष धनेश गौतम ने राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विषम परिस्थिति और बारिश के बीच लगभग आठ घंटे की राईड के बाद साईकलिस्ट का स्वागत बीआरओ के रोहतांग टनल के 'योजक' मुख्यालय में बीआरओ के

उच्च अधिकारी शिवम मिश्रा ने स्वागत किया और ध्वजारोहण किया। टनल पहुंचने पर प्रोजेक्ट के इंजीनियरिंग अधिकारी जावेद अहमद ने टनल के बनने के इतिहास और विशेषताओ से अवगत करवाया।

विक्रांत शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा में बीआरओ की अहम भूमिका है जो कि पूरे वर्ष ने केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि सेना को उनके द्वारा बनाई गई सड़कों से जोड़े रहती है। उन्होंनें कहा कि देश उनके सहासिक प्रोजेक्टों को सदैव आभारी रहेगा।

MIKKY
BRASS BAND
ROYAL BAND FOR ROYAL MARRIAGE
FANCY LIGHT, IMPORTED FIRE WORKS, PUNJABI DHOL, BAGPIPER BAND, PALKI, BAGGI, RATH
NIAGARA FALLS & COLD ANAAR
REAL ROSE FLOWER RAIN
SCF-23, 1st FLOOR, SECTOR -18C, CHANDIGARH
Nagpal (M) 9814004938

Specialists in : DISPLAY RACKS/TROLLIES
Mfrs. of : Fancy Display Racks, Restaurants Furniture & Shopping Trolley, Racks, Trollies, Basket & Fabrication of MS/SS/Aluminum
Also Undertaken Govt. & General Order Suppliers

Plot No. 130, INDUSTRIAL AREA, PHASE-2, CHANDIGARH
Contact : 9915588039, 0172-5085216
www.rssteelindustries.com Email : rs.steel148@hotmail.com

इस देसी दवाई ने मेरे घुटनों में ग्रीस का काम किया

क्या आप जानते हैं कि पेड़ पौधों में लगने वाली गोंद घुटनों में खत्म हुई ग्रीस को बनाने का काम कर सकती हैं। जी हाँ ! मेरे डाक्टर ने मुझे कामरी काला गोंद कैप्सूल तथा पंचम गोंद कैप्सूल खाने को दिया और लगातार 4-5 महीने खाने के बाद अब मेरे घुटनों में दर्द भी नहीं है तथा कोई आवाज भी नहीं है। अगर आप भी घुटनों के दर्द से परेशान हैं तो कामरी काला गोंद कैप्सूल तथा पंचम गोंद कैप्सूल लगातार खाएंगे तो ऑप्रेशन से भी मुक्ति पा सकते हैं

(Vardhan Ayurvedic) Super Stockist: Pb.- Shanti Ayurvedic Store Bathinda
Chandigarh 90419-90372, 98726-76222 Delhi 88008-25789

न्यूज ब्रीफ

राज्यपाल ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की

शिमला (अप्रस)। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता, युग पुरुष और हमेशा आदर्शों का पालन करने वाले राजनेता थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए उनके बहुमूल्य योगदान और सेवाओं के लिए देशवासी उन्हें सदैव याद रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

शिमला (अप्रस)। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 0 इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश और यहां के लोग सदैव अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद करीब रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दायित्वों और व्यस्तताओं के बावजूद अटल बिहारी वाजपेयी हर वर्ष कुल्लू जिला के प्रीणी गांव आते थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रखर वक्ता, बेहतरीन सांसद और महान व्यक्तित्व थे। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज, सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा, उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

बद्दी-बरोटीवाला में हर्षोल्लास से मनाया 76 वां स्वतंत्रता दिवस

बरोटीवाला (अप्रस)। 76 वां स्वतंत्रता दिवस बीबीएन में हर्षोल्लास से मनाया गया।

शहर व गावँ में भारी संख्या में घर घर व दुकानों पर तिरंगे लगे हुए पाए गए। एक जश्न के रूप में इसे मनाया गया। यह दिवस उधोगो,संस्थानों, पंचायत घरों व अन्य स्थानों पर तिरंगे फहराए गए। विशेष तौर पर विधायक परमजीत सिंह ने गुल्लरवाला, ओमेक्स, हाउसिंग बोर्ड आदि कई स्थानों पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। हिल वियू सोसाइटी झाड़माजरी में भारतीय प्रशासनिक अधिकारी ललित जैन,समिलेक्स हेल्थकेयर झाड़माजरी में एम बी गोयल, कुंडल्स लोह उधोग में एमडी मनीष सिंगला, पी एन्ड जी काठा में उधोग विकास निगम के डायरेक्टर बलबीर सिंह,एस्टीम इंडस्ट्री में एमपी टण्डन,साई पंचायत में प्रधान मेहर चंद,सौढ़ी पंचायत में प्रधान पवन कुमार,शिवालिक नगर सोसाइटी में प्रधान अच्छर पाल कौशल,सन्डोली,मलपुर,मानपुरा,किशनपुरा,लेही,आदि अन्य भारी संख्या में ध्वजारोहण के समाचार मिले।लोगो ने खुशी में लड्डू बांटे और कई स्थानों पर कार्यक्रमो का आयोजन किये गए।विधायक ने आज़ादी के दौरान सभी शहीदों को नमन किया। और इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

नियमों की अवहेलना करने पर काटे चालान

बद्दी (अप्रस)। बद्दी पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मोटरवाहन अधिनियम के तहत 58 चालान किये। जबकि बद्दी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 03 चालान कोटपा अधिनियम के तहत किये तथा 300/- रूपये जुर्माना किया गया है।

18 को बिजली बंद रहेगी

गोहर (अप्रस)। विद्युत मंडल गोहर के अंतर्गत 33/22 के वी सबस्टेशन गोहर के गोहर, चैल चौक, स्यांज, जाच्छ के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 18 अगस्त को 33/22 के वी सबस्टेशन गोहर की क्षमता बढ़ाने के कार्य हेतु उपरोक्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9.00 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत विभाग गोहर ने जानकारी देते हुए बताया मौसम को मध्य नजर रखते हुए शटडाउन को बिना किसी सूचना के बदला या स्थगित किया जा सकता है। विद्युत विभाग समस्त जनता से सहयोग की अपील करता है।

दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के लिए वरदान साबित होगी मुख्यमंत्री मोबाइल क्लीनिक वाहन सेवा

■ मुख्यमंत्री ने 10 वाहनों को दिखाई हरी झंडी, घर-द्वार पर ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 15 अगस्त। 76वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मोबाइल क्लीनिक वाहन सेवा हिमाचल प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए वरदान साबित होगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सिरमौर के सराहां में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री मोबाइल क्लीनिक वाहन सेवा के अंतर्गत 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और आवश्यक उपकरणों से युक्त यह मोबाइल क्लीनिक वाहन प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों के गांवों में लोगों को घर-द्वार पर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेंगे। जय राम ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2022-23 के बजट में मुख्यमंत्री मोबाइल क्लीनिक वाहन सेवा आरंभ करने की घोषणा की गई थी। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर यह सेवा विधिवत रूप से आरंभ कर दी गई है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोबाइल क्लीनिक वाहन सेवा के इन चिकित्सा वाहनों में आधुनिक उपकरणों के साथ एक-एक डॉक्टर, फार्मासिस्ट और लैब तकनीशियन तैनात रहेंगे। इन वाहनों में नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ रक्त जांच, ब्लड प्रेशर और अन्य स्वास्थ्य मानकों की जांच की सुविधा तथा अन्य सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इन वाहनों का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से किया जाएगा।

राज्यपाल ने उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीशों को दिलाई शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 16 अगस्त। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को यहां राजभवन में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के दो नवनियुक्त न्यायाधीशों सुशील कुकरेजा और वीरेंद्र सिंह को एक सादे एवं गरिमामयी समारोह में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमजद एहतेशाम सईद भी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव आर.डी. धीमान ने शपथ समारोह की कार्यवाही का संचालन किया और नवनियुक्त न्यायाधीश सुशील कुकरेजा और वीरेंद्र सिंह की नियुक्ति के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति वारंट पढ़ा। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने शपथ पत्र पर राज्यपाल और नवनियुक्त न्यायाधीशों के हस्ताक्षर प्राप्त किए। समारोह के दौरान शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति पी.एस. राणा, विधायक, महाधिवक्ता अशोक शर्मा, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, न्यायालय के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत किशनपुरा में 75 वें आज़ादी महोत्सव पर ध्वजारोहण

अर्थ प्रकाश/राजेन्द्र चौधरी

मानपुरा 16 अगस्त। ग्राम पंचायत किशनपुरा के पंचायत सामुदायिक भवन में 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर पंचायत प्रतिनिधयों व पंचायत निवासियों मुख्य अतिथि रिटायर्ड कैप्टेन सरवन चंद ने ध्वजारोहण कर आज़ादी दिवस मनाया गया। इस मौके पर पंचायत प्रधान सुरजन सैनी, उप प्रधान अब्दुल गफूर, पंचायत सचिव सुषमा ठाकुर, वार्ड पंच अविनाश ठाकुर, भूपेश कुमार, बनारसी चौधरी, बलबीर सिंह, राजकुमारी,सीमा देवी, शशि किरण, पिंकी रानी, सुषमा देवी, मनदीप कौर कुलदीप कौर ओर बी डी सी मैम्बर, ओर पूर्व प्रधान जसवंत सिंह, बलजीत सिंह व् किशनपुरा पंचयात के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कंडाघाट उपमंडल में स्वतंत्रता दिवस पर अनेक कार्यक्रम

■ अधिकारों के साथ देश के लिए कर्तव्यों को याद रखें : डॉ विकास सूद

अर्थ प्रकाश/प्रेम कुमार

कंडाघाट, 16 अगस्त। उपमंडल में 76वें स्वतंत्रता दिवस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कंडाघाट के कई संस्थानों, कई स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और सभी 26 पंचायतों के मुख्यालयों में पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें धवाजारोहण, देश भक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम कंडाघाट के पड़ाव मैदान और नगर पंचायत हाल में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम कंडाघाट डॉ. विकास सूद ने की। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि हमारी आजादी उनकी देन है। उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। आजाद भारत में जहां हमें कई अधिकार प्राप्त हैं वहीं हमे अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम आजादी का 76 वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और सपना 100 साल स्वतंत्रता दिवस मनाने तक देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। इस मौके पर स्थानीय कई स्कूलों, सेल्फ हेल्फ ग्रुप और आईसीडीएस वृत्त की महिलाओं, युवा मंडलों, युवा मंडलों ने और एकल कलाकारों ने देश भक्ति से प्रेरित कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस मौके पर सोलन जिला के अग्रणी समाज सेवी संगठन मेजर ध्यानचंद हॉकी एसोसिएशन कंडाघाट ने समारोह के सभी प्रतिभागियों को भोजन व्यवथा और व्यापार मंडल ने चाय पान की व्यवस्था की।

एसडीएम ने कंडाघाट उपमंडल के, स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों , विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों और समारोह आयोजन की सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया। इसमें तहसीलदार अमन राणा सहित सभी विभागों के खंड व तहसील सत्रीय अधिकारी, कई हैं प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने हिस्सा लिया।

पूर्व विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश/रितिक

बीबीएन, 16 अगस्त। नालागढ़ के पूर्व विधायक के एल ठाकुर ने 76 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अपनी नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भोगपुर, रेड्डू, पंजैहरा, कशमीरपुर, बगलैहड , नवांग्राम और ग्राम पंचायत गोल जमाला के गांव पलासला घाडुआं में जाकर पंचायत के प्रतिनिधियों व जनता के साथ पंचायत घरों और स्कूलों में तिरंगा लहराया और सभी को बधाई दी और मिठाई बांटी।

इस मौके पर भोगपुर पंचायत की प्रधान अनुवाला, उप प्रधान दौलत राम भोली, पंजेहरा के प्रधान राजेंद्र कुमार उप प्रधान गोपाल कृष्ण जॉनी, वार्ड सद्स्य बलवीर चौधरी, कशमीर पुर की प्रधान गुरमीत कौर उप प्रधान राजीव कुमार शर्मा ब्लाक समिति सदस्य जसविंदर सिंह, ग्राम पंचायत बगलैहड़ के प्रधान पुनीत कौशल, उप प्रधान वेद प्रकाश, ग्राम पंचायत नवाग्राम के प्रधान सोम नाथ उप प्रधान जसविंदर सिंह, ब्लाक समिति सदस्य अली मोहमद, सभी पंचायतों के सभी गणमान्य वार्ड सदस्य और सभी पंचायत के सचिव, पुर्व प्रधान हरमेश चौधरी, पूर्व उप प्रधान विजय कुमार, राजेन्द्र कुमार राजू, दर्शन चौधरी, पूर्व प्रधान बनारसी दास तीर्थ राम शर्मा, दलवीर सिंह वर्मा, हेम राज गोतम, भगत बग्गा सिंह, राजेन्द्र कुमार जिंदर, चूहड़ सिंह, और अन्य गण मान्य जनता मौजूद रही।

नालागढ़ में चूरापोस्त (भुक्की) बरामद, मामला दर्ज

बद्दी, 16 अगस्त (राजेन्द्र चौधरी)। पुलिस थाना नालागढ़ के अन्तर्गत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स शिमला टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम भटोली में गाड़ी नं. एचपी-12पी-8799 से तालाशी के दौरान कुल 1.468 किलोग्राम भुक्की बरामद की गई। आरोपियों की पहचान (1) चालक मनजीत पुत्र मेला सिंह निवासी कुलाड़ी, डाकघर कालीबाड़ी, तहसील नालागढ़, जिला सोलन हि.प्र. व (2) गौरव कुमार पुत्र रवीन्द्र सिहं गाँव व डाकघर बरूणा, तहसील नालागढ़, जिला सोलन हि.प्र. के रूप में हुई है।

जिस पर पुलिस थाना नालागढ़ में एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजीव कौशल ने दी रोड सेफटी क्लब अध्यक्ष को बधाई

बोले-आशा है ट्रैफिक व्यवस्था में होगा व्यापक सुधार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बद्दी, 16 अगस्त। रोड सेफटी क्लब बददी के अध्यक्ष सुरेंद्र अत्री के निर्वाचन पर संयुक्त व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजीव कौशल ने हर्ष जताया है और खुले मन से दी शुभकामनाएं। गुलमोहर सोसाईटी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए संजीव कौशल ने कहा कि सुरेंद्र शर्मा अच्छे आदमी है और आशा है उनके आने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर आएगी। जिसके लिए उनको शासन प्रशासन व पुलिस से मिलकर बैठकें करनी होगी और मैं इस काम में पूरा सहयोग करूंगा।

संजीव कौशल नवनियुक्ति रोड सेफटी कलब अध्यक्ष को सबको साथ लेकर चलने की नसीहत भी दी और कहा कि वो किसी की कठपुतली न बनें। अगर वह अपने दिल दिमाग से काम करेंगे तो पूरा शहर उनके साथ चलेगा।

संजीव कौशल ने कहा कि रोड सेफटी कलब के गठन को लेकर उनको कोई एतराज नहीं मेरे नाम से कोई विरोध समाचार नहीं छपा न ही मैने छपवाया। अगर किसी ने छापा है मेरी उसको लेकर कोई सहमति नहीं थी क्योंकि मैं भी चाहता हूं कि शहर बेहतर बने और बनना भी चाहिए। इस अवसर पर आर्य समाज के अध्यक्ष कुलवीर सिंह आर्य ने भी रोड सेफ्टी कलब के अध्यक्ष के मनोनयन पर हर्ष जताया है कि और आशा प्रकट की कि वो पूरी सोसाईटियों की बैठकें करने सबकी समस्याएं सुनेंगे और सरकार तक पहुंचाकर उसको हल करवाएंगे।

शिव मंदिर प्रबंधक कमेटी साईं ने पौधारोपण के रूप में मनाया 75वां आजादी अमृत महोत्सव

अर्थ प्रकाश/राजेन्द्र चौधरी

बद्दी 16 अगस्त। दून विधानसभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्र साई ने समाज सेवा कर रही शिव मंदिर प्रबंधक कमेटी जो लगभग 25 साल से अपने क्षेत्र साई के

मंदिर में धार्मिक कार्यो के इलावा अपने क्षेत्र की समस्याओं को खत्म करने के लिए प्रयास करती है जिसके साथ साथ वह क्षेत्र में विकासात्मक कार्य भी करती है इस अमृत महोत्सव के मुख्य अतिथि पवन कुमार शर्मा जी मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क एवं अवसंरचना विकास निगम निर्माण भवन बिहार शिमला दो से आए थे। जिन्होंने सबसे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साई में तिरंगा झंडा फहराया उसके बाद वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के बच्चों ने भारत स्वतंत्रता के बारे में कविता और गाने गाकर इस मनोरंजन को अधिक बढ़ाया बच्चों के कल्चर को देखकर पवन कुमार शर्मा जी ने अपने निजी कमाई से स्कूल के बच्चों को 5000 देकर सम्मानित किया उसके बाद पवन कुमार शर्मा जी ने भव्य विशाल शिव मंदिर साई में पूजा अर्चना की और रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पौधारोपण की शुरुआत की जिसमें विभिन्न महिला मंडल के साथ अन्य लोगों सहित ट्रक यूनियन के उपप्रधान ईश्वर ठाकुर व सड़क निर्माण कार्य में लगे सभी अधिकारी गुरिन्दर पाल सिंह, जानकी राम गुप्ता, सोनी तमन्ना, वेणुगोपाल, लासा कंपनी से भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया इसके साथ साथ मेजर सूबेदार निका राम, सुरेंद्र सिंह, बलदेव सहित लगभग 200 लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और प्रत्येक ने एक एक पौधा लगाकर पौधारोपण किया। अंत में सभी लोगों ने बैठकर शिव मंदिर निर्माण कार्य में चल रही गतिविधियों को देखते हुए चर्चा की उसके बाद शिव मंदिर प्रबंधक कमेटी के सचिव जितेंद्र शर्मा ने अपने साई क्षेत्र के लोगों की समस्याओं व समाजिक कार्यो के बारे में मुख्यातिथि को बताया और उनसे इस सड़क निर्माण कार्य के साथ क्षेत्र में समाजिक करने के लिए भी निवेदन किया ओर उनका यहाँ पधारने पर कमेटी व क्षेत्र के लोंगो की ओर से धन्यवाद किया ।

आभार | डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा से 15 पंचायतों में खुशी की लहर

15 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया

■ नालागढ़ के बरूना में इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/पवन कुमार

नालागढ़, 16 अगस्त। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरूना में सरकार द्वारा पिछले दिनों डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की खुशी में लगभग 15 पंचायत के प्रतिनिधियों और समस्त जनता द्वारा बरूना में किया गया धन्यवाद समारोह में शिरकत दी और जनता ने बनाए गए कॉलेज के दिल की भव्य स्वागत और दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया और जोरदार स्वागत किया।

नालागढ़ के पूर्व विधायक के एल ठाकुर ने बताया कि बरूना में 30लाख रुपए की लागत से बने इंडोर स्टेडियम का भी उद्घाटन किया और ठाकुर ने बताया कि युवा शक्ति और जनता के आग्रह पर खेलने के लिये मैटों को भी उपलब्ध करवा दिया गया है जो की अब सभी खिलाड़ी इसका लाभ उठा पाएंगे, ठाकुर ने बताया की नालागढ़ विधानसभा के पूरे इलाके के लिए माननीय मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने पहले भी अनेकों घोषणाएं करके उनको पूरा किया और बची हुई समस्याओं को भी जल्दी से जल्दी पूरा करने का आश्वाशन दिलवाया था और माननीय मुख्यमंत्री से बार बार आग्रह करने पर बरूना में जल्द से जल्द डिग्री कॉलेज खोलने के लिए माननीय मुख्यमंत्री को इस कार्य के लिए आग्रह किया था , और माननीय मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आश्वाशन दिलवाया था ,और पिछले दिनों हुई हिमाचल प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में बरूना डिग्री कॉलेज को खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई, और ठाकुर ने बताया की सरकार द्वारा बरूना में डिग्री कॉलेज खोलने की अधिसूचना जारी की गई और साथ ही 16 भिन भिन पोस्टों को भी भरने की भी अधिसूचना जारी कर दी है और कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया भी शूरू कर दि गई है और उन्होंने बताया की बरूना में इस डिग्री कॉलेज खुलने से मेरी नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चंगर के बेटे बेटियों के लिए इसके बनने से बहुत लाभ होगा , और खास कर हमारी बेटियों के लिए इसका बहुत लाभ मिलेगा,और हर बेटि शिक्षा ग्रहण कर पाएगी , इसके लिए मेरी और से सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं और मेरा सभी से अनुरोध है की अपने सभी बच्चों का दाखिला बरूना डिग्री कॉलेज में करवाने की कृपया करे, ताकि इसी वर्ष से बच्चों को बरूना में उच्च शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हो,और ये आप सभी का कॉलेज है और इसमें आप सभी की भागी डरी बहुत जरूरी है और इसमें आप सभी अपनी भूमिका निभाते हुए इसका हिस्सा बने।

पूर्व विधायक ने बताया कि कॉलेज के खुलने से चंगर क्षेत्र की जनता में बहुत खुशी की लहर दौड़ रही है और पूरे इलाके से बधाइयां मिल रही है और पूर्व विधायक के एल ठाकुर ने बताया कि इस उपलक्ष्य पर रखे गए धन्यावाद समारोह आयोजित किया गया जिसमे सभी पंचायतों से आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों और इलाके की समस्त जनता ने इस में हिस्सा लिया।

ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर भाटीयां स्कूल की प्रिंसिपल और पूर्व विधायक की धर्म पत्नी पूनम ठाकुर, उनके सपुत्र अंचित ठाकुर, बहतीजा लखविंदर ठाकुर अंकू,लघुउद्योग के अध्यक्ष हरबंस पटियाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बलदेव ठाकुर, प्रदेश लीगल सेल के सह संयोजक रविंदर ठाकुर , प्रदेश कार्यकारणी सदस्य टेक चंद चंदेल, जय प्रकाश, ग्राम पंचायत बगलैहड़ के प्रधान पुनीत कौशल,ग्राम पंचायत घोलो वाल के प्रधान दर्शन धीमान, बघेरी के प्रधान बलदेव वैंस, बैरछा की प्रधान बलविंद्र कौर,मस्तानपुर के प्रधान छोटू राम, खिल्लियां के प्रधान धर्म पाल चौधरी, बरूना के प्रधान गुरपाल चौधरी, कश्मीर की प्रधान गुरमीत कौर, पंजैहा के प्रधान राजेन्द्र सिंह,रिया की प्रधान अनिता देवी, जगत पुर की प्रधान सत्या देवी, मलैहनी के प्रधान हेत राम, कुंडलू की प्रधान अमरजीत कौर,उप प्रधान गोपाल जोनी, उप प्रधान जसविंदर सिंह, उप प्रधान जगदीश सिंह,उप प्रधान राजीव शर्मा, बीडीसी विद्या देवी नंद लाल धीमान,आए हुए सभी पंचायतों से वार्ड मेंबर, विनोद ठाकुर, बलदेव सिंह गोगी, समाजसेवी जोगिंद्र पाल जिंदू, हुसन चंद चेचि, नसीब सैनी, महेश गोतम, बहादुर खान, पूर्व प्रधान हरमेश चौधरी, रोशन चौधरी, और आई हुई समस्त जनता ने हिस्सा लिया।

न्यूज ब्रीफ

तनाव मुक्त रहने के लिए सकारात्मक सोच जरूरीः भगवान भाई

मूनक (दर्शन शर्मा)। ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र मे उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मांउट आबू राजस्थान से आये राजयोगी

ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने तनाव राहत विषय बोलते हुए कहाकि19वीं सदी तर्क थी, 20वीं सदी प्रगति की रही 21वी सदी तनाव पूरण होगी उन्होंने कहा कि21सदी तनाव पूर्ण परिस्थितियों में तनाव मुक्त रखने हेतू राजयोग एक संजीवनी बूटी की तरह काम करता है राजयोग से ही हम अपनी मानसिक और शारीरिक स्थिति को बेहतर रख सकते हैं। राज योग के सच्चे अभ्यास से हम मन की सच्ची शांति प्राप्त कर सकते हैं, भाई जी ने बताया है कि राज योग के मन को सही मार्गदर्शन देकर हम अपने मन में आने वाले बुरे विचारों को दूर कर तनाव मुक्त हो सकते हैं। सच्चे भगवान ही राजयोग है। ध्यान से विचार गुणों में वृद्धि से अच्छे बनते हैं, अच्छे विचारों से मन शांत रहता है और आध्यात्मिक चिंतन से जीवन में आने वाले कष्टों का नाश होता है। तनाव दूर करने के लिए कभी-कभी व्यक्ति अल्पकालीन सुख के लिए मादक द्रव्यों के दलदल में फंस जाता है। ईर्ष्या, शत्रुता, क्रोध, जलन पैदा होती है, शांति भंग होती है और मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इन सभी विकारों का समाधान अच्छे गुण हैं। और वहाँ आध्यात्मिक ज्ञान है। उन्होंने गीता उपदेश का उदाहरण देते हुए कहा जो होगा इच्छा होगा, जीवन की हर घटना मे कुछ न कुछ कल्याण समाय हुआ है।स्थानीय सेवा केंद्र की बहन बीके संतोष ने राज योग का महत्व समझाया और कहा कि इंद्रियों को संयम कर तनाव मुक्त रह सकते है चांद, सूर्य, तारागण से पार रहने वाले पिता परमात्मा को बुद्धि से याद करना ही राज योग है। इस मौके पर भाई रत्न, भाई रमेश, भाई रविंद्र, भाई राधे श्याम, भारत लाभ,भाई भूषण व शहर निवासी उपस्थित थे।

मोनिका शर्मा को एसडीएम ने किया सम्मानित

नयागांव (जे के बत्ता)। आज़ादी का 75वें अमृत महोत्सव पर एसडीएम

कार्यालय द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, खरड़ के एसडीएम रविंद्र सिंह द्वारा, झंडा फहराया गया, और सलामी ली गई, इस मौके पर समाजिक और भलाई के कार्य करने पर दून इंटरनेशनल स्कूल मुल्लांपुर के, डीन मोनिका शर्मा को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया, सम्मानित होने पर मोनिका शर्मा ने बताया कि उनके किए गए कार्यों पर आज उन्हें सम्मानित होने पर बहुत खुशी हो रही है, प्रशासन द्वारा इसी तरीके से प्रोत्साहन देने से सामाजिक कार्य करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ता है, वे आने वाले समय में इसी तरीके के कार्य आगे भी ज़ारी रखेंगे ताकि समाज में नशा खत्म हो सके और बच्चे अच्छी शिक्षा ले सकें। इस पर क्षेत्र के समाज सेवकों द्वारा मुबारकबाद दी गई।

75 वें आजादी दिवस पर निकाली मोटरसाइकिल तिरंगा यात्राः खुराना

राजपुरा,(कुनाल)। सब डिवीजन स्तर पर जहां झंडा ग्राऊंड राजपुरा में सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर महापर्व आजादी दिवस मनायाा वही फिकमंद सोसायटी ने राष्ट्रीय त्योहार स्वतंत्र दिवस को आज़ादी के रंगों में रंग देते हुये सभी धर्मो के लोगों सहित विदेशी नागरिकों ने भी शमूलियत करते हुये भारत की एकता व अखंडता को आगे बढाने का कार्य किया। 75वें आज़ादी अमृत महोत्सव का हिस्सा बने कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6.30 बजे बहावलपुर भवन में छोटे छोटे बच्चे भगत सिंह, राज गुरू, सुखदेव, रानी लक्ष्मी बाई सहित अन्य किरदार में अपने घर से सज कर आये बच्चों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में भांगडा, गिदा सहित देश भक्ति के सुंदर गीतों से सब को मोहित कर दिया। मंच पर मौजूद हिदुं, मुस्लित, सिख, इसाई समाज के अनुयाई, भूतपूर्व सैनिक के इलावा सामाजिक व एंव धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों ने बच्चों के साथ मिल कर तिरंगा झंडा फहराया और राष्ट्रगान गाया। इसके बाद विशाल मोटरसाईकल रैली का आयोजन किया गया जो राजपुरा की मुख्य बाजारों व गलियों से होती हुई ब्रहम कुमारी आश्रम में जा कर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा की अगुवाई कमल कुमार गुप्ता ने की जिसमें बहुत बढी संख्या मे महिंलाओं व बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था के प्रधान नितिन खुराना ने बताया कि हमारा मुख्य लक्ष्य इस कार्यक्रम के चलते आपसी भाईचारा व प्रेम तथा सदभावना को बढावा देना था। इस अवसर पर स्वाईट ग्रुप आफ कालेजेस सदस्य, भूतपर्व सैनिक पंजाब के प्रधान वाहेगुरू जी ड्क्षसह, विजय जी, ब्रहम कुमारी आश्रम से कमलेश दीदी, रमेश बब्बला, ओपी अरोडा, दिनेश महता, सुधीर अग्रवाल, विजय छाबडा, रकेश हावडा, जितेंद्र तनेजा, राजन चौधरी, अजीत कुमार, दिक्षित अहुजा, जगदीप कुमार, अमन अरोडा, जतिन चावला, पंकज सेतिया, विनोद कौशल, ज्योत्सना खुराना, हितेश अरोडा, हरीश हंस सहित फिक्रमंद फैलफैयर सोसायटी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने मिल कर आज़ादी दिवस मनाया।

मुख्यमंत्री ने गुरू नानक स्टेडियम में फहराया झंडा

'रंगला पंजाब' बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भगवंत मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना,16 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'रंगला पंजाब' बनाने और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए लोगों को बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता और अन्य सामाजिक पक्षपात जैसी बुराईयों के ख़िलाफ़ जंग शुरु करने का न्योता दिया।

यहां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य स्तरीय समारोह के दौरान गुरू नानक स्टेडियम में राष्ट्रीय झंडा लहराने के बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामाजिक बुराईयाँ राज्य की तरक्की और लोगों की खुशहाली में रुकावट हैं। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि जब हम अपनी अथक कोशिशों के साथ राज्य में से इन बुराईयों की जड़ काट फेंकें। भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी सरकार इस महान कार्य के लिए दृढ़ संकल्प है परन्तु यह मिशन लोगों के सक्रिय सहयोग के बिना मुकम्मल नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह हरेक भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का मौका है कि देश की आज़ादी और लोकतांत्रिक गणतंत्र को आज 75 वर्ष पूरे हुए हैं। देश-विदेश में बसते हरेक भारत निवासी ख़ास तौर पर पंजाबियों को इस दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मौका है और हम खुशकिस्मत हैं, जो इस मौके के गवाह बने। भगवंत मान ने कहा कि भारत की आज़ादी का रास्ता काफ़ी लम्बी और चुनौती भरपूर था, परन्तु इस आज़ादी को बरकरार रखने की रास्ता भी उतना ही मुश्किल है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश के तौर पर हमारे मुल्क को बहुत सी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय नायकों द्वारा समर्पण और बहादुरी से स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान के साथ ही विदेशी साम्राज्यवाद की जंजीरों काटी जा सकीं। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान पंजाबियों का था। भगवंत मान ने कहा कि बाबा राम सिंह, शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, शहीद राजगुरू, शहीद सुखदेव, लाला लाजपत राय, शहीद उधम सिंह, करतार सिंह सराभा, दीवान सिंह कालेपानी और कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारे मुल्क को आज़ाद करवाने के लिए अपना खून बहाया। मुख्यमंत्री ने अफ़सोस प्रकट किया कि कुछ लोग, महान स्वतंत्रता सेनानियों के मातृभूमि के लिए दिए गए योगदान पर सवाल खड़े कर रहे हैं। भगवंत मान ने लोगों को याद करवाया कि इन महान राष्ट्रीय नायकों और शहीदों ने देश को ब्रिटिश शासन की जंज़ीरों से मुक्त करवाने के लिए कैसे लम्बी जद्दो-जहद की। उन्होंने कहा कि शहीदों द्वारा दिए गए योगदान पर सवाल उठाना एक घिनौना और ना-माफी योग्य अपराध है। मुख्यमंत्री ने दृढ़ता से कहा कि देश की सरहदों की रक्षा के लिए आज भी पंजाबी सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी देश को किसी अंदरूनी या बाहरी हमले का सामना करना पड़ा तो पंजाबियों ने हमेशा देश का नेतृत्व किया। भगवंत मान ने कहा कि यह बात जग ज़ाहिर है कि पंजाब के किसानों ने मेहनत और लगन से देश के खाद्य उत्पादन में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने चिंता प्रकट की कि आज़ादी के 75 साल बाद भी शहीद-ए-आज़म भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेदकर जैसे महान राष्ट्रीय नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों के सपने अभी भी अधूरे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर सात शख्सियतें स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित की

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरू नानक स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर करवाए गए राज्य स्तरीय समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेमिसाल योगदान देने वाली सात शख्सियतों को सम्मानित किया। यह अवॉर्डी समाज सेवा, थियेटर, खेल, व्यापार और सरकारी सेवा के क्षेत्र से सम्बन्धित हैं, जिन्होंने अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए बेमिसाल कोशिशों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाई। राज्य स्तरीय समारोह के दौरान स्टेट अवॉर्ड हासिल करने वालों में प्रसिद्ध पत्रकार, शिक्षा शास्त्री और पद्मश्री जगजीत सिंह दर्दी (पटियाला), समाज सेवा और आसरा वैलफेयर सोसायटी के प्रमुख रमेश कुमार मेहता (बठिंडा), प्रसिद्ध थियेटर शख्सियत प्रान सभरवाल (पटियाला), संगीतकार और गायक हरगुन कौर (अमृतसर), ट्रैक्टर मैनूफैक्चरर और कारोबारी अमरजीत सिंह (पटियाला), शॉट-पुट की महिला खिलाड़ी जैसमीन कौर और सीनियर कंसलटेंट ई-गवर्नेंस मिशन टीम (प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायतें विभाग) जसमिन्दर सिंह (मोहाली) शामिल हैं।

एनआरआई जसवीर सिंह ने अपनी मां की याद में गांव ललौड़ी के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल को भेंट किए पंखे

अर्थ प्रकाश/के के

खन्ना, 16 अगस्त। खन्ना के नजदीकी गांव ललौड़ी में गांव के ठ्.ह्.द्व. जसवीर सिंह ने अपनी मां स्वर्गीय जसविंदर कौर की याद में गर्मी को देखते हुए गांव के सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल को 5 पंखे दान किए इसके साथ ही गांव के साथ लगती अग्रसेन फूड कोल्ड स्टोर के मालिक अशीष गर्गग ने बी स्कूकूल को पांच पंखे दान किए ,स्कूल की प्रिंसिपल प्रदीप सिंह की तरफ से इन दानी सज्जनों का दिल से धन्यवाद किया गया और कहा कि आप जैसे लोगों के कारण ही बच्चा बच्चों को अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं उन्होंने अपील की है कि इन लोगों की तरह और लोगों को भी आगे आकर इस तरह के काम करने चाहिए , इस अवसर पर हरबंस लाल, जसवीर सिंह भट्टी के भतीजे सुखचैन सिंह भट्टी, किसान , दलजीत सिंह वाह स्कूकूल कमेटी के मेंबर के प्रेरेम सिंह के अलावा स्कूकूल का अन्य स्टाफ के साथ खन्ना ईटीटी यूनियन के प्रधान हरवंश सिंह पप्पा भी मौजूद थे।

दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग मुहैया कराने के लिए 18 अगस्त को मलोट में लगेगा विशेष कैंप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिक अंगों के बांटने सम्बन्धी 18 अगस्त, 2022 को ऐडवरगंज मलोट में कैंप प्रातः काल 11 बजे लगाया जा रहा है। इस कैंप की अध्यक्षता सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री पंजाब डॉ. बलजीत कौर द्वारा की जायेगी। इस संबंधी जानकारी देते हुये कैबिनेट मंत्री ने बताया कि कृत्रिक अंग मुहैया करवाने के लिए यह कैंप अलिमको द्वारा लगाया जा रहा है। पहले पड़ाव में दिव्यांग व्यक्तियों की असेसमेंट की जायेगी और दूसरे पड़ाव में उनको कृत्रिक अंग बांटे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस कैंप से पहले दिव्यांग व्यक्तियों की जन सेवा केन्द्रों (कॉमन सर्विस सैंटर) के द्वारा रजिस्ट्रेशन की जा रही है। उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों से अपील की कि इस कैंप का लाभ उठाने के लिए अपनी रजिस्ट्रेशन पास के कॉमन सर्विस सैंटर में करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की रजिस्ट्रेशन रह जाती है तो उसकी रजिस्ट्रेशन कैंप के दौरान भी की जायेगी।

स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब की नई तकदीर लिखने वाला विभाग बनेगा: बैंस

■ माइनिंग माफिया को ख़त्म करके माइनिंग इंडस्ट्री स्थापित करेगी पंजाब सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। पंजाब की भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार स्कूल शिक्षा विभाग को पंजाब की नयी तकदीर लिखने वाला विभाग बनाऐगी। यह प्रगटावा आज यहां कैबिनेट मंत्री पंजाब स. हरजोत सिंह बैंस ने पंजाब सरकार के 5 महीनों के कार्यकाल संबंधी जानकारी देते हुए किया।

उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में जल्द बड़े स्तर पर भर्ती मुहिम चलाई जा रही है, जिसके स्वरूप बड़े स्तर पर पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरियाँ मिलेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा में सुधार करने के उद्देश्य से पंजाब राज्य के 19,123 स्कूलों का एक डीटेल्ड सर्वे करवाया जा रहा है, जिससे स्कूलों की सही स्थिति के बारे में सरकार को जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य में 100 स्कूल ऑफ ऐमिनेंस स्थापित किए जाएंगे।

स. बैंस ने बताया कि पंजाब राज्य में पहली बार क्रेशर इंडस्ट्री के लिए पॉलिसी लाई गई है। इसके अलावा रेत के साथ ही बजरी की कीमत तय की गई है। उन्होंने बताया है कि पंजाब राज्य में पहली बार खनन क्षेत्रों का डी.एस.आर सर्वे करवाया जा रहा है। इसके अलावा गैर-कानूनी माइनिंग करने वालों के खिलाफ 19 मार्च 2022 से लेकर आज तक 328 पर्चे दर्ज किए गए हैं और 15 अप्रैल 2022 से लेकर आज तक 298 गाड़ीयां भी ज़ब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 03 क्रेशर सील किए गए हैं और 89 आर नोटिस जारी किया गया है।

स. बैंस ने कहा है कि हमने केवल गैर-कानूनी माइनिंग करने वालों के खिलाफ ही शिकंजा नहीं कसा बल्कि विभाग के अधिकारियों के ख़िलाफ़ भी कार्यवाही अमल में लाई गई है। उन्होंने बताया कि 05 अधिकारियों और कर्मचारी निलंबित किए गए हैं, जबकि 21 को चार्जशीट और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

जल संसाधन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए स. बैंस ने बताया कि नए सिंचाई प्रोजैक्ट जल्द ही शुरू किए जा रहे हैं, जिससे पंजाब राज्य के हर खेत तक नहरी पानी पहुँचाया जा सके। उन्होंने बताया कि शाहपुर कंडी डैम में तेज़ी लाई गई है और यह प्रोजैक्ट अगले डेढ़ साल में मुकम्मल हो जाएगा, जिससे न केवल पंजाब के लोगों को और अधिक सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति मिलेगी बल्कि पाकिस्तान को जा रहा पानी भी रुकेगा और पंजाब के खेतों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य में पहली बार ड्रैनेज़ की असली मायनों में सही तरीके से सफ़ाई की गई है, इसके अलावा भूजल को भी बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्लोबल विजडम इंटरनेशनल स्कूल डेराबस्सी में मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश/नितिन जिंदल

डेराबस्सी, 16 अगस्त। स्कूल, डेराबस्सी ने स्कूल परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव में शामिल होने की पहल की। इस आयोजन के लिए विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती मोनिका मान और माननीय प्रबंधक सदस्य श्री बरखा राम द्वारा ध्वजारोहण की परंपरा का पालन करते हुए की गई। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों द्वारा देशभक्ति के गीत गाकर की गई। माननीय प्रधानाचार्या महोदया ने महान शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के बारे में ज्ञान प्रदान किया। योग्य प्रबंधक सदस्य श्री बरखा राम ने अपनी बहुमूल्य उपस्थिति और छात्रों को प्रोत्साहित करने वाले शब्दों से कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम ने छात्रों में देशभक्ति का जोश भर दिया। इसके अलावा प्रधानाचार्या महोदया ने छात्रों को महान शहीदों के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। यह देखकर वास्तव में खुशी हुई कि छात्र अन्य उत्सवों में भी उतने ही जोश के साथ खुद को शामिल करते हैं। वर्दी पर तिरंगा बिल्ला पहनने, हाथों में तिरंगा झंडा थामे और अपनी-अपनी कक्षाओं को तिरंगे गुब्बारों से सजाने आदि के उनके प्रयासों ने देशभक्ति की उनकी भावनाओं के बारे में बहुत कुछ बताया। इस समय उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाकर विशेष सभा का समापन किया गया। स्वतंत्रता की मिठास बांटने के लिए छात्रों, स्टाफ सदस्यों के बीच मिठाइयों के वितरण के साथ दिन का समापन हुआ।

नवगठित कॉर्पोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आज विशेष सुनवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जालंधर 16 अगस्त। नवगठित कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड लुधियाना ने 17 अगस्त 2022 को शक्ति सदन जालंधर में उत्तर और सीमा क्षेत्र से संबंधित बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विशेष सुनवाई की है। कार्रवाई 11 बजे से शुरू होगी। सभी शिकायतें जैसे गलत बिलिंग, सेवा कनेक्शन शुल्क और जर्नल सेवा शुल्क के बीच अंतर, रिसाव (खपत) के कारण खाता ओवरहाल से संबंधित शिकायतें, दोषपूर्ण/गलत मीटरिंग या कोई अन्य शुल्क (विद्युत अधिनियम-2003 के तहत प्राप्त मामलों को छोड़कर) ओपन असेसमेंट और विद्युत अधिनियम की धारा 126, 127, 135 से 140, 142, 143, 146, 152 और 161 के तहत मामले) जहां राशि 5 लाख से अधिक है, इस सुनवाई में सीधे दायर किया जा सकता है। इसके अलावा मंडल, हलका और अंचल स्तरीय मंचों के फैसलों के खिलाफ अपील भी फैसले के 2 महीने के भीतर की जा सकती है. गौरतलब है कि आम तौर पर शिकायतों की सुनवाई लुधियाना में फोरम के मुख्यालय में होती है, लेकिन दूर-दराज के बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए फोरम ने अब पंजाब के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर सुनवाई करने का फैसला किया है। अभियांत्रिकी- कुलदीप सिंह, मुख्य अभियंता/अध्यक्ष इंजीनियरिंग- हिम्मत सिंह ढिल्लों, स्वतंत्र सदस्य और श्री बनीत कुमार सिंगला, वित्त सदस्य शिकायतों को सुनेंगे।

खन्ना में सीएम की फोटो वाली मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन, जनरल बीमारियों का होगा इलाज

अर्थ प्रकाश/केके

खन्ना, 16 अगस्त। सोमवार की सुबह पंजाब के आदेशों पर खन्ना प्रशासन ने खन्ना के वार्ड न.3 में सीएम की फोटो वाली मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया ,पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉक्टर गुरविंदर सिंह ने बताया कि क्लीनिक गर्मियों में सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक खुली रहेगी, सर्दियों का समय सुबह 9 से लेकर शाम 3-00 बजे तक होगा, उन्होंने बताया मोहल्ला क्लीनिक में जो डॉक्टर काम करेगा उसकी सैलरी मरीज के हिसाब से होगी एक मरीज के डॉक्टर को 50 रूपए मिलेंगे और फार्मासिस्ट को 20 रूपए, एक दिन के डाक्टर को कम से कम 50 पेशेंटों के हिसाब से पैसें मिलेगें ही मिलेगें कहने का मतलब अगर एक दिन में 44 पेशेंट आए तो भी डाक्टर को 50 मरीजों के हिसाब से ही पैसे मिलेगें अगर एक दिन में 50 से ज्यादा मरीज आ जातें जैसे 100 या 200 तब भी डाक्टर 50 रूपए के हिसाब से पुरें पैसे दिए जाएगें, ऑनलाइन डाटा होगा ,मोहल्ला क्लीनिक में रिसेप्शन पर एक व्यक्ति होगा जो भी मरीज आएगा उसका नाम आधार कार्ड नंबर ऑनलाइन चढाएगा उसी गिनती के हिसाब से सरकार डाक्टर को पैसे देगी, उन्होंनें, आगे बताया कि मोहल्ला क्लीनिक में सिरफ (ओपीड) यानि जनरल बीमारियों का ही इलाज होगा जहां मरीजों को फ्री दवाईयां व फ्री टेस्ट किए जाएगें ,डा. ने बताया कि जिस तरह सरकारी अस्पताल में ओपीडी देखनें के लिए 20 रूपए की पर्ची काटी जाती मोहल्ला क्लीनिक में सब कुछ फ्री होगा

वहीं डॉक्टर ने आगे बताया कि हमें यहां पर एक हेल्पर भी दिया गया है अभी चौकीदार नहीं मिला है जो रात को कलीनिक सुरक्षा कर सकें वह भी जल्द मिल जाएगा , डा, गुरविंदर सिंह ने बताया कि मुझे अभी सिविल हॉस्पिटल खन्ना से यहां पर कुछ दिनों के लिए भेजा गया है ,क्योंकि जिस डॉक्टर कि यहां पर अपार्टमेंट हुई थी उन्होंने ज्वाइन नहीं किया या ज्वाइन करने से मना कर दिया, अब जब तक दूसरे डॉक्टर की अपॉइंटमेंट नहीं हो जाती तब तक मैं यहां पर ओपीडी का काम देखूंगा। डा. गुरविंदर सिंह ने बताया कि उद्घाटन के पहले दिन हमने 42 मरीजों का चेकअप किया गया, यहां पर सिर्फ जनरल बीमारी जैसें पेट दर्द, बुखार खांसी जुकाम आदि के अलावा अन्य जनरल बीमारियों का इलाज होगा जब हमनें डाक्टर से पुछा की कलीनिक के सामनें व आप पास इतनी गंदगी व बड़ी-बड़ी घास खड़ी है उसी घस में आसपास के लोगों द्वारा कूड़ा कंकड़ फैंका गया है जिस कारण यहां पर बीमारियां ओर ज्यादा फेंल सकती है यहां जो लोग बीमारी का इलाज करवाने आएगें तो क्या मच्छरों के कारण और ज्यादा बीमार नही हो जाएगें तो उन्होंने कहा यहां तो पहले बहुत ज्यादा गंदगी थी अभी कुछ दिन पहले ही सफाई करवाई है बाकि सफाई होनी अभी बाकी है हमने एसडीएम खन्ना मनजीत कौर से बात की है उन्होंने कहा कि जल्द ही सफाई हो जाएगी और सड़क को भी बनाया जाएगा ताकि लोगों को आने-जाने में तकलीफ ना होती है ,इस मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन खन्ना के विधायक तरूनप्रीत सिंह ने किया

गांव टांडा के लोग अपने पंच उसके पति के पटियाला का राउ में बह जाने से गमगीन

महिला पंच का शव 35 किमी दूर से बरामद, पति का शव गांव धनास के पुल के पास से मिला

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

नयागांव, 16 अगस्त। रविवार शाम को पहाड़ों पर हुई तेज बारिश के बाद पटियाला की राव में बाढ़ आ गई थी। इस दौरान नदी पार करते हुए पंच सुनीता और उनके पति सज्जन सिंह समेत 8 लोग बह गए थे। इसमें से 6 व्यक्तियों को बचा लिया गया था, लेकिन पंच और उनके पति का कोई सुराग नहीं लगा था।पटियाला की राव में रविवार रात को तेज बारिश के बाद आई बाढ़ में रविवार शाम को बही गांव टांडा की पंच सुनीता का शव सोमवार को गांव झामपुर से बरामद कर लिया गया। हालांकि अभी तक उनके पति सज्जन सिंह का शव मंगलवार को सांय चण्डीगढ के गांव धनास के पुल के पास से मिला । सारा देश स्वतंत्रा दिवस की खुशियो में डबा था मगर गांव टांडा के लोग अपने ही पंच सुनीता तथा उसके पति सज्न सिंह के पटियाला की राउ नदी में बह जाने से उनकी मृत्यू में गमगीन थे । गांव के गुस्साए लोगों ने नगर काउंसिल नयागांव के बाहर सुनीता का शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रशासन ने अब एनडीआरएफ की टीम को मदद के लिए बुलाया है।

रविवार शाम को पहाड़ों पर हुई तेज बारिश के बाद पटियाला की राव में बाढ़ आ गई थी। इस दौरान नदी पार करते हुए पंच सुनीता और उनके पति सज्जन सिंह समेत 8 लोग बह गए थे।

इसमें से 6 व्यक्तियों को बचा लिया गया था, लेकिन पंच और उनके पति का कोई सुराग नहीं लगा था। रविवार पूरी रात गांव वाले टार्च ले कर नदी में दोनों को तलाशते रहे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सुनीता का शव गांव से 35 किलोमीटर दूर झामपुर में नदी से बरामद हुआ तथा मंगलवार को सांय उसके पति का शव धनास के पुल के पास से मिला । प्रशासन की कोई टीम वहां पर मदद के लिए नहीं पहुंची। इसके बाद लोग नदी से शव को निकालकर बड़ी मुश्किल से नयागांव लेकर आए और काउंसिल दफ्तर के बाहर शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन लोगों की जिंदगियो को लेकर गंभीर नहीं है। गांव के रास्ते में नदी पर अभी तक पुल नही बना दो महीने में 4 लोगों की जान जा चुकी है। गांव वालों ने प्रशासन से मृतक पंच के बच्चों को मुवाजा व सरकारी नोकरी देने की मांग की थी जिस पर वहां पहुंचे खरड के एसडीएम रवीन्द्र सिंह के द्वारा उच्च अधिकारियो से बहुत सम्पर्क किया तथा गांव वासीयों को आश्वासन देने का प्रयास किया परन्तु कोई हल नही निकला तो सारे गांव वासीयो ने पंच सुनीता का शव कंधों पर उठा कर मुख्य मंत्री भगवंत मान के आवास चण्डीगढ की तरफ चल पडे । उनको नयागांव के थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने पहले तो बहुत समझाया फिर उनको बहुत रोकने का प्रयास किया लेकिन गांव वालो की भीड उनको धकेलती हुई चण्डीगढ के बैरियर तक ले गई वहां सारे पुलिस के उच्च् अधिकारी भी पहुंच गये जिसमें एसपी औलख,डी एस पी धर्मवीर सिंह,मुल्लंपुर के थाना प्रभारी सतिन्द्र सिंह,थाना प्रभारी सुमित मोर सहित जिला मोहाली के लगभग सारे थाना प्रभारी पहुंच गये जिसके बाद गांव वासीयो को समझाया जाने लगा फिर एसडीएम रवीन्द्र सिंह ने अपने अधिकारियो से सम्पर्क रख तथा उन्होने उनके कहने पर गांव के लोगो को लिखित में दिया कि मृतक के दोनो लडको को 5-5 लाख रूपये मुआवजा तथा ऐक लडके को सरकारी नोकरी दी जायेगी । तब लोग शांत हुऐ और चण्डीगढ बैरियर से धरना उठाया गया । लोगों का आरोप है कि अगर चंडीगढ़ में दो मुख्य मंत्रीयों के आवास के पास बसे नयागांव का यह हाल है तो पंजाब में क्या स्थिति होगी। जबकि अभी तक वहां पर लोगों की सुरक्षा के लिए अस्थाई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

जींद विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा ने पुलिस लाइन में किया ध्वजारोहण, स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले सेनानियों-शहीदों को सदैव रखें स्मरण: विधायक

■ शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए विधायक ने किया शहीदों को नमन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 16 अगस्त। जींद विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा ने पुलिस लाइन में देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए दिया जिला सहित देश एवं प्रदेशवासियों को 76वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। हर घर पर लहरा रहा तिरंगा पूरे देश को देशभक्ति के रंग में रंग रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों ने भी अपने घरों पर राष्ट्र ध्वज फहराकर भारत माता की शान को वैसे ही बढ़ाया है, जैसे सरहदों पर अधिक से अधिक जवानों को भेजकर देशभक्ति का परिचय देते आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पावन पर्व अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ आत्म-विश्लेषण करने का भी दिन है। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर प्रदान करता है कि 75 वर्ष के इस कालखंड में हमने क्या हासिल किया है। निस्संदेह आजादी के बाद राष्ट्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आज कई क्षेत्रों में पूरा विश्व हमारा लोहा मानता है। उन्होंने देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि गुलामी की बेड़ियों से आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले शहीदों को सदैव स्मरण रखें। विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तदोपरांत वे पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने शुभ संदेश देते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। आज हर

गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है, हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है, हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है, देशभक्ति के रंग में रंगा है। रंगा भी क्यों न हो आज हमने स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

श्री मिढ़ा ने सभी प्रदेशवासियों को बारम्बार बधाई देते हुए कहा कि मैं इस पावन अवसर पर स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात - अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देता हूँ। साथ ही, उन वीर सैनिकों को भी सलाम करता हूँ, जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता व अखण्डता की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि सन 1857 की क्रांति सबसे पहले अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी। यहां से उठी चिंगारी ने न केवल प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का रूप धारण कर ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन का अंत किया, बल्कि आगे चलकर ऐसा जन-आन्दोलन खड़ा कर दिया, जिसके बलबूते पर हम सन 1947 में अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने में सफल रहे। सन 1857 की क्रांति के दौरान प्रदेश का हर गांव क्रांति का केन्द्र बन गया था। भिवानी का रोहणात गांव, हांसी की लाल सड़क, झज्जर की लाल डिग्गी, महम का आजाद चौक और नसीबपुर व ताबडू की लड़ाई अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मो - सितम के खिलाफ हरियाणावासियों के संघर्ष और बलिदान के साक्षी हैं। विधायक ने कहा कि जो कौमें अपने सेनानियों, अपने शहीदों को याद नहीं रखतीं, उनका अस्तित्व मिट जाया करता है। इसी उद्देश्य से सन 1857 की क्रांति के शहीदों की स्मृतियों को सहेजने के लिए अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। हरियाणा की माटी के लाल राव तुलाराम ने जिला महेन्द्रगढ़ के नसीबपुर में अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया था। उनकी याद में वहां जल्द ही एक स्मारक बनाया जाएगा। इसी तरह रोहणात गांव के शहीदों की याद को ताजा रखने के साथ - साथ इसे आदर्श गांव बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा रोहणात फ्रीडम ट्रस्ट की स्थापना की है।

बीबीएमबी ने स्वतंत्रता दिवस बोर्ड सचिवालय में मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। बीबीएमबी ने 76वां स्वतंत्रता दिवस बोर्ड सचिवालय में बड़ी धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, बीबीएमबी द्वारा इस अवसर पर ध्वजारोहण की रस्म अदा की गई। इस शुभ अवसर पर संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती दिप्ती श्रीवास्तव और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने आए बच्चों के साथ आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तिरंगे की आकार में 75 गुब्बारों को आकाश की ओर छोड़ा। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत व कविताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में देशभक्ति की भावना का माहौल दिया गया।

संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न परियोजना स्टेशनों के सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के

उपलक्ष्य में बधाई दी और पिछले वर्ष में हासिल किए गए महत्वपूर्ण लक्ष्यों के साथ-साथ उन महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराया जिन्हें निष्पादित किया जा रहा है और भविष्य में पूरा करने की योजना है। उन्होंने बीबीएमबी द्वारा किए जा रहे टीकाकरण शिविर (बूस्टर डोज), स्वच्छता गतिविधियों आदि जैसे कल्याणकारी कार्यों की सराहना की और साथ ही पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 50 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक बिजली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए।

हरमिंदर सिंह चुघ, सदस्य-विद्युत ने बीबीएमबी की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मचारियों को संबोधित किया और कहा कि बीबीएमबी हमेशा राष्ट्र की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने इंजी. बी.एस. सिंहमार, निदेशक, एचआरडी और उनकी टीम को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किए गए प्रयासों की प्रशंसा कर बधाई दी।

इस अवसर पर जे.एस.काहलों, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, इंजीनियर-इन-चीफ बी.एस. सभरवाल, इंजी. सतीश सिंगला सचिव, इंजी. अजय कुमार शर्मा-विशेष सचिव, इंजी. एच एस मनोचा निदेशक सुरक्षा, इंजी. विपिन कुमार राघव निदेशक, एनएचपी, इंजी. रुचि शर्मा निदेशक, पीआर, इंजी. सौरभ उप सतर्कता अधिकारी, इंजी. नवीन गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, तकनीकी टू अध्यक्ष बीबीएमबी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

पीएनबी मोहाली मंडल ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली, 16 अगस्त। फेज-2 मोहाली स्थित पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय में 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मंडल प्रमुख श्रीमती रीटा जुनेजा ने राष्ट्र ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षा बलों के जवानों ने सलामी दी। इस अवसर पर मंडल प्रमुख श्रीमती रीटा जुनेजा ने उपस्थित अधिकारियों एवं ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हमारे देश को आजादी मिली थी और यह आजादी हमें बहुत से देशभक्त वीरों के बलिदान के पश्चात प्राप्त हुई है। अतः हमें हर हाल में अपने देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखना होगा ताकि हम अपने समाज को एक बेहतर दिशा दे सकें। उन्होंने उपस्थित बैंक कर्मचारियों से से कहा कि हम एक सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय

संस्थान से जुड़े है, अतः भारत सरकार की मुद्रा तथा अन्य ऋण योजनाओं के तहत ऋण वितरण अवश्य करें जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख श्री संजीत कौंडल, अनिल बाली (मुख्य प्रबन्धक) विजय नागपाल (मुख्य प्रबन्धक), कुलविंदर तूरा (मुख्य प्रबन्धक) सहित मंडल कार्यालय एवं शाखाओं के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राहक उपस्थित रहे।

हेरिटेज पब्लिक हाई स्कूल में 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जगतपुरा, 16 अगस्त। 15 अगस्त को अवतार एजुकेशन ट्रस्ट जगतपुरा के तहत हेरिटेज पब्लिक हाई स्कूल में 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि कर्नल जसदीप संधू (सलाहकार, नागरिक सैन्य मामलों, पश्चिमी कमान) द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। और प्रतिज्ञा और मार्च पास्ट। समारोह स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, समूह नृत्य के साथ आगे बढ़ा। इस अवसर पर आसपास के गांवों के सरपंचों ने भी अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई। इस समारोह में कई सेवारत और सेवानिवृत्त भी शामिल हुए। प्रभावशाली परेड और देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल जसदीप संधू ने छात्रों को स्वतंत्रता के महत्व के बारे में बताया जो हमें कई बलिदानों के बाद मिलता है और उन्होंने स्कूल के

अलावा अवतार एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर किए गए कई परोपकारी, सामाजिक गतिविधियों को भी बताया। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने मातृभूमि में एक उज्ज्वल, सफल भविष्य की कामना की।

मुक्ति पर्व – आत्मिक स्वतंत्रता का पर्व

ब्रह्मज्ञान को जानना ही मुक्ति नहीं उसे प्रतिपल जीना वास्तविक मुक्ति है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़/समालखा, 16 अगस्त। "ब्रह्मज्ञान को जीवन का आधार बनाकर निरंकार से जुड़े रहना और मन में उसका प्रतिपल स्मरण करते हुए, सेवा भाव को अपनाकर जीना ही वास्तविक भक्ति है। पुरातन संतों एवं भक्तों का जीवन भी ब्रह्मज्ञान से जुड़कर ही सार्थक हो पाया है। यह उक्त उद्गार निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'मुक्ति पर्व' समागम के अवसर पर लाखों की संख्या में एकत्रित विशाल जन-समूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। यह जानकारी श्रीमति राजकुमारी मेम्बर इंचार्ज प्रेस एवं पब्लिसिटी विभाग संत निरंकारी मण्डल ने दी।

सतगुरू माता जी ने आशीर्वाद देते हुए फरमाया कि "ब्रह्मज्ञान को जानना ही मुक्ति नहीं अपितु उसे प्रतिपल जीना ही वास्तविक मुक्ति है। यह अवस्था निरंकार को मन में बसाकर उसके रंग में रंगकर ही संभव है क्योंकि ब्रह्मज्ञान की दृष्टि से जीवन की दशा एवं दिशा एक समान हो जाती है।

जीवन में आत्मिक स्वतंत्रता के महत्व को सतगुरू माता जी ने उदाहरण सहित बताया कि जिस प्रकार शरीर में

जकड़न होने पर उससे मुक्त होने की इच्छा होती है उसी प्रकार हमारी आत्मा तो जन्म जन्म से शरीर में बंधन रूप में है और इस आत्मा की मुक्ति केवल निरंकार की जानकारी से ही संभव है। जब हमें अपने निज घर की जानकारी हो जाती है तभी हमारी आत्मा मुक्त अवस्था को प्राप्त कर लेती है। उसके उपरांत ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी मन में व्याप्त समस्त नकारात्मक भावों को मिटाकर भयमुक्त जीवन जीना सिखाती है और तभी हमारा लोक सुखी एवं परलोक सुहेला होता है। ब्रह्मज्ञान द्वारा कर्मों के बंधनों से मुक्ति संभव है क्योंकि इससे हमें दातार की रजा में रहना आ जाता है। जीवन का हर पहलू हमारी सोच पर ही आधारित होता है जिससे उस कार्य का होना न होना हमें उदास या चिंतित करता है अतः इसकी मुक्ति भी निरंकार का आसरा लेकर ही संभव है।

संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रतिवर्ष 15 अगस्त, अर्थात् 'स्वतंत्रता दिवस' को 'मुक्ति पर्व' के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन जहां पराधीनता से मुक्त कराने वाले भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया जाता है वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से प्रत्येक जीव आत्मा को सत्य ज्ञान की दिव्य ज्योति से अवगत करवाने वाली दिव्य विभूतियों शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी, जगत माता बुद्धवंती जी, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी, सतगुरू माता सविंदर हरदेव जी एवं अन्य भक्तों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन से सभी भक्तों द्वारा प्रेरणा प्राप्त की जाती है।

15 अगस्त, 1964 से ही यह दिन जगत माता बुद्धवंती जी और तत्पश्चात् 1970 से शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के जीवन के प्रति समर्पित रहा। शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी द्वारा संत निरंकारी मिशन की रूपरेखा एवं मिशन को प्रदान की गई उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए निरंकारी जगत सदैव ही उनका ऋणी रहेगा। सन् 1979 में संत निरंकारी मण्डल के प्रथम प्रधान लाभ सिंह जी ने जब अपने इस नश्वर शरीर का त्याग किया।

भारतीय स्टेट बैंक ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़ 16 अगस्त। भारतीय स्टेट बैंक ने स्थानीय प्रधान कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के उद्देश्य से जोश एवं उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। भारतीय स्टेट बैंक के चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक विनोद जयसवाल ने स्थानीय प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़ के परिसर में ध्वजारोहण किया।

श्री जयसवाल ने इस शुभ अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई दी तथा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने वाली सशस्त्र सेनाओं का आभार प्रकट किया। मुख्य महाप्रबंधक जयसवाल ने स्वतंत्रता के 75 वर्षों में देश में सामाजिक, आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी याद किया एवं स्टाफ से अनुरोध किया कि राष्ट्र निर्माण में निरंतर प्रयासों के लिए वर्क से शपथ लें। उन्होंने बताया कि हमें देश की उपलब्धियों एवं देश की आर्थिक उन्नति में भारतीय स्टेट बैंक की अग्रणी भूमिका पर पर गर्व है। श्री जयसवाल ने डिजिटल होने पर जोर दिया तथा स्टाफ सदस्यों से आग्रह किया कि बैंकिंग के डिजिटल प्लेट फॉर्म को अपनाने के लिए ग्राहकों को प्रशिक्षित करें एवं उत्कृष्ट श्रेष्ठ ग्राहक सेवा प्रदान करें। उन्होंने कार्यालय, घर एवं साथ ही अपने आसपास में स्वच्छता तथा समयनिष्ठ के पालन पर जोर दिया।

महाप्रबंधक अजय कुमार झा, सुमित फक्का, एवं सुजीत कुमार तथा उप महाप्रबंधक एवं बहुत से स्टाफ अपने परिवारजनों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर एसबीआई लेडीज क्लब तथा स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।

पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय हिसार में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हिसार। पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय हिसार द्वारा 15 अगस्त के शुभअवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ एवं 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मंडल कार्यालय हिसार के परिसर में मंडल प्रमुख श्रीमती अंजू मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा अपने सम्बोधन में बैंक की ओर से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रगान के पश्चात देश की एकता एवं

अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली तथा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले देश भक्तों की कुर्बानियों को याद किया। श्रीमती अंजू मित्तल ने स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी यह संकल्प लें कि हम अपने कार्य क्षेत्र में निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश की समृद्धि एवं उन्नति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और देश को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाएंगे।

उपमंडल प्रमुख रजत कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब नैशनल बैंक देश की उन्नति एवं आमजन के उत्थान हेतु निरंतर प्रयासरत रहा है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों और बच्चों द्वारा कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई तथा उपस्थित स्टाफ सदस्यों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में श्री विजय कुमार-एलडीएम एवं मंडल कार्यालय हिसार के उच्चाधिकारियों के अलावा मंडल के समस्त स्टाफ सदस्यों, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों तथा अधीनस्थ शाखा कार्यालयों के प्रभारियों ने भाग लिया।

बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, करनाल में ध्वजारोहण समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, करनाल में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। सतीश कुमार यादव (क्षेत्रीय प्रमुख) द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा आजादी हेतु त्याग एवं बलिदान करने वाले वीर महापुरुषों को नमन किया गया और शहीदों को याद करते हुये मार्गदर्शी वक्तव्य दिया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य तथा शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।

पीएनबी चंडीगढ़ अंचल एवं मंडल कार्यालय ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 16 अगस्त। देश के 76 वें स्वतंत्रता दिवस को पंजाब नैशनल बैंक के चंडीगढ़ अंचल एवं मंडल कार्यालय द्वारा धूमधाम से मनाया गया। संदिप कुमार पाणिग्रही अंचल प्रबंधक एवं मंडल प्रमुख सुधीर कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात पाणिग्रही ने आई लव पी एन बी सेल्फी प्वाइंट स्टाफ सदस्यों को समर्पित किया। आयोजित कार्यक्रम में देश के भावी भविष्य निर्माताओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन समूह का मनमोह लिया।

व्यापार

एचडीएफसी बैंक ने जालसाजी से सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विजिल ऑन्टी कैंपेन लॉन्च किया

शिमला। एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की कि बैंक ने भारत की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए एक नया कैम्पेन विजिल ऑन्टी लॉन्च किया है। यह कैम्पेन पूरे देश के लोगों को सुरक्षित बैंकिंग की आदतों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह बैंक के लोकप्रिय मूँह बंद रखो अभियान का पूरक है जो लोगों से अपनी बैंकिंग की गोपनीय जानकारी अन्य लोगों से साझा न करने का आह्वान करता है। समीर रतोलिकर, चीफ इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर, एचडीएफसी बैंक ने कहा ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग की विधियों और जालसाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथकंडों के बारे में शिक्षित करने व जागरूक बनाने की जरूरत है। एचडीएफसी बैंक में हम यह जागरूकता बढ़ाने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं।मिस अनुराधा (अनु मेनन) जिन्होंने लीला कुट्टी के किरदार को लोकप्रिय बनाया वो इस कैम्पेन का मुख्य चेहरा होंगी। मिस मेनन विजिल ऑन्टी के रूप में अनेक वीडियो, रील, चैट शो के माध्यम से सुरक्षित बैंकिंग के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताएंगी।

मोटोरोला ने मोटो जी62 5जी को लॉन्च किया

शिमला। मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज में अपने सबसे लेटेस्ट 5जी स्मार्टफोन मोटो जी62 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की। यह डिवाइस ब्लेजिंग फास्ट क्वॉलकॉम स्नैपड्रैगन 695 5जी प्रोसेसर के साथ आता है जो कि उपभोक्ताओं के फोन की परफॉर्मेंस को बूस्ट करने के साथ साथ उन्हें सीमलेस एक्सपीरियंस भी प्रदान करता है और वह भी एक शानदार शुरुआती एक्सक्लूसिव कीमत 16249 रुपए के साथ। मूवीज,गेम्स और वीडियो चैट को विविड डिस्प्ले में जीवंत बनाने के लिए, मोटो जी62 5जी सुपर स्मूथ 6.5इंच की एफएचडी+ अल्ट्रा-स्मूथ डिस्प्ले की 120 हर्ट्ज की रिफ्रेश रेट के साथ आता है। जिसमे कि अब आप अपने पसंदीदा मूवीज सीरीज को डाउनलोड कर सकते हैं और बिना किसी रुकावट के गेम भी खेल सकते हैं क्योंकि आपको इसके 12,5जी बैंड से सुपर-कनेक्टिविटी और सही 5जी का एक्सपीरियंस मिलता है। इसके साथ ही अब उपभोक्ता बेहतर क्लैरिटी और डेप्थ साउंड के साथ अपनी पसंदीदा फिल्मों और संगीत का भी आनंद ले सकते है।

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed that Mr Kakon Das Purkayastha s/o Bhupendra Das r/o # 162, saraswati vihar, dhakoli zirakpur is present owner /seller of said property and kalawati w/o mohinder singh r/o H.no 6 police station complex manimajar chandigarh is the proposed owner/ purchaser of said property. Declare that i have lost my two original sale deeds of my house no. 162, saraswati vihar, dhakoli, mc, zirakpur bearing sale deed no. 82 dated 05/04/2001 and other sale deed bearing no. 4277 dated 29-12-1999 both registered at sub-registrar derabassi in the name of anita rani. And lar/ddrhas also been got registered in this respect having detail no 262616/2022 ps zirakpur on 12/08/2022. any body having claim or claiming any prior rights in any manner in this property or has raised loan by depositing aforesaid document to any person bank/corporation /financial institution any approach may submit objection to under sign within 15 days from date of this public notice after the expiry of the period of this notice it will deemed that nobody has any sort of claim over the said property and further no claim shall i be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and base less claim and shall be illegal. it shall also be deemed that nobody has any objection for mortgaging the aforesaid property with PNB housing finance ltd sector 35 chandigarh.

Ashish Goel (Advocate & Legal Consultants)
House no 2831 sector 15 Panchkula
Contact: 9872333331

AP-2263

पीएनबी ऑफिसर्स कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड

प्लॉट नंबर 8, सेक्टर 49 ए, चंडीगढ़

आम जनता और सभी संबंधितों को जानकारी के लिए है कि श्रीमती सीता वर्मा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री के.सी. वर्मा निवासी तैट नंबर 140, देहरादून सिटीजन टॉवर, ... पीएनबी ऑफिसर्स कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़ के मालिक ने ... दिनांक 03.08.2022 को ...

अध्यक्ष / सचिव

AP-2262

ਸਾਰਵਜਨਿਕ ਸੂਚਨਾ / सार्वजनिक सूचना

द अमनदीप कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (प्रथम) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 49 सी, चंडीगढ़

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सोसायटी की प्रबंध समिति के समक्ष शेयर / फ्लैट के हस्तांतरण और एनओसी/अनुमति के निष्पादन के लिए आवेदन किया है।

मूल आवंटी/स्थानांतरक का नाम- श्री मुकेश गुलाटी पुत्र श्री एच एल गुलाटी

ट्रांसफरी का नाम- श्रीमती सुरेश कुमारी धर्मपत्नी श्री राम लाल

फ्लैट नंबर- 2291

श्रेणी- बी (पहली मंजिल)

टिप्पणी- बिक्री समझौते के आधार पर

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में सोसायटी के उपर्युक्त फ्लैट में स्वामित्व, अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्तियां अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकता/सकती है। असफल होने पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ऐसा न करने पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी स्तर से किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

मोहित कोहर 13.08.2022 (अध्यक्ष)
द अमनदीप कोऑ एच/बी
'फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड चंडीगढ़

AP-2267

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ | ਲਾਭ ਪਾਤਰੀ

ਪਲਾਟ ਨੰ: 1586, ਸੈਕਟਰ 69, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪੱਤਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Man Singh S/o Sewak Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 13-04-2022 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Man Singh S/o Sewak Singh ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਅਤੇ ਪਰਿਵਾਰ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਅਤੇ ਪੁੱਤਰ Jaspal Kaur Baidwan W/o Man Singh & Gagandeep Singh Baidwan S/o Man Singh ਵਾਸੀ Mauli Road Sohana, SAS Nagar ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 1318, ਬਹੀ ਨੰ: 3, ਮਿਤੀ 04-03-1998 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਦੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Jaspal Kaur Baidwan W/o Man Singh & Gagandeep Singh Baidwan S/o Man Singh ਵਾਸੀ Mauli Road Sohana, SAS Nagar ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਇਸ ਦਫ਼ਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ...

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਰ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

AP-2265

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)

ਪਲਾਟ ਨੰ: 4141 ਬਲਾਕ-ਈ ਸਾਈਜ਼ 300 ਵ: ਗਜ਼ ਐਰੋਸਿਟੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ... ਮਿਤੀ 08-02-2019 ... 1605 ਸੈਕਟਰ-79 ... DECLARATION ... 2069 ਮਿਤੀ 07-03-2022 ... 1856 ਮਿਤੀ 08-02-2022 ...

(ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

AP-2266

grtr mhill erlA ifvlpmit AQirtl pf Bvn sktr 62, As.e.As. jnqk scn

plt nbr 1951, sktr-79, As e As ngr d AIltI Sh. Manohar Singh S/o Balwant Singh R/o H.No. 321, Sector-9/D, Chandigarh dI mq imql 11.05.2019 f h gel h[akq plt sbDI imqk AIltI vl Aipxl mq q pihl imql 14.08.2017 ...

1. Bhupinder Kaur Wife
2. Satinder Pal Singh Son
3. Rupinder Pal Singh Son

... imlK APsr (p) gmf, As e As ngr

AP-2264

Navkkar Jewellers

An Enchanting Collection of GOLD, DIAMOND KUNDAN & JADAU JEWELLERY

S.C.O No. 19, Sector 34-C, Chandigarh
Phone : 9876628837, 6283125102.0172-2623796
www.navkkarjewellers.com
Email : navkkarjewellerschd@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

उद्योग व्यापार मंडल ने सेक्टर-19 में किया ध्वजारोहण

चंडीगढ़ (अप्रस)। उद्योग व्यापार मण्डल चंडीगढ़ के अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन , मुख्य संरक्षक देवेंद्र सिंह बबला व सचिव नरेश जैन ने सदर बाजार मार्केट सेक्टर-19 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप मे हिस्सा लिया व राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर नगर निगम के उप महापौर अनूप गुप्ता मुख्य अतिथि थे तथा सदर मार्किट एसोसिएशन के प्रधान विजय पाल चौधरी, चेयरमैन इंदरजीत सिंह, महासचिव सुरेंदर कुमार, सहित मार्किट के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

हर गरीब तक हर सुख सुविधा पहुंचाना आजादी का सही लक्ष्यः जैन

चंडीगढ़ (अप्रस)। चंडीगढ़ के पूर्व सांसद, भारत सरकार के अपर महासालिसिटर एवं पंजाब विष्वविद्यालय की सीनेट व सिंडीकेट के सदस्य श्री सत्य पाल जैन ने कहा है कि देष की स्वतंत्रता का सही अर्थ ये है कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी जीवन की हर सुविधा प्राप्त हो तथा उसे वो हर खुषी मिले जो किसी भी अन्य नागरिक को प्राप्त है। श्री जैन कल भारत के स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर शहर की शाहपुर कॉलोनी, सैक्टर 38 वैस्ट तथा गुरू रविदास भवन, पीजीआई में आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को स बोधित कर रहे थे। श्री जैन ने इन स्थानों पर ध्वजारोहण भी किया तथा बच्चों को लडडू भी बांटे। श्री जैन ने कहा कि स्वतंत्रता का लक्ष्य तभी पूरा होता है जब देष में प्रत्येक गरीब से गरीब व्यक्ति को भी स मान मिले तथा वह अपने को उपेक्षित महसूस न करे। इस अवसर पर श्री राजेष गिरी, डॉ0 नमनीत कौर, श्रीमति सोनिया दुग्गल, श्री केवल कृष्ण आदिवाल सहित भारी सं या में लोग उपस्थित थे। श्री जैन ने सांय 4 बजे हरियाणा राजभवन तथा शाम 5 बजे पंजाब राजभवन में आयोजित कार्यक्रम ''एट होम'' में भी लिया।

अटारी बॉर्डर पर जवानों का शौर्य

50 हजार दर्शक पहुंचे, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और वंदेमातरम के नारों से गूंजा बॉर्डर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 16 अगस्त। पूरा भारत ने सोमवार को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को सेलिब्रेट किया। भारत-पाक सीमा पर अटारी बॉर्डर भी इस ऐतिहासिक पल का गवाह बना। अटारी बॉर्डर पर सोमवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी में दर्शकों के साथ-साथ बीएसएफ जवानों का जोश भी देखने लायक रहा। परेड में बीएसएफ जवानों की शानदार कदमताल देखकर स्वर्ण द्वार गैलरी में मौजूद 50 हजार लोग भी देशभक्ति के रंग में रंग गए। इस दौरान पूरी गैलरी हिंदुस्तान जिंदाबाद और वंदेमातरम के नारों से गूंजती रही।

भारतीय दर्शकों से मिले हौसले के बीच परेड में बीएसएफ जवानों ने चौड़े सीने और कंधे के ऊपर तक लहराती टांगों के साथ पाकिस्तानी रेंजर्स के सामने शौर्य का प्रदर्शन किया।

बीएसएफ के डॉयरेक्टर जनरल पंकज कुमार सिंह खुद अटारी बॉर्डर पर इस रिट्रीट को देखने पहुंचे। उन्होंने आते ही अपने जवानों का उत्साह बढ़ाया। बीएसएफ जवानों का हौसला देखकर गैलरी में मौजूद दर्शक भी रोमांचित हो उठे।

लहराते तिरंगों के साथ देशभक्ति के गीत

अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट देखने पहुंचे तमाम लोगों ने हाथों में तिरंगा ले रखा था। स्वर्ण द्वार गैलरी में हर तरफ तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा था। इस दौरान बीएसएफ के बैंड के अलावा बॉर्डर पर गूंजते देशभक्ति के गीतों ने दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। परेड के दौरान बीएसएफ के जवानों ने जब-जब पाकिस्तानी रेंजर्स की आंखों में आंखें डालकर उनकी भाव-भंगिमाओं का जवाब दिया, तब-तब भारतीय दर्शकों ने देशभक्ति के नारे लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

सबसे पहले सेना ने संभाली थी सुरक्षा की जिम्मेदारी

1947 में देश के आजाद होने और पाकिस्तान बनने के बाद चेक पोस्ट पर सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय सेना ने ही संभाली थी। शुरुआत में यहां कुमाऊं रेजीमेंट को तैनात किया गया। अटारी सीमा पर पहला ध्वजारोहण कार्यक्रम ब्रिगेडियर मोहिंदर सिंह चोपड़ा की देखरेख में 11 अक्टूबर 1947 को हुआ था। अमृतसर के तत्कालीन छ्ष्ट नरिंदर सिंह और एसपी अटारी चौधरी राम सिंह ने उस समय ज्वॉइंट चेक पोस्ट की स्थापना में साथ दिया। 1950 में पंजाब पुलिस को और 1965 में ब्सस्न्न को मिली जिम्मेदारी 1950 के मध्य में इस इलाके को पंजाब पुलिस ने टेकओवर कर लिया। 1959 में यहां पहली रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन किया गया। 1 दिसंबर 1965 को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया तो जिम्मेदारी अपने हाथ ले ली। तभी से रिट्रीट सेरेमनी हर रोज होती आ रही है। इस सेरेमनी को 1965 और 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध के दौरान कुछ वक्त के लिए रोका गया था।

सेना और पुलिस ही करती थी पहले बॉर्डर की निगरानी

1965 के अप्रैल महीने में पाकिस्तान अपनी नीच हरकतों पर उतर आया था। गुजरात के भुज शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कच्छ के रण में 9 अप्रैल, 1965 की अलसुबह 3 बजे पाकिस्तान ने भारत की दो चौकियों पर हमला कर दिया। उस समय उक्त क्षेत्र में सीमा की रक्षा सीआरपीएफ और गुजरात की राज्य पुलिस कर रही थी। युद्ध तकरीबन 15 घंटे चला। पाकिस्तान के 34 सैनिक मारे गए और 4 सैनिक युद्ध बंदी बना लिए गए। इसके बाद इंदिरा गांधी ने सीमाओं की रक्षा के लिए बीएसएफ का गठन करने का ऐलान कर दिया।

लोकतंत्र, विविधता भारत की सबसे बड़ी शक्ति : मोदी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली, 16 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अनेक बलिदानियों, सत्याग्रहियों, स्वतंत्रता सेनानियों और त्यागियों को याद करते हुए सोमवार को कहा कि 75 वर्ष की इस यात्रा में देश सफलता और असफलताओं के उतार-चढ़ाव के बावजूद निरंतर आगे बढ़ता रहा है, क्योंकि भारत लोकतंत्र की जननी है और विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

श्री मोदी ने 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि आजादी के बाद देश ने सफलता और असफलता के कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन अपनी विविधता तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के बलबूते देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमने क्या नहीं देखा। हमने खाद्य संकट का सामना किया, लड़ाइयां लड़ी, आतंकवाद की चुनौती झेली, निर्दोष नागरिकों की मौत हुई , छद्म युद्ध को झेला और प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया। उन्होंने कहा कि इस सबके बावजूद देश आगे बढ़ता गया, क्योंकि लोकतंत्र और विविधता हमारा मजबूत स्तंभ है, जिसने देश को प्रगति के मार्ग से अविचलित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। भारत लोकतंत्र की जननी और यही उसका सबसे बड़ा सामर्थ्य है। हमें अपने ऊपर गर्व होना चाहिए, हम जैसे हैं, अपने संकल्प और सामर्थ्य से चलेंगे, हमें अपने देश की भाषा पर गर्व होना चाहिए भाषाओं पर गर्व होना चाहिए।

घर में घुसकर गन पॉइंट पर लूट का प्रयास

महिला के चिल्लाने पर आरोपी भागा, वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 16 अगस्त। थाना 36 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत दिनदहाड़े एक घर में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब एक आरोपी लुटेरा कोरियर बॉय बंन कर घर में घुस गया। और गन पॉइंट पर पार्सल देने के बहाने लूट का प्रयास किया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। और मामंले की बारदात सीसीटीवी आसपास लगे कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि सेक्टर 35 रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहती है। मंगलवार को दोपहर के समय वह घर में थी। घर मे पुरुष और दो अन्य महिलाएं थी। इसी दौरान एक आरोपी लुटेरा कोरियर बॉय बनकर घर में घुसा। और पीड़ित महिला को बोला कि उनका कोरियर आया है। आरोपी लुटेरे ने इसी दौरान घर मे घुस कर गन पॉइंट पर लूट का प्रयास किया।

कोरियर बॉय बनकर आया आरोपी लुटेरा

जानकारी के मुताबिक पता चला है कि जब आरोपी लुटेरा घर में घुसकर पार्सल देने आया तो उसके हाथ में एक बैग था। बैग में ईंटे थी। जब घर में मौजूद महिला को उसने बोला कि उनका पार्सल है। तो लूट की कोशिश को अंजाम नहीं दे पाया। और महिला के चिल्लाने पर मौके से फरार हो गया। अगर महिला हिम्मत ना दिखाती तो एक बड़ी वारदात हो सकती थी। जो कि होने से टल गई है। घर में मौजूद और सदस्य भी दूसरी तरफ से बाहर निकले थे।

ऑटो में आया था बैठकर आरोपी लुटेरा

जानकारी के मुताबिक पता चला है कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी लुटेरा ऑटो में बैठ कर आया था। उसने ऑटो को घर से कुछ दूरी पर खड़ा कर दिया और वह पैदल कोरियर देने के बहाने घर में घुसा था। और बाद में आरोपी घर की दूसरी तरफ से भाग निकला था।मामले का सारा वाकया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। और पुलिस आरोपी जिस ऑटो में आया था। ऑटो की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

मेयर ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला, 16 अगस्त। नगर निगम पंचकूला ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने सुबह नगर निगम कार्यालय के बाहर ध्वजारोहण किया। इसके बाद कर्मचारियों को मिठाई वितरित की गई। इसके बाद सेक्टर 21 के सामुदायिक केंद्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर कुलभूषण गोयल ने अपने मानदेय से 75 कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सेक्टर 21 स्थित दी डांस स्टूडियो के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। वहीं महापौर ने भी इन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए डांस स्टूडियो को 5100 रूपये का चेक दिया। कार्यक्रम में महापौर कुलभूषण गोयल ने 75 कर्मचारियों को अपना 7 महीने का मानदेय वितरित किया। वहीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। जिसे मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलभूषण गोयल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को 75 साल हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा के तहत विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं के लोगों को एक सूत्र में पिरोने के लिए महान कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक तिरंगे की धूम है।

कार्यक्रम में बतौर वशिष्ठ अतिथि पहुंचे पंचकूला निगम के आयुक्त धर्मवीर सिंह ने पंचकूलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं की। श्री धर्मवीर सिंह ने महापौर कुलभूषण गोयल की सराहना की और कहा कि महापौर द्वारा अपना मानदेय कर्मचारियों में वितरित करना अपने आप में बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रोत्साहन से कर्मचारियों में अपने काम के प्रति जोश बढ़ता है। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि आगे भी नगर निगम के कर्मचारी इसी प्रकार मेहनत और लगन से काम करते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में उप निगम आयुक्त श्री दीपक सुरा, पार्षद जय कौशिक, सोनिया सूद, सुनीत सिंगला, रितु गोयल, सुरेश वर्मा, सोनू बिडला, सुशील गर्ग, गुरमेल कौर, ओमवती पुनिया, गौतम प्रसाद, अरविंद जाखड़, आर.के जैन, चीफ सेनिट्री इंस्पेक्टर अविनाश सिंगला, एक्सईएन प्रमोद कुमार व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राजकीय योग शिक्षण महाविद्यालय ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़ 15 अगस्त। राजकीय योग शिक्षण व स्वास्थ्य महाविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र ध्वज को महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सपना नंदा ने फहराया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने परिवार सहित, नियमित योगाभ्यासियों व छात्रा-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के डॉ. गुणनिधि शर्मा की अगुवाई में छात्र-छात्राओं द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में देश भक्ति के गीत संगीत व भाषण प्रस्तुति देते हुए शहीदों को याद किया गया। महाविद्यालय की बीएड की छात्राओं; कुमारी मनीषा व सीमा ने संगीतमय योग का प्रदर्शन किया। निशु, दीक्षा, गुलजहां व अनु कुमारी ने संगीतमय नृत्य की प्रस्तुति दी।

डॉ. नंदा ने योगाभ्यासियों, कर्मचारियों व युवा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत सरकार द्वारा अवरोही क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला को संक्षिप्त में बताते हुए इसी को समर्पित महाविद्यालय के कार्यक्रमों की जानकारी दी व बधाई कही। मंच संचालक श्री कुलवंत सिंह ने देश भक्ति गीतों का गायन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव उप्पल वृष्ठ योग शिक्षक ने सभी का धन्यवाद किया।

Breezalit

ONLY TO BRING OUT,
THE LARGEST EVER RANGE OF
DECORATIVE FANS

ELECTRIC CITY
426-A, Ind. Area,
Ph-II, Chandigarh.
P.: 4640426, 9888012838

SCO No. 26, Sector-26 Madhya Marg
Chandigarh
P.: 4630426, 9814016237
E-mail: amritelectricals@gmail.com
www.amritelectricals.com

चंडीगढ़ के गार्बेज प्लांट में मनाया स्वतन्त्रता दिवस

चंडीगढ़ (अप्रस)। चंडीगढ़ के ग्रीन टेक गार्बेज प्रोसेसिंग प्लांट में स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद प्लांट के कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए प्लांट के निदेशक आरडी शर्मा ने कहा कि ए.एस. टेक्नो ग्रीन प्राईवेट लिमिटिड ने हाल ही में प्लांट का प्रबंधन चंडीगढ़ नगर निगम से लिया है। उनका कहना था कि लम्बे समय से बंद पड़े प्लांट की मशीनों की मरम्मत के बाद आगामी दो माह में प्लांट को पूरी तरह से कारगर कर दिया जायेगा । इस अवसर पर प्लांट के प्रबंधक निदेशक हरिओम शर्मा व एसएस ग्रेवाल भी उपस्थित थे।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)